www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 5 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –141 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23




शिक्षक दिवस व हल षष्टी आज

■ संसद का विशेष सत्र या संसदीय व्यवस्था से सनकी खिलवाड़
■ विपक्ष पर हावी होने की रणनीति अपना रहे प्रधानमंत्री मोदी
पृष्ठ 6

■ चीनी राष्ट्रपति के जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने पर बाइडेन निराश
■ नासा का स्पेसएक्स क्रू-6 पृथ्वी पर लौटा
पृष्ठ 7

भारत की पुरुष टीम हॉकी 5 विश्व कप 2024 में पूल बी में, महिला टीम पूल सी
पृष्ठ 8

# कांग्रेस ने घोषित की चुनाव समिति

## मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया, राहुल व सिंहदेव सहित 16 नेताओं को जगह

**नई दिल्ली**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनाव और उससे पहले कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस ने अपनी चुनाव समिति की घोषणा की है, जिसमें 16 नेताओं के नाम शामिल हैं। कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। मुंबई में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी दलों ने एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया था।



**इन नेताओं को मिली जगह**– कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा इस समिति में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अम्बिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, टी एस सिंह देव, के जे जियोग्रे, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अमी याज्ञनिक, पीएल पुनिया, ओंकार मरकाम और के सी वेणुगोपाल शामिल हैं।

■ संसद के विशेष सत्र को लेकर आज रणनीति बनाएगी पार्टी

**10 जनपथ पर संसदीय दल की बैठक**

कांग्रेस ने केंद्र की ओर से बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को लेकर रणनीति बनाने के लिए भी बैठक बुलाई है।

कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने दिन में बताया था कि 18-22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र से पहले पार्टी मंगलवार शाम 5 बजे नई दिल्ली में 10 जनपथ पर संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेगी।

**खड़गे विपक्षी दलों के साथ करेंगे बैठक**

इसके बाद रात 8 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने आवास पर समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों की बैठक भी करेंगे। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि नेता आगामी सत्र की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### 16 को हैदराबाद में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

पांच दिन के संसद के विशेष सत्र से ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक 16 सितम्बर को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बुलाई है। वहीं अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक भी होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। इसके अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई है। इसमें सीडब्ल्यूसी के सदस्यों के अलावा सभी राज्यों के कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल होंगे। उन्होंने कहाकि 17 सितम्बर की शाम को हैदराबाद के पास ही एक रैली आयोजित की जाएगी।

### एस्मा लगाने के बावजूद हड़ताल

# 3000 से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों पर निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई

## 40 हजार कर्मचारी दे रहे इस्तीफा

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एस्मा लगाने के बावजूद हड़ताल कर बैठे 3000 से अधिक आंदोलनरत स्वास्थ्यकर्मियों पर की गई निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है। वहीं स्वास्थ्यकर्मियों के समर्थन में स्वास्थ्य संयोजक संघ के बैनर तले आज प्रदेश के 40 हजार कर्मचारी एक साथ इस्तीफा दे रहे है।

स्वास्थ्य संयोजक संघ के अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि आज प्रदेश के 40 हजार कर्मचारी एक साथ इस्तीफा दे रहे हैं। डराने के जो हमारे साथियों को निलंबित किया जा रहा है बर्खास्त किया जा रहा है इससे हम नहीं डरते। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी का बर्खास्त एवं निलंबित एफआईआर होने वाले की सूची जिसमें नर्सिंग कैडर और डॉक्टर शामिल हैं।

**स्वास्थ्यकर्मियों पर की गई कार्रवाई के आंकड़े–**

जगदलपुर से 296 बर्खास्त, कांकेर से 568 बर्खास्त, बलोदाबाजार से 265 बर्खास्त, बिलासपुर से 205 बर्खास्त, कबीरधाम से 181 बर्खास्त, बेमेतरा से 91 बर्खास्त, दुर्ग से 205 निलंबन, मनेंद्रगढ़ से 10 बर्खास्त, गौरेला कर्मी पेंड्रा मरवाही से 79 बर्खास्त, रायगढ़ से 283 बर्खास्त, महासमुंद से 72 निलंबन, कवर्धा से 161 बर्खास्त, कोरबा से 337 पर एफआईआर, जांजगीर से 232 निलंबन, सरगुजा संभाग से 42 स्ह निलंबन, कोंडागांव से 10 बर्खास्त, कोरिया 84 बर्खास्त, एमसीबी से 10 बर्खास्त, गरियाबंद से 20 बर्खास्त। इस तरह से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अब तक 3251 पर कार्रवाई हो चुकी है। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्यकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्यकर्मी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में पिछले 15 दिनों से राज्य स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। जिसमें दस अलग-अलग संगठन के 40 हजार से ज्यादा स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल का बहिष्कार किया है। वहीं प्रदेश के 3 हजार से अधिक आंदोलनरत स्वास्थ्यकर्मियों पर संभागीय संयुक्त संचालक, मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी और जिला कलेक्टरों के जरिये निलंबन और बर्खास्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

### टीचर पोस्टिंग संशोधन घोटाले में सरकार का एक्शन

## 2000 से ज्यादा शिक्षकों की पोस्टिंग निरस्त

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने टीचर पोस्टिंग संशोधन घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। 2 हजार से ज्यादा शिक्षकों की पोस्टिंग रद्द कर दी गई है। रायपुर संभाग से 543 , बिलासपुर संभाग से 799, दुर्ग संभाग से 437, सरगुजा से 385 एवं बस्तर से 558 संशोधन आदेश को निरस्त किए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय से जारी हुआ आदेश

तय सिस्टम को दरकिनार कर अधिकारियों ने अपना नया सिस्टम बना लिया था, जिसके बाद अब सरकार ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए 2 हजार से ज्यादा ट्रांसफर-पोस्टिंग रद्द कर दी है। इससे पहले इस मामले में राज्य के 11 अधिकारियों को भी निलंबित किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि सरकार ने पोस्टिंग रद्द करने के लिए 7 पन्नों का ऐसा आदेश तैयार किया है, जिससे शिक्षकों के लिए कानूनी राहत की गुंजाइश कम रह जाएगी। आदेश में पूरा विवरण लिखा गया है कि अधिकार न होने और तबादलों पर रोक के बावजूद संयुक्त निदेशकों ने कैसे तबादले कर दिए। कई अफसरों को निलंबित किया जा चुका है।

### सार संक्षेप

**राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस व हलषष्ठी की दी शुभकामनाएं**

**रायपुर**। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों व प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। वहीं सभी माताओं को हलषष्ठी (कमरछट) की भी शुभकामनाएं दी हैं।

**2 दिन बाद सोनिया को अस्पताल से मिली छुट्टी**

**नई दिल्ली**। हल्के बुखार के कारण पिछले दो दिनों से सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को सोमवार को छुट्टी दे दी गई। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र की रणनीति पर चर्चा के लिए सोनिया गांधी मंगलवार को अपने आवास पर सीपीपी संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेंगी।

**जम्मू-कश्मीर के रियासी में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर**

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के चसाना के तुली इलाके में गली सोहब में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच चल रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सेना द्वारा चलाया जा रहा यह एक संयुक्त अभियान है।

**अगले 5 दिनों तक छत्तीसगढ़ में सक्रिय रहेगा मानसून**

**नई दिल्ली**। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान प्रायद्वीपीय भारत, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में सक्रिय मानसून की स्थिति जारी रहने की संभावना है, वहीं मध्य प्रदेश में मंगलवार से शुक्रवार के दौरान और गुजरात में गुरुवार और शुक्रवार को भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वी भारत में मौसम का पूर्वानुमान हल्की से व्यापक वर्षा की संभावना का संकेत देता है।

**जी-20 सम्मेलन: दवाओं के अलावा अन्य डिलीवरी सेवाएं बंद रहेंगी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को दिल्ली पुलिस ने साफ किया कि शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में दवाओं को छोड़कर सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर रोक रहेगी। जी20 को लेकर पुलिस द्वारा जारी यातायात परामर्श में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# मुख्यमंत्री आज जीर्णोद्धार किए गए 8152 स्कूल भवनों का करेंगे लोकार्पण

### 1500 नवनियुक्त शिक्षकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अभिनव योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। इसी कड़ी में जर्जर स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार के लिये प्रदेश में 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' प्रारंभ करने के साथ-साथ बड़ी संख्या में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति भी की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2003 से लेकर वर्ष 2018 तक स्कूल भवनों में मरम्मत, आहाता निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण आदि के लिये कम राशि का प्रावधान बजट में प्रावधान था। वर्ष 2018-2019 के बजट तक यह राशि बढ़ाकर केवल 150 करोड़ रुपए की गई। इतनी कम राशि होने के कारण स्कूल भवन जर्जर होते चले गये। बच्चे ऐसे ही जर्जर भवनों में पढ़ाई करने के लिये मजबूर थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्देश दिए कि सभी जर्जर और मरम्मत योग्य स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार तत्काल किया जाए। उन्होंने मार्च 2023 में इसके लिये 1000 करोड़ रुपए की मंजूरी की घोषणा की और यह भी कहा कि यदि इससे अधिक राशि की आवश्यकता होगी तो वह राशि भी प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर पूरे राज्य में 1037 करोड़ रुपए की लागत से स्कूल भवनों की मरम्मत के 21 हजार 564 कार्यों तथा 1096.66 करोड़ रुपये की लागत से 7 हजार 598 अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत कुल 29 हजार 162 कार्यों हेतु 2133.66 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करके कार्य प्रारंभ किये गये। स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार की यह अब तक की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना है। इनमें से 7 हजार 688 मरम्मत कार्य एवं 464 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और 5 सितंबर शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 8 हजार 152 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एडिटर्स गिल्ड के खिलाफ कराई एफआईआर

**इंफाल**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। गिल्ड पर राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश का आरोप है। इसने एक रिपोर्ट में सरकार की लीडरशिप को पक्षपाती बताया था। बीरेन सिंह ने गिल्ड के तीन सदस्यों पर मामला दर्ज कराया है। इन तीनों के नाम सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर हैं। इस मामले में एडिटर्स गिल्ड की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है।

# कांग्रेस मनाएगी 'भारत जोड़ो यात्रा' की वर्षगांठ

**नई दिल्ली**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह पैदा हुआ है और इस यात्रा की पहली सालगिरह पर पार्टी सात सितंबर को देशभर में जिला स्तर पर 722 पदयात्राएं आयोजित करेगी जिसमें सभी बड़े नेता हिस्सा लेंगे। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले साल सात सितम्बर को पार्टी नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरु की। देश में किसी भी राजनेता द्वारा की गई यह अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। श्री गांधी की 4081 किलोमीटर लम्बी यह यात्रा 136 दिन तक चली जो 12 राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों और 76 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से होते हुए जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' में श्री गांधी ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क किया। इस दौरान असंख्य लोगों ने उनसे मुलाकात की और अपनी समस्याएं उनको बताई। कांग्रेस नेता ने यात्रा में बच्चों से लेकर महिलाओं और बुजुर्गों से बातचीत की और विभिन्न वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनी। उनका कहना था कि यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सौ से अधिक संगठनों और समूहों के लोगों से बातचीत की। इस दौरान 100 से ज्यादा बैठकें हुई और 13 विशाल जनसभाओं को उन्होंने संबोधित किया।

**722 पदयात्राएं होंगी**

### राहुल 10 को नीदरलैंड के विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जो 7 से 11 सितंबर तक तीन यूरोपीय देशों की अपनी यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तैयार हैं, 10 सितंबर को नीदरलैंड के लीडेन विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, राहुल गांधी 'दुनिया में भारत' विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

## रायपुर में जुबेस्ता हॉस्पिटल के संचालक के घर ईडी का छापा

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में ईडी लगातार अपना शिकंजा कसने में लगी हुई है। प्रदेश के अधिकारियों और कारोबारी के ठिकानों पर रेड मार रही है। इस बार ईडी की टीम ने हॉस्पिटल संचालक के यहां छापा मारा है। देवेंद्रनगर स्थित जुबेस्ता अस्पताल और उसके संचालक डॉ. एआर दल्ला के घर पर दबिश दी।




■ सीआरपीएफ जवानों के साथ पहुंची टीम

सीआरपीएफ फोर्स के साथ ईडी की टीम घर में घुसी और परिवार के सभी सदस्यों के फोन जब्त कर लिए। हालांकि इस जांच की देर रात तक अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान कैश और जेवर मिले हैं। इसके अलावा कई दस्तावेज भी ईडी की टीम ने जब्त किए हैं। डॉ दल्ला के निवास के सामने ही उनका अस्पताल भी संचालित है।

मिली जानकारी के अनुसार सट्टेबाजी में मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला की जांच के दौरान ईडी को डॉ. दल्ला का लिंक मिला है। इसके बाद टीम जांच के लिए अस्पताल और घर पहुंची है। उनके हवाला कनेक्शन की भी जांच जारी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अडानी-हिंडनबर्ग मामला

## सुप्रीम कोर्ट 15 को सेबी के स्टेटस रिपोर्ट पर करेगा विचार

नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट अडानी-हिंडनबर्ग मामले में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा दायर ताजा स्टेटस रिपोर्ट पर 15 सितंबर को विचार करेगा। शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष 15 सितंबर को सुनवाई की संभावना है। 25 अगस्त को, बाजार नियामक ने एक ताजा स्टेटस रिपोर्ट में कहा कि उसने शीर्ष अदालत के आदेशों के अनुपालन में 24 मामलों की जांच की, और कहा कि सेबी अडानी-हिंडनबर्ग मामले में जांच के नतीजे के आधार पर उचित कार्रवाई करेगी। सेबी के कार्यकारी निदेशक वी.एस. सुंदरेसन द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया, उक्त 24 जांचों में से 22 अंतिम प्रकृति की हैं और 2 अंतरिम प्रकृति की हैं। आज की तारीख में, उक्त

### अधीर रंजन ने कमेटी से अलग होने पर दी सफाई

## शामिल करने की मंत्री नहीं, बाबू ने दी थी सूचना

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नईदिल्ली**, 4 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'एक देश, एक चुनाव' के लिए गठित केंद्र सरकार की कमेटी से खुद को अलग रखने के अपने फैसले पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि कमेटी में शामिल करने की सूचना उन्हें किसी मंत्री ने नहीं बल्कि एक बाबू ने दी थी, वह भी देर रात 11 बजे के बाद फोन आया था। उल्लेखनीय है कि 'एक देश एक चुनाव' के लिए केंद्र द्वारा गठित आठ सदस्यीय कमेटी में अधीर रंजन को भी शामिल किया गया था। लेकिन चौधरी ने खुद को इस कमेटी से अलग करने की घोषणा कर दी है। यद्यपि सरकार की ओर कहा गया है कि उन्होंने पहले कमेटी में शामिल होने की रजामंदी दी थी। इसी के बाद अधीर रंजन ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहाकि 31 अगस्त की रात 11 बजे प्रधानमंत्री के निजी सचिव पीके मिश्र ने उनके कार्यालय में फोन किया था। उन्होंने कहा कि सरकार एक देश एक चुनाव को लेकर कमेटी बनाने जा रही है, जिसमें उन्हें शामिल करना चाहती है। चौधरी ने बताया कि उन्होंने उनसे पहले कमेटी से जुड़े सभी कागजात मांगे थे। ताकि उसे देखकर फैसला लिया जा सके। शनिवार को एक देश एक चुनाव को लेकर को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में बनी आठ सदस्यीय कमेटी के सदस्यों के नाम का ऐलान किया गया था। इसमें गृहमंत्री अमित शाह के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी को सदस्य बनाया गया है।



### वेतन रोकने का मामला

## उच्च शिक्षा विभाग के संचालक को हाईकोर्ट का नोटिस

**बिलासपुर/रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानांतरण के बाद सहायक प्राध्यापक को 9 महीने के भीतर दोबारा नई जगह पर पदस्थ करने का आदेश जारी कर वेतन रोकने के मामले में संचालक उच्च शिक्षा को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के लिए कहां है।

सहायक प्राध्यापक वंदना रानी खाखा ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक ने 30 सितंबर 2022 को उनका शासकीय महाविद्यालय मरवाही से बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में स्थानांतरण किया। साथ ही बिलासपुर के इसी महाविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार दीवान को मरवाही स्थानांतरित किया। दोनों ने आदेश का पालन करते हुए अपना-अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस बीच 2 जनवरी 2023 ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### खुलासा

### एडीआर ने जारी की रिपोर्ट से जानकारी आई सामने- एक साल में 1531 करोड़ बढ़ी संपत्ति, भारतीय जनता पार्टी है सबसे अमीर दल

# कोरोना काल में लोग गरीब हुए, राजनीतिक दल अमीर

**नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में भले ही कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन के बाद रोजगार जाने या फिर फिर वेतन में कटौती के चलते लोगों की आय घटी हो, लेकिन इसी अवधि के दौरान देश के 8 प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों की संपत्ति में जोरदार उछाल देखने को मिली है।**

*2020-21 में इन 8 राजनीतिक दलों की संपत्ति 7297.618 करोड़ रुपए थी जो अगले ही वर्ष 2021-22 में बढ़कर 8829.158 करोड़ रुपये पर जा पहुंची। यानि केवल एक वर्ष में इन दलों की संपत्ति में 21 फीसदी के करीब बढ़ गई। चुनाव सुधारों को लेकर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रैटिक रिफॉर्म्स ने ये आंकड़े जारी किए हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में 2020-21 और 2021-22 के दौरान 8 राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संपत्ति और देनदारी की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट जारी की है। इन 8 राजनीतिक दलों में बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी, बीएसपी, सीपीआई, सीपीआईएम, टीएमसी और एनपीईपी शामिल है।*




***भाजपा की 6046.81 करोड़ है संपत्ति***

*एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 2020-21 में भजपा ने कुल 4990.195 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो एक वर्ष बाद 2021-22 में 21.7 फीसदी के उछाल के साथ 6046.81 करोड़ रुपए हो गई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2020-21 में 691.11 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो 2021-22 में 16.58 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 805.68 करोड़ रुपए हो गई।*

***बीएसपी की संपत्ति में आई गिरावट***

*एडीआर के रिपोर्ट के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी एक मात्र राष्ट्रीय दल है जिसकी संपत्ति में इस दौरान गिरावट देखने को मिली है। 2020-21 में बीएसपी की कुल संपत्ति 732.79 करोड़ रुपए थी जो 2021-22 में घटकर 690.71 करोड़ रुपए हो गई। टीएमसी की संपत्ति 2020-21 में 182.001 करोड़ रुपए थी जो 2021-22 में 151.70 फीसदी के उछाल के साथ 458.10 करोड़ रुपए हो गई।*

# देश

**उवाच**

"ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की चीज नहीं है अपराधी जो चाहे, जहां कर रहे हैं। योगी पिछले सात सालों से दावा कर रहे हैं कि अपराधी उप्र छोड़कर भाग गए हैं, तो क्या जो अब अपराध हो रहा है, वह भाजपा के लोग कर रहे हैं या उन्हें सरकार का संरक्षण मिला हुआ है।"

–अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 26.0 |

# गांधीजी के दिखाए रास्ते से ही हासिल होगी विश्व शांति : मुर्मू

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को देश के नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और बच्चों से महात्मा गांधीजी के बारे में अधिक से अधिक पढ़ने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते से विश्व शांति के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि

- राष्ट्रपति ने युवाओं से की गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील
- राष्ट्रपति ने गांधी दर्शन में गांधीजी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

गांधीजी के आदर्श और मूल्य हमारे देश एवं समाज के लिए बहुत प्रासंगिक हैं तथा उनका मार्ग ही विश्व-कल्याण और विश्व-शांति का मार्ग है। राष्ट्रपति ने यहां गांधी दर्शन में गांधीजी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया और परिसर में गांधी वाटिका का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बात पर बल दिया कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर विश्व शांति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीजी ने सार्वजनिक और व्यक्तिगत जीवन में पवित्रता पर बहुत बल दिया। उनका मानना था कि नैतिक शक्ति के आधार पर ही अहिंसा के माध्यम से हिंसा का सामना किया जा सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि आत्मविश्वास के बिना, प्रतिकूल



गांधीजी के आदर्श व मूल्य देश व समाज के लिए बहुत प्रासंगिक : द्रौपदी मुर्मू

परिस्थितियों में दृढ़ता के साथ कार्य नहीं किया जा सकता है। आज की तेजी से बदलती और प्रतिस्पर्धी दुनिया में, आत्मविश्वास और संयम की बहुत आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और बच्चों से आग्रह से गांधीजी के बारे में अधिक से अधिक पढ़ने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि इस संबंध में गांधी स्मृति, दर्शन समिति तथा ऐसी अन्य संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीवादी संस्थाएं पुस्तकों, फिल्मों, संगोष्ठियों, कार्टूनों और अन्य संचार माध्यमों के जरिए युवाओं और बच्चों को गांधीजी के जीवन की शिक्षाओं के बारे में अधिक जागरूक कर सकती हैं और गांधीजी के सपनों के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। मुर्मू ने कहा कि महात्मा गांधी संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए वरदान स्वरूप हैं। उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों ने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने अहिंसा का मार्ग उस समय दिखाया जब विश्व-युद्धों के कालखंड के दौरान दुनिया घृणा और द्वेष से ग्रसित थी। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के साथ गांधीजी के प्रयोग ने उन्हें एक महामानव का दर्जा दिया। राष्ट्रपति ने बताया कि उनकी प्रतिमाएं कई देशों में स्थापित हैं और दुनिया भर के लोग उनके आदर्शों में विश्वास करते हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जूनियर और बराक ओबामा का उदाहरण देते हुए कहा कि कई महान नेताओं ने गांधीजी द्वारा दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व कल्याण का मार्ग माना।

### आयुष्मान भव अभियान का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति

राष्ट्रपति 13 सितम्बर को आयुष्मान भव अभियान को भी लॉन्च करेंगी, ताकि सभी स्वास्थ्य योजनाओं का वितरण अंतिम छोर तक के लाभार्थियों को सुनिश्चित किया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा सभी कैबिनेट मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को लिखे गए एक पत्र के मुताबिक, इस अभियान को 17 सितम्बर से दो अक्तूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान पेश किया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्य सेवा पहुंच और जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है।

## अरुणाचल विधानसभा में तीन विधेयक पेश

**ईटानगर,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में सोमवार को चार दिवसीय मानसून सत्र के पहले दिन राज्य सरकार ने तीन प्रमुख विधेयक पेश किए। मुख्यमंत्री पेमा खांडू, जो राज्य के कानून, विधायी और न्याय के प्रभारी मंत्री भी हैं, ने अरुणाचल प्रदेश कोर्ट फीस बिल, 2023 पेश किया जिससे अदालत शुल्क पर राज्य अपना कानून बना सके।



वर्तमान में, न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1870, जो स्वतंत्रता से पहले का कानून है, का पालन अरुणाचल प्रदेश के सभी न्यायालयों द्वारा असम न्यायालय शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 1972 के अनुसार किया जाता है, क्योंकि राज्य का अपना उच्च न्यायालय नहीं है।

भारत सरकार द्वारा न्यायालय शुल्क अधिनियम, 1870 निरस्त करने के बाद, अरुणाचल प्रदेश के पास राज्य के विभिन्न न्यायालयों में कार्यान्वित किए जाने के लिए कोई अधिनियम नहीं बचेगा। इसके अलावा, न्यायालय शुल्क अधिनियम के अधिनियमित होने से राज्य सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है। नगर नियोजन मंत्री कामलुंग मोसांग ने विधानसभा में एक अन्य महत्वपूर्ण विधेयक अरुणाचल प्रदेश हवाई अड्डा क्षेत्र, योजना एवं विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 पेश किया, जिसमें हवाई अड्डा क्षेत्रों में किए जाने वाले विकास कार्यों की निगरानी के लिए एपी एयरपोर्ट एरिया प्लानिंग एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के गठन की परिकल्पना की गई है। उपमुख्यमंत्री तथा कर, आबकारी और नारकोटिक्स के प्रभारी मंत्री चोवना मेन ने अरुणाचल प्रदेश वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किया।

# जनरल डायर की मानसिकता से काम कर रही महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई,**4 सितम्बर (एजेंसियां)। उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने मराठा आरक्षण हिंसा को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार जनरल डायर की मानसिकता से काम कर रहे हैं।

- मराठा आरक्षण हिंसा को लेकर सरकार पर साधा निशाना



प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया : संजय राउत

उन्होंने पूछा कि जालना जिले में शांतिपूर्वक भूख हड़ताल पर बैठे मराठा प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और गोलीबारी का आदेश दिया था। राउत ने कहा कि पुलिस कभी भी आदेश बिना मिले लाठीचार्ज और गोली नहीं चलाएगी। ऐसे में सवाल उठता है कि शीर्ष अधिकारियों के आदेश के बिना मुख्यमंत्री और राज्य के गृह मंत्री के कार्यालय से किसने फोन किया था। हम जानना चाहते हैं कि फोन कॉल पर ये आदेश किसने दिए। गौरतलब है, अप्रैल 1919 में बैसाखी त्योहार के दौरान अमृतसर के जलियांवाला बाग में नरसंहार हुआ था, जब कर्नल रेजिनाल्ड डायर की कमान के तहत ब्रिटिश भारतीय सेना ने स्वतंत्रता-समर्थक प्रदर्शन कर रही भीड़ पर गोलियां चला दी थीं, जिसमें कई लोग मारे गए थे। गौरतलब है, मनोज जारांगे के नेतृत्व में आंदोलनकारी मंगलवार से गांव में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे। राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय के लिए राज्य सरकार की ओर से दिए गए आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट पहले ही रद्द कर चुका है।

### कांग्रेस ने की महाराष्ट्र विस के विशेष सत्र की मांग

महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने जालना में पिछले सात दिनों से चल रहे मराठा समुदाय के आंदोलन का हवाला देते हुए सोमवार को मराठा समुदाय के लिए आरक्षण पर चर्चा करने और उसे अंतिम रूप देने के लिए राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग की। वडेट्टीवार ने कहा कि राज्य सरकार को मराठा आरक्षण पर स्थायी रूप से विचार करने और उसे अंतिम रूप देने के लिए विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए। इस बीच मराठा समूहों ने जालना, औरंगाबाद, सोलापुर, पुणे, बीड और अन्य जिलों में बंद का आह्वान किया है और पुलिस ने सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में ड्रग तस्कर के दो बैंक खाते फ्रीज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बांदीपोरा जिले में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक कुख्यात ड्रग तस्कर के दो बैंक खाते फ्रीज किए। पुलिस ने कहा कि अशाम हाजिन निवासी इराहाद अहमद नामक कुख्यात ड्रग तस्कर के तीन लाख से अधिक रुपए की बचत वाले दो बैंक खाते एनडीपीएस अधिनियम के तहत फ्रीज कर दिए गए हैं। आरोपी का एक ऑटो लोड कैरियर भी जब्त कर लिया गया, जिसकी कीमत करीब 32 हजार रुपए है। बांदीपोरा पुलिस ने कहा कि जब्त राशि नशीली दवाओं की बिक्री के माध्यम से अवैध रूप से अर्जित की गई थी।

### दादाभाई नौरोजी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** महान स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दादाभाई नौरोजी की 198वीं जयंती पर उन्हें संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और कई संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने दादाभाई नौरोजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह भी शामिल थे।

### त्रिपुरा में पुलिस लॉकअप से भागा कैदी

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर थाना के लॉकअप में तीन दिन से पुलिस रिमांड में सजा काट रहा एक विचाराधीन कैदी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। कैलाशहर के लक्ष्मीपुर पंचायत क्षेत्र के आरोपी अचब अली की तलाश के लिए पुलिस ने पहले ही तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार सुबह उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। अदालत ने उसे तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

### मप्र के मंडला व श्योपुर में शाह का दौरा आज

**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मप्र के मंडला और श्योपुर में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वे दोनों स्थानों पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाह मंगलवार सुबह 11.40 बजे जबलपुर विमानतल पर पहुंचेंगे। वे वहां से रवाना होकर 12.20 बजे मंडला पहुंचेंगे। शाह दोपहर 12.25 बजे जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ कर जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह 4.40 बजे श्योपुर पहुंचकर जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे एवं जनसभा को संबोधित करेंगे।

## केसीआर ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को दी बधाई

**हैदराबाद,**4 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस (पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती) के अवसर पर मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने शिक्षकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों में अनुशासन और ज्ञान विकसित करने, उन्हें लक्ष्य की स्पष्ट समझ देने और उन्हें योग्य बनाने में शिक्षकों की भूमिका अमूल्य है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि मातृदेवोभव: पितृदेवोभव: आचार्यदेवोभव: का भाव माता-पिता के बाद शिक्षक की प्राथमिकता को बताता है। केसीआर ने कहा कि तेलंगाना सरकार छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों और छात्रों के कल्याण और विकास के लिए प्रभावी गतिविधियों को लागू कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना ने शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में देश के लिए एक मिसाल कायम की है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके भावी पीढ़ी को सक्षम बनाने में सबसे आगे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की जा रही योजनाओं के लगातार अच्छे परिणाम आ रहे हैं। तेलंगाना सरकार की नीतियों से आज सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र पढ़ाई और खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम दुनिया भर में फैला रहे हैं।



### कमलनाथ ने शिवराज पर साधा निशाना, कहा

# सरकारी खर्चे पर कर रहे अपनी पार्टी का प्रचार

**भोपाल,**4 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले आरोप-प्रत्यारोप की सियासत जोरों पर है। अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने सीएम को घोषणा मशीन बताया है और कहा है कि वे सरकारी खर्च पर अपनी पार्टी का प्रचार कर रहे हैं। जनता सब देख रही है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सोमवार को छिंदवाड़ा दौरे पर पहुंचे थे। उनके इस दौर में सांसद नकुलनाथ भी साथ में हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीएम शिवराज सिंह चौहान घोषणा की मशीन बन गए हैं और ये मशीन दुगनी स्पीड पर चल रही है। ये कितना फायदा उठा रहे हैं, सरकारी कर्मचारी, सरकारी खर्च राजनीतिक उपयोग के लिए। ये आज हालात हैं। शासकीय पैसे से ये अपनी राजनीति कर रहे हैं। वन नेशन के मुद्दे पर कमलनाथ ने कहा कि वे लागू करें, लेकिन उन्हें संविधान का पालन करना पड़ेगा।

**चयनित पटवारियों पर दर्ज मुकदमे कांग्रेस सरकार में होंगे वापस**

मप्र में पटवारी भर्ती परीक्षा में पास अभ्यर्थियों के साथ पुलिस के कथित दुर्व्यवहार के आरोपों के एक दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि सरकार का ये व्यवहार चोरी और सीनाजोरी का उदाहरण है और कांग्रेस की सरकार बनने पर चयनित पटवारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे। कमलनाथ ने एक्स किया, भोपाल में गत दिनों जिस तरह चयनित पटवारियों को पुलिस से पिटवाया और फिर उनमें से बहुतों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दिया, वह सरासर चोरी और सीनाजोरी है। पटवारी भर्ती परीक्षा में जिस कॉलेज में सबसे ज्यादा



घोषणा की मशीन बन गए हैं शिवराज चौहान : कमलनाथ

धांधली हुई वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़े विधायक का है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले में सत्ता से जुड़े अन्य लोग भी संदिग्ध हैं, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई करने की जगह योग्यता के बल पर परीक्षा पास करने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। अगर मौजूदा सरकार पटवारियों के खिलाफ मुकदमे वापस नहीं लेती तो कांग्रेस सरकार में ये मुकदमे वापस लिए जाएंगे। राजधानी में कल प्रदेश भर से चयनित पटवारी भर्ती दिए जाने की मांग को लेकर जुटे थे। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थितियों से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

आरोप है कि इसी बीच पुलिस ने चयनित पटवारियों के साथ बल प्रयोग किया। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश विस चुनाव 2023 के लिए स्क्रीनिंग कमेटी में सोमवार को प्रदेश के तीन नेताओं को शामिल किया है। इस कमेटी में पूर्व मंत्री अरुण यादव, सुरेश पचौरी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का नाम जोड़ा गया है। बता दें रविवार को प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से प्रदेश चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह ने अलग-अलग चर्चा की थी। इसमें स्क्रीनिंग कमेटी में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को जगह नहीं मिलने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई थी। इसके बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद सोमवार को प्रदेश के तीनों नेताओं के नाम स्क्रीनिंग कमेटी जोड़ कर विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

### भोपाल पहुंचा निर्वाचन आयोग का दल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग का दल आज राजधानी भोपाल पहुंचा। दल में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण कुमार पांडे और अरुण गोयल शामिल हैं। आयोग का दल तीन दिवसीय प्रवास के दौरान भोपाल में तैयारियों की समीक्षा करेगा। इस दौरान दल के सदस्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात करेंगे।

# झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में सरकार

**रांची,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड सरकार एक बार फिर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहती है। वह तीन ऐसे विधेयकों को दोबारा पारित कराना चाहती है, जिन्हें राज्यपाल ने लौटा दिया था। ये विधेयक एंटी मॉब लिंचिंग, डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने से संबंधित हैं। ये तीनों मुद्दे राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र से जुड़े हैं। सनद रहे कि डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण संबंधित विधेयक पिछले साल विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र आहूत कर पारित कराए गए थे, लेकिन इन्हें राजभवन ने अनुमोदित किए बगैर वापस लौटा दिया। राजभवन के इस कदम से सरकार को झटका लगा। हेमंत सोरेन ने कई बार कहा है कि उनकी सरकार इन मुद्दों पर अडिग है। झारखंड के लोगों के अधिकारों की हिफाजत के लिए 1932 के खतियान के आधार पर राज्य की स्थानीयता नीति जरूरी है। सरकार चाहती है कि राज्यपाल की ओर से लौटाए गए इन विधेयकों को या तो हूबहू या फिर विधि विशेषज्ञों की राय के अनुसार आंशिक तब्दीली के साथ दोबारा पारित कराया जाए।

- सरकार दोबारा पारित कराना चाहती है चुनावी घोषणापत्र से जुड़े तीन बिल



### राज्यपाल से विधेयकों को नोटिंग के साथ लौटाने का आग्रह

सरकार का कहना है कि राज्यपाल ने डोमिसाईल पॉलिसी और आरक्षण संबंधित विधेयक लौटाते हुए कोई संदेश (नोटिंग) नहीं दिया है। यह नोटिंग जरूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर दोबारा विधेयक पारित कराए जा सकेंगे। इस मुद्दे को लेकर रविवार को राज्य सरकार की ओर से बनाई गई समन्वय समिति के सदस्यों ने राजभवन पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि वे विधेयकों को नोटिंग के साथ लौटाएं।

## सेना प्रमुख ने कश्मीर घाटी में एलओसी का लिया जायजा

**श्रीनगर,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने कश्मीर घाटी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर परिचालन तैयारियों का आकलन करने के लिए सोमवार को अग्रिम इलाकों का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि जनरल पांडे ने कश्मीर घाटी में नियंत्रण रेखा पर स्थित इलाकों में सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए दौरा किया। जनरल पांडे को ऑन-ग्राउंड कमांडरों ने ऑपरेशनल तैयारियों और कश्मीर में एलओसी पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। सीओएएस ने कश्मीर घाटी में नियंत्रण रेखा पर प्रभावी नियंत्रण और परिचालन तैयारियों की सराहना की।



# बंगाल विधानसभा में राज्यपाल के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है तृणमूल

**कोलकाता,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच खींचतान और बढ़ने की आशंका है क्योंकि तृणमूल कांग्रेस राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के कामकाज के खिलाफ विस्तारित मानसून सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधानसभा में एक विशेष प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। यह संभावित निर्णय सोमवार सुबह राजभवन द्वारा उन 16 राज्य विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के राज्यपाल के फैसले की घोषणा के बाद आया है, जो पिछले कुछ समय से बिना कार्यात्मक प्रमुख के चल रहे थे। इससे पहले गवर्नर हाउस ने रविवार को एक और अधिसूचना जारी की थी जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार या राज्य शिक्षा विभाग का कोई भी निर्देश किसी भी राज्य विवि के किसी भी संकाय या गैर-संकाय कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी नहीं है। राज्यपाल की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए एक विशेष प्रस्ताव लाने का संकेत देते हुए शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लिया जाएगा।

- बोस ने 16 राज्य विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपति किए नियुक्त



बोस के पूर्ववर्ती और वर्तमान भारतीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के दौरान भी, सत्तारूढ़ दल ने उनके खिलाफ इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया था। इस बीच, भाजपा के एक विधायक ने कहा कि जब जुलाई में विधानसभा का मानसून सत्र फिर से शुरू हुआ था, तब सत्ता पक्ष ने इसी तरह का संकेत दिया था कि राज्यपाल के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है।


**चिंता** *आतंकवाद ही नहीं आग की घटनाओं से जूझ रहा है कश्मीर*

# 19 माह में 38 की मौत, करोड़ों की संपत्ति का हुआ नुकसान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,4 सितम्बर (देशबन्धु)।** यह कश्मीरियों की बदनसीबी ही कही जा सकती है आतंकवाद व जंगली जानवरों के हमलों के अतिरिक्त आग की घटनाएं भी उन्हें परेशान किए हुए हैं जो कश्मीरी में तबाही मचा रही हैं। यह इससे भी साबित होता था कि पिछले 19 माह में, घाटी में आग की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई।

जिसके परिणामस्वरूप 38 लोगों की जान चली गई और 26 लोग घायल हो गए। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के आधिकारिक आंकड़ों से संपत्ति के विनाश की एक चिंताजनक प्रवृत्ति का पता चलता है, जिसमें जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक आश्चर्यजनक रूप से 149,253.81 करोड़ की हानि हुई। जबकि 12,080.88 करोड़ की संपत्ति क्षतिग्रस्त हो गई। विभाग के साहसी प्रयासों से इस पर काबू पाया जा सका। इस



- संपत्ति व बुनियादी ढांचे पर असर चिंताजनक

अवधि के दौरान 137,172.93 करोड़ की संपत्ति को बचा लिया गया। इस चुनौतीपूर्ण समय सीमा के दौरान, कश्मीर में अग्निशमन और आपातकालीन विभाग ने कश्मीर में आने वाली कुल 3,780 आग काल और 24 बचाव काल का जवाब दिया। दुर्भाग्य से, उन्हें 35 झूठे अलार्मों से भी जूझना पड़ा। कुछ हद तक उत्साहजनक घटनाक्रम में, जनवरी 2023 से जुलाई 2023 तक का आंकड़ा हताहतों की संख्या में गिरावट का संकेत देता है, जिसमें आग की घटनाओं के कारण केवल एक मौत और 12 घायल होने की सूचना मिली है। इसके विपरीत, जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक, कश्मीर संभाग में आग की घटनाओं में 37 लोगों की जान चली गई और 14 लोग घायल हो गए। संपत्ति और बुनियादी ढांचे पर असर चिंताजनक है। जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक कश्मीर संभाग में बड़ी संख्या में वाहन (96) और बिजली ट्रांसफार्मर (221) क्षतिग्रस्त हुए। आंकड़ों से पता चलता है कि, जनवरी 2023 से जुलाई 2023 तक कुल 819 संरचनाएं, 134 दुकानें, 17 शापिंग काम्प्लेक्स और 21 शापिंग लाइनें आग की घटनाओं से प्रभावित हुईं। पिछले वर्ष (जनवरी से दिसंबर 2022) में, ये संख्या चिंताजनक रूप से अधिक थी, जब कश्मीर घाटी में 1699 संरचनाएं, 317 दुकानें और 38 शापिंग काम्प्लेक्स आग का शिकार हो गए थे। घाटी भी पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है, जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक 73 जंगल की आग और 6 नर्सरी में आग की घटनाएं दर्ज की गईं। इस चिंताजनक प्रवृत्ति के जवाब में, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने आग की घटनाओं को कम करने के लिए अपने सक्रिय प्रयासों पर प्रकाश डाला। वे जम्मू-कश्मीर के स्कूलों, कॉलेजों, विवि और गांवों में व्यावहारिक प्रदर्शन और जागरूकता शिविर आयोजित कर रहे हैं। इन पहलों का उद्देश्य छात्रों और स्थानीय निवासियों को आग को प्रभावी ढंग से रोकने और प्रबंधित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाना है। एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा निदेशक आलोक कुमार के मार्गदर्शन में 2 लाख से अधिक लोगों ने आग की रोकथाम और नियंत्रण पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

### वर्धन पुरी अगली फिल्म में महेश भट्ट, विक्रम भट्ट के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** एक्टर वर्धन पुरी, जिन्होंने 2019 में 'ये साली आशिकी' से अपनी शुरुआत की, ने अपनी अगली फिल्म के लिए विक्रम भट्ट और महेश भट्ट के साथ सहयोग करने की पुष्टि की है, जिसका फिलहाल कोई टाइटल नहीं है। विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म को महेश भट्ट ने लिखा है। अभिनेता ने कहा कि वे तीनों लंबे समय से इस कोलैबोरेशन की प्लानिंग कर रहे थे। महेश भट्ट के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए अभिनेता ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि जब मैं पहली बार 2015 में महेश भट्ट साहब से मिला था, तो उन्होंने मुझसे कहा था कि हम भविष्य में साथ काम करेंगे, और उनकी बातें सच हो रही है।

## 'खतरों के खिलाड़ी 13' ने मेरे अंदर डर का आकलन करने में मदद की : डेजी शाह

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। 'खतरों के खिलाड़ी 13' में 'टीम्स वीक' के दौरान



दोबारा प्रवेश करने के बाद दूसरी बार एलिमिनेशन का सामना करने वाली एक्ट्रेस डेजी शाह ने कहा कि इस पूरे सफर के दौरान, उन्होंने अपने स्वभाव के बारे में जरुरी बातें नोटिस की है, और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए। डेजी की जर्नी शो में एक रोमांचक हेलीकॉप्टर चैलेंज के साथ शुरू हुई। उन्होंने पहले हफ्ते में अरिजीत और ऐश्वर्या से बेहतर प्रदर्शन करते हुए शो में एलिमिनेशन के खतरे से छुटकारा पा लिया। वह एक क्रेन पर चढ़ी और उन स्थानों पर लगे हुए झंडों को इकट्ठा किया, जो उनके बैलेंस को चैलेंज करते है और चक्कर पैदा करते थे।

उन्होंने बार-बार यह साबित किया कि शो में उनकी किस्मत ने कभी भी साथ नहीं दिया, बल्कि उनके डर से बड़ा होने का दृढ़ संकल्प था।

अपने पहले एलिमिनेशन के बाद उन्होंने शो के 'टीम्स वीक' में दोबारा प्रवेश किया और अपनी दूसरी पारी में सफल होने के बाद ही अरिजीत तनेजा द्वारा एलिमिनेशन के लिए नामांकित किया गया। जल्दी बाहर होने के बावजूद, शो में उनका समय प्रेरणादायक था, और उन्होंने प्रतियोगियों शिव ठाकरे और अंजुम फकीह के साथ बहुत अच्छी दोस्ती कर ली। शो के बारे में बात करते हुए डेज़ी ने कहा कि खतरों के खिलाड़ी 13 के अविश्वसनीय अनुभव के लिए मेरे दिल में केवल आभार है, जिससे मुझे आत्म-खोज हुई। इस शो ने मुझे अपने डर का आकलन करने और उन पर मेरी प्रतिक्रिया जानने में मदद की है। इस पूरे सफर के दौरान, मैंने अपने स्वभाव के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की है और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए।

### कोविड वैक्सीन को लेकर चिकित्सकों का अध्ययन

# कोविशील्ड और कोवैक्सीन से दिल के दौरे का कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। एक शोध में यह बात सामने आई है कि कोविड-19 के खिलाफ कोविशील्ड और कोवैक्सीन के टीकाकरण से दिल के दौरे का कोई खतरा नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी के जीबी पंत अस्पताल के डॉक्टरों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन का उद्देश्य दिल के दौरे के बाद मृत्यु दर पर कोविड -19 टीकाकरण के प्रभाव को देखना था।

■ **कोविड-19 टीकों के बाद 30 दिनों व छह महीनों में मृत्यु दर में कमी**

यह अध्ययन कोविड-19 महामारी के बाद दिल के दौरे के मामलों में वृद्धि के बीच आया है, जिसे अक्सर टीकाकरण से जोड़ा गया है।

गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. मोहित डी. गुप्ता ने पीएलओएस वन जर्नल में प्रकाशित पेपर में कहा कि कोविड-19 टीकों ने मायोकार्डिया इनफेक्शन (एएमआई) के बाद 30 दिनों और छह महीनों में मृत्यु दर में कमी देखी है। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन एएमआई रोगियों की एक बड़ी आबादी के बीच आयोजित किया जाने वाला पहला अध्ययन है, जिसने दिखाया है कि कोविड-19 वैक्सीन न केवल सुरक्षित है, बल्कि अल्पावधि के साथ-साथ मृत्यु दर में कमी के संदर्भ में सुरक्षात्मक प्रभाव डालती है।

टीम ने अगस्त 2021 और अगस्त 2022 के बीच जीबी पंत में भर्ती हुए 1,578 दिल के दौरे के रोगियों का पूर्वव्यापी विश्लेषण किया। कुल रोगियों में से 69 प्रतिशत को टीका लगाया गया था, जबकि 31 प्रतिशत को टीका नहीं लगाया गया था। टीका लगाने वाले समूह में से 96 प्रतिशत को टीके की दोनों खुराकें मिली थीं,




जबकि 4 प्रतिशत को केवल एक खुराक मिली थी।

उनमें से अधिकांश 92.3 प्रतिशत को ब्रिटिश फार्मा एस्ट्राजेनेका के सहयोग से पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा विकसित कोविशील्ड का टीका लगाया गया था, जबकि 7.7 प्रतिशत को हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक द्वारा विकसित कोवैक्सीन लगाया गया था।

शोधकर्ताओं ने पाया कि टीकाकरण से दिल के दौरे का कोई सीधा संबंध नहीं है। शोध में कहा गया है कि केवल 2 प्रतिशत दिल के दौरे टीकाकरण के पहले 30 दिनों के भीतर हुए। अधिकांश को टीकाकरण के बाद यह 90-270 दिनों के बीच हुआ।

दिल के दौरे वाले 1,578 रोगियों में से 13 प्रतिशत ने 30 दिन की मृत्यु दर का अनुभव किया। इनमें से 58 प्रतिशत टीकाकृत समूह के थे, जबकि 42 प्रतिशत टीकाकरण से वंचित थे। हालांकि, पहले से मौजूद जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, अध्ययन में पाया गया कि टीकाकरण वाली आबादी में 30 दिनों की मृत्यु दर की संभावना काफी कम थी। इसमें यह भी कहा गया कि बढ़ती उम्र, मधुमेह और धूम्रपान 30 दिन की मृत्यु दर की उच्च संभावना से जुड़े थे। 30 दिन से छह महीने की अनुवर्ती अवधि के दौरान, 75 रोगियों की मृत्यु हो गई, और उनमें से 43.7 प्रतिशत को टीका लगाया गया था। हालांकि, कारकों के समायोजन के बाद अध्ययन में पाया गया कि टीकाकरण वाले विषयों में मृत्यु दर की संभावना कम थी। इस बीच, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी कोविड-19 महामारी के बाद युवाओं में दिल के दौरे के कारण होने वाली 'अचानक मौतों' में असामान्य वृद्धि को समझने के लिए अध्ययन कर रही है।

### वैक्सीन सेफ्टी पर मिथकों को दूर करने में मदद कर सकता है चैटजीपीटी

**लंदन।** ओपनएआई का चैटजीपीटी जैब (वैक्सीनेशन) सेफ्टी के बारे में सोशल मीडिया पर मिथकों को दूर करके वैक्सीन की खपत बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसका पता एक स्टडी से चला है। स्पेन में सैंटियागो डी कॉम्पोस्टेला के इंस्टीट्यूटो डी इन्वेस्टिगेशन सैनिटेरिया (आईडीआईएस)- हॉस्पिटल क्लिनिको यूनिवर्सिटारियो के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट से टॉप 50 सबसे ज्यादा बार पूछे जाने वाले कोविड-19 वैक्सीन से संबंधित सवाल पूछे। उनमें मिथकों और फर्जी कहानियों पर आधारित सवाल शामिल थे, जैसे कि वैक्सीन लॉन्ग कोविड का कारण बनता है। ह्यूमन वैक्सीन्स एंड इम्यूनोथेरेप्यूटिक्स जर्नल में प्रकाशित परिणाम बताते हैं कि चैटजीपीटी ने सटीकता के लिए औसतन 10 में से 9 अंक प्राप्त किए। बाकी समय यह सही था, लेकिन दी गई जानकारी में कुछ कमियां रह गईं।इन निष्कर्षों के आधार पर, शोधकर्ताओं ने कहा कि एआई टूल जनता के लिए नॉन-टेक्निकल इंफॉर्मेशन का एक विश्वसनीय स्रोत है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास स्पेशलिस्ट साइंटिफिक नॉलेज नहीं है।

हालांकि, निष्कर्ष टेक्नोलॉजी के बारे में कुछ चिंताओं को उजागर करते हैं जैसे चैटजीपीटी कुछ स्थितियों में अपने उत्तर बदलता है। सैंटियागो डे कॉम्पोस्टेला विश्वविद्यालय में मेडिसिन संकाय के प्रोफेसर और मुख्य लेखक एंटोनियो सालास ने कहा कि कुल मिलाकर, चैटजीपीटी उपलब्ध साइंटिफिक एविडेंस के अनुरूप एक नैरेटिव का निर्माण करता है, जो सोशल मीडिया पर प्रसारित मिथकों को खारिज करता है। जिससे यह संभावित रूप से वैक्सीन की खपत में वृद्धि की सुविधा प्रदान करता है। चैटजीपीटी वैक्सीन और वैक्सीनेशन से संबंधित फर्जी सवालों का पता लगा सकता है। यह एआई जिस भाषा का उपयोग करता है, वह बहुत ज्यादा टेक्निकल नहीं है और इसलिए जनता के लिए आसानी से समझ में आती है। सालास ने कहा कि हम स्वीकार करते हैं कि चैटजीपीटी का वर्तमान वर्जन किसी एक्सपर्ट या साइंटिफिक एविडेंस की जगह नहीं ले सकता है। लेकिन, परिणाम बताते हैं कि यह जनता के लिए जानकारी का एक विश्वसनीय स्रोत हो सकता है। 2019 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए टॉप 10 खतरों में वैक्सीन हेजिटेशन को सूचीबद्ध किया। हाल ही में कोविड-19 महामारी के दौरान, सोशल मीडिया के माध्यम से फैली गलत सूचना ने टीकाकरण के प्रति जनता के अविश्वास को बढ़ावा दिया।



# फेफड़ों की बीमारी में अधिक जोखिम बढ़ा सकता है जलवायु परिवर्तन

■ **अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी फेफड़ों की समस्या**

■ **पीड़ित बच्चों और वयस्कों को जलवायु परिवर्तन से और अधिक खतरा**

**पेरिस,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी फेफड़ों की समस्याओं से पीड़ित बच्चों और वयस्कों को जलवायु परिवर्तन से और अधिक खतरा हो सकता है।
यूरोपियन रेस्पिरेटरी जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट इस बात का सबूत पेश करती है कि कैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जैसे हीटवेव, जंगल की आग और बाढ़, दुनिया भर के लाखों लोगों, विशेषकर शिशुओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए सांस लेने में कठिनाई को और बढ़ा देंगे।
यूरोपीय रेस्पिरेटरी सोसाइटी के पर्यावरण और स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर जोराना जोवानोविक एंडर्सन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हर किसी के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, लेकिन इससे श्वसन रोगी सबसे अधिक असुरक्षित हैं। ये वे लोग हैं जो पहले से ही सांस लेने में कठिनाई का अनुभव करते हैं, और वे हमारी बदलती जलवायु के प्रति कहीं अधिक संवेदनशील हैं। उनके लिए जलवायु परिवर्तन खतरनाक साबित होगा।
वायु प्रदूषण पहले से ही हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। अब जलवायु परिवर्तन का असर सांस के मरीजों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है।
रिपोर्ट के अनुसार इन प्रभावों में वायुजनित एलर्जी में वृद्धि शामिल है। इनमें लू, सूखा और जंगल की आग जैसी घटनाएं भी शामिल हैं, जिससे अत्यधिक वायु प्रदूषण और धूल भरी आंधियां होती हैं। साथ ही भारी वर्षा और बाढ़ से घर में उच्च आर्द्रता और फफूंदी भी रोगियों के लिए खतरनाक है। यह रिपोर्ट विशेष रूप से शिशुओं और बच्चों के लिए अतिरिक्त जोखिम पर प्रकाश डालती है, जिनके फेफड़े अभी भी विकसित हो रहे हैं।
इस वर्ष दुनिया भर में उच्च तापमान के नए रिकॉर्ड बने हैं। यूरोप में लू, विनाशकारी जंगल की आग, बारिश, तूफान और बाढ़ का अनुभव हुआ है।
प्रोफेसर एंडरसन ने कहा कि श्वसन डॉक्टरों और नर्सों के रूप में हमें इन नए जोखिमों के बारे में जागरूक रहने और मरीजों की पीड़ा को कम करने में मदद करने की जरूरत है। हमें अपने मरीजों को जोखिमों के बारे में भी समझाने की जरूरत है ताकि वे जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से खुद को बचा सकें।
प्रोफेसर एंडरसन ने कहा कि मौजूदा सीमाएं पुरानी हो चुकी हैं और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने में विफल हैं। उन्होंने स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वाकांक्षी नए वायु गुणवत्ता मानकों का आह्वान किया। प्रोफेसर एंडरसन ने कहा कि हम सभी को स्वच्छ, सुरक्षित हवा में सांस लेने की जरूरत है। इसका मतलब है कि हमें अपने ग्रह और हमारे स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए नीति निर्माताओं से कार्रवाई की आवश्यकता है।

## दो अजनबियों की प्रेम कहानी है अभिनेता राजवीर देयोल की पहली फिल्म 'दोनों'

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेता सनी देयोल के बेटे राजवीर देयोल फिल्म 'दोनों' के साथ अपने करियर की शुरूआत कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'दोनों' का ट्रेलर रिलीज किया गया। यह फिल्म दो अजनबियों की एक प्रेम कहानी है।

सनी देयोल इन दिनों 'गदर 2' की ब्लॉकबस्टर सफलता का आनंद ले रहे हैं। वहीं उनके बेटे राजवीर देयोल 'दोनों' के जरिए बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'दोनों' में राजवीर देयोल के साथ पलोमा ठकेरिया मुख्य भूमिका में हैं। पलोमा पूनम ढिल्लों की बेटी हैं।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत पलोमा के मेघना के किरदार से होती है, जो राजवीर के देव के किरदार से पूछती है कि वे रिजेक्शन से क्यों डरते हैं। इसके बाद यह देव की पिछली कहानी बताती है, जिसके सबसे अच्छे दोस्त और एकतरफा प्यार की शादी हो रही है और उसने उसे अपनी शादी में आमंत्रित किया है। शादी में देव की मुलाकात मेघना से होती है, जो दूल्हे की दोस्त है।

इसके बाद ट्रेलर जीवंत शादी के जश्न में डूब जाता है क्योंकि दर्शकों को दूल्हे और उसकी हरकतों को देखने का मौका मिलता है, जब मेघना को पता चलता है कि देव अपने सबसे अच्छे दोस्त की शादी में शामिल होने आया है तो



वह इसके बारे में पूछती है। ट्रेलर में गाने और डांस के अंश खत्म होने के बाद मेघना ने फिर से देव से इसके बारे में पूछती हैं। वहीं, मेघना देव को अपने 6 साल के रिश्ते के बारे में बताती है। जिससे उसने ब्रेकअप कर लिया है।

ट्रेलर के अंत में देव मेघना को बताता है कि वह भारत वापस जा रहा है। वह उससे भारत न जाने का अनुरोध करती है। यह फिल्म 5 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## एक्ट्रेस कृति सेनन का खुलासा, बताया उन्हें कैसे हुआ था कोरोना

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने खुलासा किया है कि कैसे उन्हें दिसम्बर 2020 में दोबारा कोविड-19 हो गया था। कृति सेनन ने हाल ही में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है, जिसे उन्होंने आलिया भट्ट के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस कृति सेनन ने बताया कि जो लोग उनके करीब हैं वह उनके साथ भोजन करने में सहज महसूस करती हैं, यही कारण की उन्हें कोरोना हो गया था। एक्ट्रेस ने कर्ली टेल्स को बताया कि वह भोजन साझा करने और एक ही कटलरी से खाने को लेकर बहुत नखरेबाज़ नहीं हैं। एक्ट्रेस ने हंसते हुए कहा कि मैं उन लोगों के साथ जूठा खा सकती हूं, जिन्हें मैं जानती हूं और जिनके मैं बहुत करीब हूं। इसी तरह मुझे कोरोना हुआ था। कृति को दिसम्बर 2020 में कोविड-19 का पता चला था। उस समय,



एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से कोरोना संक्रमित होने की जानकारी साझा की थी। एक्ट्रेस कृति सेनन ने लिखा था, मैं सभी को बताना चाहती हूं कि मेरा कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि मैं ठीक महसूस कर रही हूं।

## यूट्यूब के लॉन्ग-फॉर्म वीडियो बिजनेस को खत्म कर सकता है शॉर्ट्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। यूट्यूब का टिकटॉक प्रतिस्पर्धी शॉर्ट्स गूगल के स्वामित्व वाले वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के मुख्य लॉन्ग-फॉर्म वीडियो बिजनेस को खत्म कर सकता है। द फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक अनुभवी यूट्यूब स्टाफ ने कहा कि शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म शॉर्ट्स ने अपने ही मुख्य बिजनेस को खत्म कर सकता है।

गूगल ने हाल ही में घोषणा की थी कि शॉर्ट्स में अब 2 बिलियन से अधिक लॉग-इन मंथली यूजर्स हैं, जिससे इसे टिकटॉक और इंस्टाग्राम




रील्स जैसे कंपीटीटर्स पर बढ़त मिल गई है। रविवार देर रात रिपोर्ट में कहा गया, हाल की यूट्यूब स्ट्रेटजी मीटिंग्स में इस जोखिम पर चर्चा हुई है कि लॉन्ग फॉर्म वीडियो, जो कंपनी के लिए अधिक राजस्व उत्पन्न करते हैं, एक फॉर्मेट के रूप में 'खत्म' हो रहे हैं। यूट्यूब स्टाफ का मानना है कि कंज्यूमर रुचि की कमी और प्रोडक्ट प्लेसमेंट के लिए शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट को प्राथमिकता देने वाले ब्रांडों से कमीशन के चलते कंटेंट क्रिएटर्स कम लॉन्ग फॉर्म वीडियो बना रहे हैं। यूट्यूब का कहना है कि शॉर्ट्स को ऑडियो और लाइवस्ट्रीम जैसे अन्य सभी प्रारूपों के क्रिएटर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए नहीं बल्कि पूरक बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि, यूट्यूब के विज्ञापन राजस्व में सुधार हुआ है, लेकिन लगातार तीन तिमाहियों से इसमें साल-दर-साल गिरावट आ रही है।



## 'मोक्षस्थली' गया में पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए 'ऑनलाइन' पिंडदान

**पटना,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। इस साल पितृपक्ष में मोक्षस्थली के रूप में चर्चित बिहार के गया में आप अपने पूर्वजों की मृतात्मा की शांति के लिए पिंडदान करना चाहते हैं और गया नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो परेशानी की कोई बात नहीं। अब आप देश - विदेश में घर बैठे भी ई पिंडदान के जरिए मृतात्मा की शांति के लिए पिंडदान कर सकते हैं। सरकार ने ऐसे लोगों के लिए यह सुविधा प्रारंभ की है जो विदेश में रहते हैं।

इस साल 28 सितम्बर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है, जो 14 अक्तूबर तक चलेगा। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने इस बार ई पिंडदान के अलावा स्पेशल टूर पैकेज की भी घोषणा की है। निगम की ओर से जारी ई-पिंडदान पैकेज के तहत पंडा द्वारा विष्णु पद मंदिर, अक्षय वट एवं फल्गु नदी के किनारे पिंडदान किया जाएगा। उसकी विडियो रिकार्डिंग कराई जाएगी, जो पेन ड्राइव के माध्यम से संबंधित श्रद्धालु को पंडा द्वारा मुहैया कराई जाएगी।

इसके लिए श्रद्धालुओं को 20,476 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इसमें पूजन सामग्री एवं पंडित का दक्षिणा भी शामिल किया गया है। इसमें टैक्स सहित कुल मिलाकर ई- पिंडदान पर 23 हजार रुपए का पैकेज तैयार किया गया है।

15 दिनों तक चलने वाले पितृ पक्ष में गया में देश और दुनिया भर से लाखों लोग अपने पूर्वजों का पिंडदान करने पहुंचते हैं। ऐसे में पर्यटन स्थल पर साफ सफाई से लेकर श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए ट्रैवल टूर के पैकेज की व्यवस्था की गई है। इस पैकेज को कई श्रेणियों में बांटा गया है। पैकेज में पटना, पुनपुन, और गया पैकेज के लिए पहली श्रेणी में प्रति व्यक्ति 16650 रुपए का पैकेज दे रही है जबकि 4 लोगों के लिए 30650 रुपए खर्च करना पड़ेगा। यह पैकेज एक दिवसीय यात्रा के लिए है।

श्रेणी तीन में चार लोगो के लिए 25250 रुपए देने होंगे। यह प्रति व्यक्ति 13450 रुपये होगा। इसके अलावा एक अन्य पैकेज गया, बोधगया, राजगीर, नालंदा टूर पैकेज एक रात दो दिन के लिए होगा। इसके लिए अलग रेट तय किया गया है।

### आईआईटी ने विकसित की डिवाइस

# घर के अंदर फंगस व वायरस को करेगी निष्क्रिय




**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। घर के अन्दर वायु गुणवत्ता के लिए आईआईटी ने एक नवीन कोल्ड-प्लाज्मा डिटर्जेंट इन एनवायरनमेंट (कोड) डिवाइस विकसित किया है। आईआईटी जोधपुर ने यह शोध किया है। शोध में इस डिवाइस की व्यापक रूप से जांच की गई है जिसमें यह सामने आया है कि यह डिवाइस 99.99 प्रतिशत से अधिक हानिकारक विषाणुओं को निष्क्रिय करती है व उच्च गुणवत्ता वाली इंडोर वायु प्रदान करती है।

यह तकनीक विद्युत खपत काफी कम करती है। कमरे या हॉल की हवा में मौजूद बैक्टीरिया, फंगस और वायरस को निष्क्रिय करता है। धूल और पराग कणों आसानी से पकड़ता है और दुर्गंध को दूर करता है। यह नई तकनीक कार्यालयों, घरों, सार्वजनिक स्थानों (जैसे कि स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, बड़े शॉपिंग मॉल, वाणिज्यिक इमारतें, टैक्सियां, ट्रेनें, सिनेमा हॉल, सम्मेलन हॉल, विवाह हॉल आदि) के लिए काफी उपयोगी व लाभप्रद है। आईआईटी के मुताबिक यह तकनीकी गुणवत्ता से भरपूर एक शुद्ध वातावरण प्रदान कर सकती है। इस प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रणालियों को सभी सार्वजनिक और स्वास्थ्य सुविधाओं में स्थानीय प्रणाली के रूप में या डक्ट, एसी, कूलर आदि के साथ एकीकृत किया जा सकता है।

■ **तकनीक कार्यालयों, घरों, सार्वजनिक स्थानों के लिए काफी उपयोगी व लाभप्रद**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण मुख्य रूप से पुरानी बीमारियों के खतरों को बढ़ाने के पांच कारणों में से एक है। हम भोजन की तुलना में आठ गुना अधिक और पानी की तुलना में चार गुना अधिक ऑक्सीजन या हवा को ग्रहण करते हैं। इंडोर ऑक्सीजन में आमतौर पर बाहरी हवा की तुलना में लगभग 2-5 गुना अधिक प्रदूषण होता है। इस तकनीक पर आधारित इंडोर एयर स्टेरलाइजर्स का निर्माण दिव्या प्लाज्मा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

यह नॉवेल कोड डिवाइस प्रकृति के सामान वातावरण में ठंडे प्लाज्मा डिटर्जेंट आयनों के साथ सकारात्मक आयनों की उचित मात्रा उत्पन्न कर रहा है। इन्डोर एयर की गुणवत्ता के सम्बन्ध में आईआईटीजे के नॉवेल कोड प्रौद्योगिकी के प्रमुख लाभ यह है कि यह पर्यावरण में कोल्ड प्लाज्मा डिटर्जेंट (डिटर्जेंट की प्रसिद्ध प्रकृति) उत्पन्न करती है जिसमें आवश्यक मात्रा में विशिष्ट आयन होते हैं। आईआईटी के मुताबिक इस तकनीक में सक्रिय आयन 25 सेकंड से अधिक समय तक क्रियाशील रहते हैं ताकि लम्बे समय तक जीवित रहने वाले रोगाणुओं को प्रभावी रूप से निष्क्रिय किया जा सके।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 5 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मराठा आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा घिरी

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के मुद्दे ने जिस तरह तूल पकड़ लिया है, उससे एक बार फिर भाजपा सरकार की अक्षमता साबित हुई है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में यानी 1 सितंबर को जालना के अंबाद तहसील के अंतरवाली सारथी गांव में मराठा आरक्षण की मांग पर हिंसा भड़क गई थी। आरोप है कि आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए और कथित तौर पर उन पर पथराव किया। पुलिस ने बाद में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिसमें लगभग 20 प्रदर्शनकारी और 37 पुलिसकर्मी घायल हो गए। 15 से अधिक राज्य परिवहन बसों को आग लगा दी गई। पुलिस ने कहा कि हिंसा के सिलसिले में 360 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार ने शायद इस बात की उम्मीद की थी कि बल प्रयोग के बाद मामला शांत हो जाएगा, लेकिन हुआ इसका उल्टा। अब मामला इतना बढ़ गया है कि गठबंधन सरकार के घटक दलों यानी भाजपा, शिवसेना, और एनसीपी अलग-अलग राह पर चल रहे हैं। और इनके अलावा मनसे के राज ठाकरे जैसे कुछ और किरदार इस मामले में अहम भूमिका में आने की कोशिश में दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए तो यह चुनौती है ही, साथ ही यह भाजपा नेतृत्व के लिए भी गंभीर संकट है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों में एक के बाद एक हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर के हालात अब तक संभले नहीं हैं। हरियाणा में नूंह की हिंसा के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और सांप्रदायिक वैमनस्य की जो लकीर खींच दी गई है, वो न जाने कब मिटेगी। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, असम जैसे राज्यों से वंचित समुदायों पर अत्याचार की खबरें जब-तब आती रहती हैं। कहा जा सकता है कि जिस डबल इंजन सरकार का दंभ प्रधानमंत्री मोदी कई मंचों से भरते आए हैं, उसमें खोखलेपन के सिवा कुछ नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता द्वारा निर्वाचित सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति हो, तो काम अच्छे से चलता है। लेकिन जब डबल इंजन कहकर उस पर पार्टी विशेष का ठप्पा लगाया जाता है, तो फिर हालात इसी तरह बेकाबू होते हैं, जैसे मणिपुर में हो चुके हैं और अब महाराष्ट्र में हो रहे हैं।

मराठा आरक्षण की मांग महाराष्ट्र मंडल आयोग के बाद से ही उठनी शुरु हुई है। महाराष्ट्र की राजनीति में मराठा समुदाय का दबदबा रहा है, लेकिन मराठा शिक्षा और सरकारी नौकरी में भी अपने लिए आरक्षण की मांग करते रहे हैं। 2012 में मराठा आरक्षण की मांग ने तूल पकड़ा, तब राज्य में कांग्रेस-एनसीपी की सरकार थी और अगले चुनाव में उसे जीतना मुश्किल लग रहा था। पृथ्वीराज चव्हाण सरकार ने कांग्रेस नेता और मंत्री नारायण राणे की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई। कमेटी के सुझाव के आधार पर मराठा समाज को सरकारी नौकरियों में और शिक्षा संस्थाओं में 16 प्रतिशत आरक्षण मंजूर कर अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसी कमेटी की सिफारिश पर मुसलमानों को भी 5 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गई। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस एनसीपी अपनी सरकार नहीं बचा पाई। 2014 में राज्य में भाजपा-शिवसेना की सरकार बनी और देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री बने। 2018 में फिर मराठा आरक्षण के लिए बड़ा आंदोलन हुआ था. इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में विधेयक पारित किया और राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में मराठाओं को 16 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। इस के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरक्षण रद्द नहीं किया था। हालांकि, इसे घटाकर शिक्षण संस्थानों में 12 प्रतिशत और सरकारी नौकरियों में 13 प्रतिशत कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा था कि अपवाद के तौर पर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार की जा सकती है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अब एक बार फिर मराठा समुदाय आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतरा। लेकिन इस बार घटनाओं ने अप्रिय मोड़ ले लिया है।

प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज गठबंधन वाली भाजपा सरकार पर भारी पड़ता दिख रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सरकार को हड़बड़ी में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर अपनी सफाई पेश करनी पड़ी। भाजपा खुद को आरक्षण की राजनीति के पीड़ित के तौर पर पेश करती दिख रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जालना में जो घटना हुई वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। कोई भी इस तरह की हिंसात्मक कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकता। हमने पहले कभी बल प्रयोग नहीं किया था। न ही अब करने का इरादा है। श्री फड़णवीस हिंसात्मक कार्रवाई को गलत बता रहे हैं, लेकिन पहले उन्होंने ही कहा था कि गांववालों ने लाठी चार्ज किया तो पुलिस को बलप्रयोग करना पड़ा। राज्य के उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना का राजनीतिकरण किया गया। एक नैरेटिव सेट किया गया कि लाठीचार्ज का आदेश गृह मंत्री विभाग और मंत्रालय से दिया गया था। विरोधियों को भी पता है कि ऐसे आदेश एसपी और डिप्टी एसपी के स्तर से आते हैं। दरअसल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सवाल उठाए गए थे कि किसके आदेश पर लाठीचार्ज हुआ। अब श्री फड़णवीस इसका जिम्मा एसपी और डीएसपी पर डाल रहे हैं। उनसे पूछा जा सकता है कि क्या राज्य की पुलिस सरकार के नियंत्रण से परे है, जो स्वतंत्र रूप से इतना बड़ा फैसला ले ले।

जिस तरह मणिपुर में भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ती रही है और कभी आंदोलनकारियों पर, कभी पुलिस पर हालात बिगाड़ने का इल्जाम लगता रहा है, वही टालमटोल का रवैया महाराष्ट्र में दिख रहा है। एक मुख्यमंत्री और दो-दो उपमुख्यमंत्रियों के रहते अगर लाठीचार्ज जैसे फैसलों की भनक सरकार को न लगे, तो क्या इसे सरकार की अक्षमता नहीं माना जाना चाहिए। बहरहाल इस मामले में कुछ अधिकारियों पर सरकार ने कार्रवाई की है और मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने प्रदर्शनकारियों से कहा है कि हम मराठा आरक्षण और अदालत को समझाने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि और दस्तावेजीकरण प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम आश्वासन देते हैं कि मराठा आरक्षण प्रदान करने के लिए जो भी करना होगा हम करेंगे। मैं मराठा समुदाय से हमारे साथ धैर्य रखने की अपील करता हूं।

मुख्यमंत्री की धैर्य की अपील कितनी कारगर होगी, ये देखना होगा। फिलहाल अगले चुनाव के पहले मराठा आरक्षण का मुद्दा फिर खड़ा होना भाजपा के लिए बड़ी चेतावनी बन चुका है।

## संसद का विशेष सत्र या संसदीय व्यवस्था से सनकी खिलवाड़


राजेंद्र शर्मा

**संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र में क्या सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मामले में कोई कदम उठाएगी या इस विशेष सत्र में क्या होगा, यह अब भी अटकलों के ही दायरे में है। लेकिन, इस सत्र में चाहे इस मामले में कुछ हो न हो, पर इतना तय है कि 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को अमल में उतारने की ओर, मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है।**

अमेरिका पर आतंकवादी हमले के बदले के नाम पर, 2002 के आखिरी और 2003 के शुरू के महीनों में अमेरिका ने जब इराक के खिलाफ हमला किया था, उस समय उसकी 'शॉक एंड ऑ' यानी हैरतज़दा और खौफज़दा करने बल्कि हैरत से खौफज़दा कर देने की सामरिक रणनीति की बहुत चर्चा थी। इस रणनीति के पीछे मूल विचार यह था कि हमला इतना अप्रत्याशित रूप से भीषण हो कि उसका निशाना बनने वाला किसी तरह का मुकाबला कर ही नहीं पाए। अमेरिका की उक्त सैन्य रणनीति को इराक में या उसके बाद के भी उसके प्रयोगों में क्या और किस हद तक सफलता मिली, इस पर तो बहस हो सकती है। लेकिन, कम से कम इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी को, हैरतज़दा और खौफज़दा करने की इस रणनीति का सहारा लेना काफी पसंद है। इसकी ताजातरीन मिसाल, 18 से 22 सितंबर तक, संसद का पांच दिन का विशेष सत्र बुलाने का मोदी सरकार का पूरी तरह से हैरान करने वाला फैसला है। इस फैसले की घोषणा भी संसदीय कार्यमंत्री द्वारा पहले ट्विटर रहे और अब एक्स बच चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से की गई। हां! इसे संयोग मानना मुश्किल है कि यह घोषणा ठीक उसी दिन की गई, जिस दिन मुंबई में विपक्षी मोर्चे, इंडिया की दो दिनी बैठक शुरू होनी थी! हालांकि, यह मानना भी आसान नहीं है कि संसद के पांच दिन के विशेष अधिवेशन का फैसला, सिर्फ विपक्षी बैठक की खबरों की ओर से ध्यान हटाने के लिए किया जा सकता है।

बहरहाल, संसद के विशेष सत्र के इस फैसले में हैरान करने वाले तत्व का पूरा ख्याल रखा गया है। वास्तव में सहज ही इस फैसले ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इससे पहले लिए गए ऐसे ही एकदम अप्रत्याशित दो और फैसलों की याद दिला दी है-2016 का पांच सौ और हजार रुपए के नोटों की नोटबंदी का फैसला और 2020 के मार्च-अप्रैल का चालीस दिन के पूर्ण देशव्यापी लॉकडाउन का फैसला। इन दोनों फैसलों से देश भर में आम लोगों को जिस तरह की असह्य तकलीफें झेलनी पड़ी थीं, उन्हें लोग आसानी से भूल नहीं सकते हैं। बेशक, इन तकलीफों को साक्ष्य बनाकर, सत्ताधारी पार्टी द्वारा अपने सुप्रीमो की 'बड़े फैसले लेने वाले' नेता की छवि बनाने की कोशिशों को भी देश ने कुछ हैरत से और ज्यादा अविश्वास से देखा। लेकिन, अंधाधुंध इस तरह के फरमान जारी करना, नेता की निर्णायकता का कम और उसकी मनमानी का ही साक्ष्य ज्यादा था, जो जनतंत्र और पारदर्शिता के घोर अभाव की बीमारी का, सहज पहचाने वाला लक्षण है। आगे चलकर, तीनों विवादित कृषि कानूनों के रूप में इसी बीमारी का एक और लक्षण सामने आया, लेकिन किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन ने उस मामले में सत्ता में बैठे सुप्रीमो के फरमान को न सिर्फ नामंजूर कर दिया बल्कि उसे अपना फरमान वापस लेने पर भी मजबूर कर दिया। लेकिन, इसके बाद भी मोदी राज ने लोगों को हैरतज़दा और खौफज़दा करने वाले फैसलों का सहारा लेने की अपनी रणनीति को छोड़ा नहीं है, संसद का रहस्यमय तरीके से बुलाया जा रहा विशेष सत्र इसी का सबूत है।

इस पूरे मामले में इस हद तक रहस्य बनाए रखा गया है कि लगता नहीं है कि विशेष सत्र की घोषणा करते हुए, खुद संसदीय कार्यमंत्री तक को इसका पता था कि इस सत्र में होगा क्या? कहने की जरूरत नहीं है कि इससे पहले कभी संसद का विशेष सत्र इस तरह रहस्यमय अंदाज में नहीं बुलाया गया। इसके उलट, संसद के सभी सत्र सामान्यत: सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों से चर्चा के रास्ते पर चलते हुए, आयोजित किए जाते हैं। आखिरकार, संसद की सार्थकता ही जनता के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनता के सामने, शासन के काम-काज की जवाबदेही सुनिश्चित करने में है। और इस जवाबदेही के लिए, संसद का सारा काम-काज ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी तरीके से होना सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। यह पारदर्शिता सिर्फ संसद की कार्रवाई संसदीय टीवी पर दिखाने में नहीं है बल्कि जनता के प्रतिनिधियों के साथ अधिकतम-संभव जानकारियां साझाकर, उनके बीच ज्यादा से ज्यादा जानकारीपूर्ण चर्चा से, शासन के अनुशासित होने में है। यहां विशेष सत्र की तारीखों की घोषणा के कई दिनों बाद तक और जाहिर है कि बार-बार विपक्ष द्वारा ही नहीं बल्कि मीडिया द्वारा भी पूछे जाने के बावजूद, इसका कोई इशारा तक नहीं है कि विशेष सत्र में होगा क्या? संसदीय व्यवस्था के साथ सनकी खिलवाड़ का इमर्जेंसी के बाद इससे भद्दा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा।

लेकिन, अमेरिकी सामराजियों से उधार ली गई रणनीति, सिर्फ हैरतज़दा करने की नहीं है। वह तो हैरतज़दा करने के जरिए, खौफज़दा करने की रणनीति है। संयोग ही नहीं है कि संसद के विशेष सत्र की तारीखों की घोषणा के साथ ही, इसकी खबरें तेज हो गईं कि मोदी सरकार, 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर कुछ करने जा रही है। यह जैसे इसकी अटकलों का बाजार गर्म करने के लिए इशारा था कि शायद विशेष सत्र, इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुलाया जा रहा है! मोदी सरकार ने जिस तरह सिर्फ अपने संख्याबल के सहारे, वास्तव में बहुमत की तानाशाही के बल पर, धारा-370 के खत्म किए जाने तथा जम्मू-कश्मीर के तोड़े जाने, संशोधित नागरिकता कानून से लेकर, तीन कृषि कानूनों समेत, अनेक विधेयकों को बिना बहस के ही या समुचित बहस के बिना ही संसद पर थोपा है, उसे देखते हुए प्रस्तावित विशेष सत्र को लेकर इस तरह की आशंकाएं पैदा होना अस्वाभाविक नहीं था। और सत्ताधारी दल तथा सरकार ने अपनी ओर से इन आशंकाओं को हवा देने का ही काम किया है।

भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था की परंपराओं से एक और गंभीर विचलन में, अचानक यह खबर आई कि सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर, सेवानिवृत्त राष्ट्रपति, कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने जा रही है। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली ही बार है जब किसी पूर्व-राष्ट्रपति को, सरकार की ओर से इस तरह किसी काम की आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई हो। आखिरकार, राष्ट्रपति के रूप में पूरे शासन के ही प्रमुख रहे व्यक्ति से, उस शासन के किसी एक अंग के सामने रिपोर्ट करने या उसे रिपोर्ट देने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? लेकिन, बात इतने तक ही सीमित नहीं रही। पूर्व-राष्ट्रपति का नाम आने के बाद, कमेटी की विचार शर्तों और उसके दूसरे सदस्यों के नाम आने में भी करीब बहत्तर घंटे लग गए। लेकिन, इन बहत्तर घंटों में इसकी अटकलें अगर कुछ कम भी हुई थीं कि मोदी सरकार प्रस्तावित विशेष सत्र में 'एक चुनाव' की ओर कोई कदम बढ़ा सकती है, तो कमेटी के अन्य सदस्यों के नामों की घोषणा ने, दोबारा प्रस्तावित सत्र को लेकर आशंकाओं को तेज कर दिया। इस कमेटी में, खासतौर पर संविधान, कानून तथा संसदीय मामलों के विशेषज्ञों के तौर पर ऐसे लोगों के शामिल किए जाने से, जो पहले ही 'एक देश, एक चुनाव' के पक्ष में सार्वजनिक रूप से दलीलें रख चुके हैं, एक प्रकार से पहले ही यह सुनिश्चित किया जा चुका है कि कमेटी क्या रिपोर्ट देगी।

हैरानी की बात नहीं है कि कमेटी में रखे गए एकलौते विपक्षी नेता, लोकसभा में कांग्रेस के दल के नेता, अधीर रंजन चौधुरी ने खुद को यह कहते हुए इस कमेटी से अलग कर लिया कि कमेटी के गठन में ही, उसका निष्कर्ष पहले ही तय किया जा चुका है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता को इस कमेटी में शामिल नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया। जाहिर है कि इस कमेटी के गठन में इसका कोई प्रयास ही नहीं था कि इसमें संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त प्रमुख राजनीतिक दृष्टियों का प्रतिनिधित्व हो। वास्तव में संसदीय समिति में और विधि आयोग में इस मुद्दे पर लंबी चर्चा के बाद भी मोदी सरकार, उसी तरह से पूरी तरह से मनमाफिक सिफारिश हासिल नहीं कर पाई थी, जिस तरह समान नागरिक संहिता के मामले में नहीं कर पाई थी। इसीलिए, अब पूर्व-राष्ट्रपति की अध्यक्षता में एक ऐसी कमेटी गठित की गई है, जो इस मामले में मोदी सरकार के कदम आगे बढ़ाने का रास्ता बनाएगी।

बेशक, संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र में क्या सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मामले में कोई कदम उठाएगी या इस विशेष सत्र में क्या होगा, यह अब भी अटकलों के ही दायरे में है। लेकिन, इस सत्र में चाहे इस मामले में कुछ हो न हो, पर इतना तय है कि 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को अमल में उतारने की ओर, मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है। यह दूसरी बात है कि यह अपने सार में ही न सिर्फ सरासर अलोकतांत्रिक तथा संघीय व्यवस्थाविरोधी-संविधानविरोधी है, यह पूरी तरह से अव्यावहारिक भी है, जिसके लिए पांच संविधान संशोधनों की और देश के आधे से ज्यादा राज्यों के अनुमोदन की जरूरत होगी। यह फिलहाल इसे लागू करना लगभग नामुमकिन बना देता है। इसके बावजूद, मोदी सरकार अगर इसके लिए इतनी उतावली हो रही है, तो यह मोदी राज की चौतरफा विफलताओं के बीच, विपक्ष की बढ़ती एकता और उसके एकजुट प्रहारों से, मौजूदा निजाम और उसके संचालक, संघ-परिवार की घबराहट को ही दिखाता है। बदहवासी में वे अपने जाने-पहचाने पुराने मुद्दों पर हाथ मार रहे हैं, शायद कोई मुद्दा काम कर जाए। डूबते को तिनका भी सहारा लगता है। यह दूसरी बात है कि डूबने से तिनकों के सहारे अब तक कोई बचा नहीं है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

## विपक्ष पर हावी होने की रणनीति अपना रहे प्रधानमंत्री मोदी

■ के रवीन्द्रन

**जहां तक सदमा और आघात की रणनीति का सवाल है मोदी के लिए बहुत अच्छा है, परन्तु देश की सभी परिस्थितियां और बाधाएं 'एक-राष्ट्र, एक-चुनाव' नीति को शीघ्र अपनाने के विरुद्ध हैं। उपलब्ध सीमित समय सीमा के साथ-साथ विचार-विमर्श और विधायी प्रक्रियाओं की सीमा इतने बड़े बदलाव के लिए आवश्यक जरूरतों को महज एक विशेष सत्र में हासिल कर लेने को लगभग असंभव बना देती है, सिवा इसके कि कुछ शोर-शराबा किया जा सकता है।**

इस महीने के अंत में बिना बारी के संसद का सत्र बुलाने और 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' की नीति लागू करने की संभावना का अध्ययन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के नरेंद्र मोदी सरकार के नाटकीय कदम विवादास्पद प्रस्ताव पर आगे बढ़ने का कोई वास्तविक इरादा रखने के मुकबले विपक्ष को मानसिक रूप से 'झटका देने और हतप्रभ करने' की नीति का हिस्सा हो सकते हैं।

इन दोहरे फैसलों को व्यापक रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों को आगे बढ़ाने के अग्रदूत के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इस तरह के कठोर कदमों की व्यावहारिकता पर गंभीर सवाल उठते हैं। यह स्पष्ट है कि नाटक का समय विपक्षी दलों के भारतीय गुट के मुंबई सत्र के साथ-साथ चुना गया है, जिससे साफ होता है कि ये विपक्षी एकता के प्रयासों को विफल करने के लिए हैं, जो उस तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं जो प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सबसे असुविधाजनक है।

ध्यान रहे कि 'झटका देने और हतप्रभ करने' की वह सैन्य अभिव्यक्ति ही थी, जिसे पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव रोनाल्ड रम्सफेल्ड ने लोकप्रिय बनाया था, जिन्होंने अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर संदर्भ के अंदर और बाहर इसका प्रचुर मात्रा में उपयोग किया था, जिससे घटनाक्रम की एक ऐसी श्रृंखला शुरू हुई जिसने विश्व के समसामयिक इतिहास को बदल दिया, जिसने इस विश्व को रहने के लिहाज से और अधिक खतरनाक जगह बना दिया, राष्ट्रों को नष्ट किया गया और विश्व के विभिन्न हिस्सों में आतंकवाद के पनपने के लिए परिस्थितियां बनीं। अमेरिका और पूरी दुनिया को इस गलत कदम की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

यह कोई भी अनुमान लगा सकता है कि मोदी सरकार की 'भय और आघात' नीति के समान परिणाम ही होंगे। उनका इरादा स्पष्ट है - भ्रम और अराजकता पैदा करें और विपक्षी एकता की प्रक्रिया को बाधित करें। वास्तव में, मुंबई सत्र से उभरते राजनीतिक परिदृश्य को संबोधित करने के लिए कार्यवाही को फिर से तैयार करना पड़ा। इसने सीट-बंटवारे को अन्य कम महत्वपूर्ण मुद्दों से पहले अंतिम रूप दे दिया है, जैसे कि मोर्चे के लिए एक राष्ट्रीय संयोजक का चयन और साथ ही एक साझे प्रधानमंत्री पद के चेहरे के साथ चुनाव लड़ने की आवश्यकता।

जहां तक सदमा और आघात की रणनीति का सवाल है मोदी के लिए बहुत अच्छा है, परन्तु देश की सभी परिस्थितियां और बाधाएं 'एक-राष्ट्र, एक-चुनाव' नीति को शीघ्र अपनाने के विरुद्ध हैं। उपलब्ध सीमित समय सीमा के साथ-साथ विचार-विमर्श और विधायी प्रक्रियाओं की सीमा इतने बड़े बदलाव के लिए आवश्यक जरूरतों को महज एक विशेष सत्र में हासिल कर लेने को लगभग असंभव बना देती है, सिवा इसके कि कुछ शोर-शराबा किया जा सकता है। बेशक, सत्तारूढ़ दल वर्तमान लोकसभा के कार्यकाल के अंत तक इंतजार न करने का निर्णय ले सकता है, लेकिन उचित संख्या में राज्यों में भी एक साथ चुनाव का मतलब होगा कि कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को बढ़ाना या कम करना। दोनों स्थितियों में राज्यों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत द्वारा अनुसमर्थित संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी।

यह व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता है, लेकिन राज्यों के एक समूह में चुनावों को संसदीय चुनावों के साथ मेल कराने की एक अलग संभावना है। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना तो अभी बहुत दूर की बात है। इस साल पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव होने हैं, जबकि सात राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के साथ अगले साल समाप्त हो जायेगा। अगले साल जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल में भाजपा सत्ता में है, जबकि ओडिशा और आंध्र में उन पार्टियों का शासन है जो भाजपा के करीब हैं और कार्यकाल जल्दी खत्म करने के सुझाव पर सहमत हो सकती हैं।

दरअसल, विधि आयोग ने एक ही वर्ष में चुनाव होने वाले सभी राज्यों को एक साथ जोड़ने का सुझाव दिया था। हालांकि यह सच है कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव होते थे, लेकिन इस समय देश में जो राजनीतिक माहौल बन रहा है, वह ऐसी किसी संभावना के लिए खुद को तैयार नहीं करेगा। 1967 तक एक साथ चुनावों की अवधि के दौरान, कांग्रेस पार्टी ज्यादातर राज्यों में सत्ता में थी और केंद्र और राज्यों दोनों में एक ही पार्टी के सत्ता में होने से स्थिरता का आनंद लेती थी। स्थिति में भारी बदलाव इस तथ्य के कारण हुआ है कि देश के विभिन्न हिस्सों में शक्तिशाली क्षेत्रीय दल उभरे हैं, जो अक्सर केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ आमने-सामने नहीं मिलते हैं, जिससे एक साथ कार्यकाल चलाना मुश्किल हो जाता है।

केंद्र-राज्य संघर्ष अक्सर अवांछित अस्थिरता पैदा करता है, जिससे ऐसे मुद्दों पर कोई आम सहमति हासिल करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, देश में राजनीति की प्रकृति केन्द्रीय से अधिक क्षेत्रीय हो गई है। इस प्रक्रिया में राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल में कोई एकरूपता नहीं आ रही है। नये सुझावों के बारे में शायद एक अच्छी बात यह है कि पारंपरिक अविश्वास प्रस्ताव की अवधारणा को एक अन्य प्रस्ताव के साथ जोड़ा जाये जो नई सरकार में विश्वास व्यक्त करता है ताकि सदन के समय से पहले भंग होने की संभावना से बचा जा सके। जबकि विधि निर्माता आमतौर पर कार्यकाल को कम करने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि इससे उनके भविष्य के वित्तीय अधिकार प्रभावित होंगे, नयी सरकार के कार्यभार संभालने की संभावना के कारण मौजूदा व्यक्ति के पद छोड़ने से, विशेषकर राज्यों में, अधिक स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

### शिक्षक दिवस

## जिम्मेदार नागरिक बनाने का शिल्पकार होता है शिक्षक

किसी भी राष्ट्र की उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिक सामाजिक, बौद्धिक व चारित्रिक स्तर पर कितने समृद्ध हैं। ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक ज्ञान आदि के जरिए ही मानव ज्ञानी, विवेकी, सक्षम और चरित्रवान बनता है। मानव को अच्छा इंसान बनाने में औपचारिक व अनौपचारिक रूप से शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। बिना शिक्षा के मानव पशु के समान है।

आदिकाल से ज्ञान के बल पर ही विश्व ने अनेकश: अनुसंधान और नए-नए आविष्कार किए हैं। मानव केवल रोटी, कपड़ा और मकान तक सीमित नहीं रहा अपितु वह तमाम भौतिक और आध्यात्मिक चीजों की खोज करके मानव जीवन व समस्त धरती को सुख-सुविधाओं से संपन्न किया है। वैज्ञानिक से लेकर दार्शनिक तक ने गुरु की दीक्षा व मार्गदर्शन से ही वांछित लक्ष्य को प्राप्त किया है। हमारे देश में प्राचीन समय से गुरु के महत्व को स्वीकार किया गया है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि गुरु वह नहीं जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक गुरु तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए दुनियाभर में बाल मनोविज्ञान और शिक्षा पद्धति पर नित्य नए-नए अनुसंधान हो रहे हैं। आज की शिक्षा बाल केंद्रित है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा कौशल, तकनीकी कौशल, जीवन कौशल, सामाजिक मूल्य, शैक्षिक भ्रमण, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, आईटी शिक्षा आदि शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परिवर्तन से बच्चों का आईक्यू लेवल काफी बढ़ा है। बच्चों में इमेजिंग क्षमता और अभिव्यक्ति कौशलों का भी तेजी से ग्रोथ हुआ है। पहले पढ़ाई के प्रति रूचि का अभाव रहता था। आज वही बच्चे शिक्षा लेने के लिए स्कूल से लेकर ट्यूशन तक काफी सक्रिय रहते हैं लेकिन यह विडंबना ही है कि आज की शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के संपन्न परिवार के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पठन-पाठन कर रहे हैं। इससे इतर गरीब, मजदूर व मध्यम किसान वर्ग के नौनिहालों की शिक्षा पूर्णत: सरकारी विद्यालयों पर निर्भर है। आजादी के सात दशक उपरांत हमने जितनी तरक्की कर ली हो, लेकिन आज भी यह हकीकत है कि भारत में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था लागू है। एक ही गांव से कुछ संपन्न बच्चे प्राइवेट स्कूल जाते हैं, तो दूसरी ओर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के बच्चे सरकारी स्कूल जाते हैं।

एक समय में नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय आदि की पूरी दुनिया में धाक रही है। ऐसे में संकल्प लेने की जरूरत है कि शिक्षा की लौ जलाने में स्थानीय लोग भी शैक्षिक विकास की दिशा में सहभागिता व सक्रियता निभाएं। शिक्षक व शिक्षालय के जरिए ही राष्ट्र के नागरिक जागरूक, सशक्त, स्वावलंबी एवं जिम्मेदार बन सकते हैं। वास्तव में, एक शिक्षक ही देश के ज़िम्मेदार नागरिक तैयार करने का असली शिल्पकार है।

**अमृतांज इंदीवर**

### आपके पत्र

## आरक्षण की मांग सड़कों पर उतरी, तोड़फोड़ और आगजनी से जनजीवन आहत

आरक्षण की मांग इस देश में नई नहीं है। हर समुदाय अपने परिवार के भावी जीवन को संवारने आरक्षण के लिए सड़कों पर उतरता देखा जा रहा है। मराठा आरक्षण आंदोलन सुलग उठा। मनोज जरांगे के नेतृत्व में आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठी भांजी। मराठा आरक्षण को 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की मांग को खारिज कर दिया था। 2018 में मराठा आरक्षण बिल पास किया गया था। शैक्षिणक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। इस बिल के खिलाफ मेडिकल छात्र मुम्बई हाईकोर्ट में चले गए। कोर्ट ने 2019 में इसे घटाकर तर्क दिया गया कि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार होती है तो इसमें सुप्रीम कोर्ट की इंदिरा साहनी केस और मंडल कमीशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होता है। महाराष्ट्र में पहले से 52 फीसदी आरक्षण चला आ रहा है। जो देश में सबसे ज्यादा है। अनुसूचित जाति 15 फीसदी, अनुसूचित जनजाति 7.5 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी और अन्य 2.5 फीसदी लागू है। लेकिन मराठा समुदाय सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने और आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। मराठा महाराष्ट्र में 30 प्रतिशत आबादी के धनी है। किसान जमींदार के इस वर्ग की सरकार से आरक्षण की मांग है। 2018 से मराठा आरक्षण को लेकर बहुत बड़ा आंदोलन हुआ था। प्रदेश में ज्यादातर मुख्यमंत्री मराठा रहे हैं और प्रदेश की राजनीति में मराठाओं का बहुत बड़ा प्रभाव है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मराठा आरक्षण के पक्ष में हैं। लेकिन ये नेता मजबूर हैं क्योंकि यह केस सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राज्यसेवाओं में 2 फीसदी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान किया गया है तो 19 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। मिजोरम, नगालैंड में ओबीसी कैटेगरी नहीं है। केरल में 40 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण राज्य सेवाओं में मिल रहा है। मेघालय में किसी भी समुदाय आरक्षण का प्रावधान नहीं है। बिहार में आरक्षण कोटा कुल 33 प्रतिशत है। महाराष्ट्र की लड़ाई राज्य सरकार से है लेकिन यह पेंच सुप्रीम कोर्ट में अटका हुआ है जिसके कारण सरकार भी मजबूर है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## रोमानिया के गैस स्टेशन में विस्फोट से चार की मौत

**चिसीनाउ।** रोमानियाई शहर क्रेवेडिया के एक गैस स्टेशन में विस्फोट होने से घायल हुए एक अन्य व्यक्ति की सोमवार सुबह मौत हो गई, जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या चार हो गई है। बुखारेस्ट के फ्लोरेस्का आपातकालीन अस्पताल ने यह जानकारी दी। रोमानियाई के शहर क्रेवेडिया में 19 अगस्त को गैस स्टेशन पर सिलसिलेवार विस्फोट हुए। रोमानियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने 31 अगस्त को कहा कि इस घटना में तीन लोग मारे गए और 58 लोग घायल हुए हैं।

# चीनी राष्ट्रपति के जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने पर बाइडेन निराश

■ दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन को हो रहा है आयोजन



**वाशिंगटन,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस सप्ताह नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग की संभावित अनुपस्थिति पर 'निराशा' व्यक्त की है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, समाचार रिपोर्टों के अनुसार, चीनी प्रधान मंत्री ली कियांग के 8 से 10 सितंबर तक भारतीय राजधानी में होने वाले शिखर सम्मेलन में चीन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है। बाइडेन ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, मैं निराश हूं, लेकिन मैं उनसे मिलने जा रहा हूं। आखिरी बार दोनों राष्ट्रपतियों की मुलाकात 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी20 शिखर सम्मेलन में हुई थी। शी ने पहले कहा था कि वह शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे, लेकिन चीन के विदेश मंत्रालय ने 31 अगस्त को प्रेस वार्ता में उनकी उपस्थिति की पुष्टि नहीं की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग के नेताओं के बीच एक बैठक में शी और बाइडेन की मुलाकात हो सकती है।

### चीन के प्रधानमंत्री सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**बीजिंग।** भारत में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में चीन की स्टेट काउंसिल के प्रधानमंत्री ली कियांग हिस्सा लेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्री माओ ने संवाददाताओं से कहा, भारत सरकार के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री ली कियांग नौ-10 सितंबर को नयी दिल्ली में 18वें जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।



### चीन उच्च स्तरीय खुलापन बढ़ाएगा : शी चिनफिंग

**बीजिंग।** वर्ष 2023 का चीन अंतर्राष्ट्रीय सेवा व्यापार मेला 2 सितंबर को पेइचिंग में उद्घाटित हुआ। इसके लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने वीडियो संदेश भेजा। उन्होंने उच्च स्तरीय खुलापन बढ़ाने का वचन दिया। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन अपने विशाल बाजार के अवसर से विश्व आर्थिक विकास में नई उम्मीद जगाएगा और विश्व अर्थव्यवस्था को निरंतर सुधार के पथ पर आगे बढ़ाएगा। बताया जाता है कि पहले अंतर्राष्ट्रीय सेवा व्यापार मेले का आयोजन वर्ष 2012 में हुआ था। पिछले दस से अधिक सालों में यह मेला विश्व सेवा व्यापार के क्षेत्र में सबसे बड़ी प्रदर्शनी और व्यापार का मंच बन गया है। मेले में 51 देश, 24 अंतर्राष्ट्रीय संगठन, 2,200 से अधिक उद्यम और 500 से अधिक कंपनियां हिस्सा ले रही हैं।

# नासा का स्पेसएक्स क्रू-6 पृथ्वी पर लौटा



**लॉस एंजिल्स,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की स्पेस एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने कहा कि स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार उसके स्पेसएक्स क्रू-6 अंतरिक्ष यात्री सोमवार तड़के दक्षिणपूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतर गये। चार सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय दल, में नासा के अंतरिक्ष यात्री स्टीफन बोवेन और वुडी होबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल नेयादी और रोस्कोस्मोस (रूस के राज्य अंतरिक्ष निगम) के अंतरिक्ष यात्री एंड्री फेडयेव शामिल थे। अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 7:05 बजे अलग हुआ। यह मिशन दो मार्च को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था और अगले दिन आईएसएस पर पहुंच गया। दल के सदस्य छह माह से आईएसएस पर रहकर वहां काम कर रहे थे। नासा के अनुसार, दल के सदस्यों ने पृथ्वी की निचली कक्षा से परे अन्वेषण की तैयारी करने और पृथ्वी पर जीवन को लाभ पहुंचाने के लिए छात्र रोबोटिक चुनौतियों, पौधों के आनुवंशिकी और माइक्रोग्रैविटी में मानव स्वास्थ्य सहित सैकड़ों प्रयोगों और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों में योगदान दिया। मिशन, कोडनेम क्रू-6, नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ड्रैगन अंतरिक्ष यान की छठी क्रू रोटेशन उड़ान है।

## सुडोकू 6307

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 5 सितम्बर, 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है।

वृषभ - घर के सदस्यों के साथ आप आवश्यक चर्चा करेंगे। घर की सुंदरता बढ़ाने में व्यस्त रहने वाले हैं। मां का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। कार्यालय में अधिकारियों के साथ मधुर संबंध बनेंगे।

मिथुन - पारिवारिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर आवश्यक चर्चाओं में व्यस्त रहने वाले हैं। काम का भार बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ ढीलापन आएगा।

कर्क - आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो। स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा।

सिंह - आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा। परिवार में भी आनंद का वातावरण होगा।

कन्या - आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। इससे आपका काम बिगड़े नहीं इसका ध्यान रखें।

तुला - आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। दोपहर के बाद आप वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक - किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। धन-सम्बंधित आयोजन के लिए समय शुभ है।

धनु - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

मकर - आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावना को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

कुंभ - आवश्यक काम का निर्णय आज ना लें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत के लिए समय अभी इंतजार करने का है। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर चिंता बढ़ेगी।

मीन - आज धन का खर्च अधिक हो जाने से आप चिंता में रह सकती है। किसी से मनमुटाव और तनाव हो सकता है। आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। आर्थिक विषय में संभलकर चलें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## चीन में साओला तूफान ने मचाई तबाही



**बीजिंग,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत गुआंग्डोंग में शक्तिशाली तूफान साओला के कारण हुई भारी वर्षा से अचानक बाढ़ गयी, जिसमें फंसे लोगों में से लगभग करीब आठ हजार लोगों को निकाल कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया है। युनफू शहर के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आपातकालीन स्थितियों पर स्थानीय प्राधिकारी ने बताया कि तूफान के कारण लंबे समय तक हुई भारी वर्षा के कारण लुओडिंग नदी में जल स्तर सामान्य स्तर से ऊपर बढ़ने से यह क्षेत्र जलमग्न हो गया। उन्होंने कहा, तीन सितंबर को स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 02:25 बजे तक 7,960 से अधिक लोगों को युनान काउंटी के जलमग्न इलाकों से बाहर निकाला गया। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि चीन के दक्षिणी क्षेत्र में तूफान के कारण उच्चतम स्तर की आपातकालीन प्रतिक्रियाएं दी जाएंगी।

**आठ हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया**

# यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव बर्खास्त



**कीव,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने इसकी घोषणा की है। ओलेक्सी रेजनिकोव की जगह यूक्रेन के राज्य संपत्ति कोष चलाने वाले रुस्तम उमेरोव यूक्रेन के रक्षा मंत्री का स्थान ग्रहण करेंगे। फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत से पहले से ही श्री रेज़निकोव ने रक्षा मंत्रालय का नेतृत्व किया था लेकिन अपने रात्रिकालीन संबोधन में,इस फैसले की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह रक्षा मंत्रालय में 'नए दृष्टिकोण ' का समय है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने राजधानी कीव से अपने संबोधन में कहा, मेरा मानना है कि मंत्रालय को सेना और समाज दोनों के साथ नए दृष्टिकोण और बातचीत के अन्य प्रारूपों की आवश्यकता है। यूक्रेनी मीडिया ने अनुमान लगाया है कि श्री रेज़निकोव लंदन में कीव के नए राजदूत बनेंगे, जहां उन्होंने वरिष्ठ राजनेताओं के साथ अच्छे संबंध विकसित किए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पूर्व रक्षा मंत्री ने संवाददाताओं से कहा था कि यदि श्री ज़ेलेंस्की उन्हें किसी अन्य परियोजना पर काम करने का अवसर प्रदान करते हैं तो वह संभवत: सहमत होंगे।

### रूसी सेना ने कालासागर में नष्ट कर दीं चार अमेरिकी नौकाएं

**मॉस्को।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लैंडिंग सैनिकों के साथ विलार्ड सी फोर्स की चार अमेरिकी निर्मित तेज हमला नौकाओं को रातोंरात काला सागर में नष्ट कर दिया गया,रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी । मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के समूह विमान केप तारखानकुट क्रीमिया तट की ओर बढ़ रहे थे तभी रूस काला सागर बेड़े के नौसैनिक विमानन के विमानों ने काला सागर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में उनके साथ चार अमेरिकी निर्मित तेज सैन्य नौकाओं को नष्ट कर दिया।''

## वर्ग पहेली 6307

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6306

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | ष्प | २ रा | ज | ३ य | ■ | ४ वि | भा | ५ ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | ६ म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| ७ दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ८ ल | प | क | ९ ना |
| यी | ■ | ह | ■ | १० त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ ब | ल | १२ आ | ना | ■ | ■ | १३ घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | १४ पिं | ज | रा | ■ | य |
| १५ वै | धा | १६ नि | क | ■ | ज | ■ | १७ ना | १८ का | म |
| त | ■ | रू | ■ | १९ दू | र | २० स्थ | ■ | हि | ■ |
| २१ नि | ष्पा | प | ■ | भ | ■ | २२ ल | ह | रा | २३ ना |
| क | ■ | २४ म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# सूडान की राजधानी खार्तूम में आरएसएफ के हमले 16 नागरिकों की मौत



**खार्तूम,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडान की राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में 16 नागरिक मारे गए हैं। यह जानकारी सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) ने रविवार को दी। सेना ने कहा कि आरएसएफ ने खार्तूम के पश्चिमोत्तर में उत्तरी ओमडुरमन में करारी और वाड अल-बखित इलाकों में 'अंधाधुंध गोलाबारी' की, जिसमें 13 नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सेना ने कहा, आरएसएफ ने अल-मसीद क्षेत्र (खार्तूम के दक्षिण) में भी हमला किया और नागरिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें तीन नागरिकों की मौत हो गई। सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि खार्तूम के दक्षिण में अल-शजारा क्षेत्र में भी दोनों सेनाओं के बीच झड़पें हुईं, जिसमें आरएसएफ के पांच सदस्य मारे गए और छह अन्य घायल हो गए।

### अल्जीरिया में बाढ़ के कारण आठ लोगों की मौत

**अल्जीयर्स।** पश्चिमी अल्जीरिया में विनाशकारी बाढ़ से आठ लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा सेवा ने रविवार को दी। नागरिक सुरक्षा सेवा की ओर से जारी बयान में कहा गया कि शनिवार शाम को आई बाढ़ में त्लेमसेन प्रांत में एक वाहन बह गया, जिसके काण दो पुरुषों और दो महिलाओं की जान चली गई। वहीं, अल बयाद प्रांत में एक वाहन के बाढ़ में बह जाने की वजह से दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। बाद में प्रांत में एक और व्यक्ति मृत पाया गया।

## जकार्ता में आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू

**जकार्ता,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सोमवार से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई और यह बैठक सात सितंबर तक चलेगी। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के मंगलवार और बुधवार को आसियान-इंडो-पैसिफिक फोरम (एआईपीएफ) में भाग लेने की उम्मीद है। एआईपीएफ आसियान-संबंधित बैठकों के मौके पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें उच्च स्तरीय वार्ता, पैनल चर्चा और उद्योग तथा व्यापार से संबंधित बैठकें होंगी। सुश्री हैरिस पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगी, जिसमें अर्थव्यवस्था, हरित बुनियादी ढांचे, आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल परिवर्तन, टिकाऊ और अभिनव वित्तपोषण पर चर्चा होगी। आसियान 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों अर्थात् ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम का संघ है, जिसका उद्देश्य अपने सदस्यों के बीच राजनीतिक और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इंडोनेशिया इस वर्ष आसियान की अध्यक्षता कर रहा है।

## आज का इतिहास

1666-इंग्लैंड के लंदन में भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
1836-मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
1839-चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
1882-अमेरिका में पहला श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
1885-अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
1887-इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।
1888-भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।
1914-विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
1920-मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ।
1948-रॉबर्ट सुमन फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1960-मुहम्मद अली के नाम से मशहूर अमेरिकी बॉक्सर कैसियस क्ले ने ओलंपिक में लाइट हेवीवेट का स्वर्ण पदक जीता।
1969-पहली स्वचालित टेलर मशीन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के रॉकविल केंद्र में स्थापित की गई।
1991-दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।

**स्वास्थ्य** पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023' का घोषणापत्र जारी

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का वैज्ञानिक परीक्षण जरूरी : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्ल्यूएचओ ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के कठोर वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि सभी के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए इनका समग्रता और बेहतर समझदारी के साथ आकलन किया जाना चाहिए।

आयुष मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ ने 'प्रथम डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023' का 'गुजरात घोषणापत्र' जारी कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार डब्ल्यूएचओ का गुजरात घोषणापत्र वैश्विक प्रतिबद्धता और सभी के लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण का लक्ष्य पाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा क्षमता के उपयोग की पुष्टि करता है।

घोषणापत्र ने स्वदेशी ज्ञान, जैव विविधता और पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लिए समग्रता, संदर्भ-विशिष्ट, बेहतर समझ, आकलन और कठोर वैज्ञानिक तरीकों के प्रयोग की आवश्यकता है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि गुजरात घोषणापत्र पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के हमारे प्राचीन ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानाम घेब्रेयेस ने कहा कि गुजरात घोषणापत्र विज्ञान के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का दोहन करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में पारंपरिक औषधियों के एकीकरण पर फोकस करेगा और पारंपरिक चिकित्सा की शक्ति प्रकट करने में मदद करेगा।

### वैक्सीन पर मिथकों को दूर करने में मदद कर सकता है चैटजीपीटी



**लंदन।** ओपनएआई का चैटजीपीटी जैब (वैक्सीनेशन) सेफ्टी के बारे में सोशल मीडिया पर मिथकों को दूर करके वैक्सीन की खपत बढ़ाने में मद कर सकता है। इसका पता एक स्टडी से चला है। स्पेन में सैंटियागो डी कॉम्पोस्टेला के इंस्टीट्यूटो डी इन्वेस्टिगेशन सैनिटेरिया (आईडीआईएस)- हॉस्पिटल क्लिनिको यूनिवर्सिटारियो के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट से टॉप 50 सबसे ज्यादा बार पूछे जाने वाले कोविड-19 वैक्सीन से संबंधित सवाल पूछे।

## दुनिया को जानें

# फिनलैंड में किया जा रहा डिजिटल यात्रा दस्तावेज परीक्षण

**हेलसिंकी,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दुनिया में पहली बार फिनलैंड में डिजिटल यात्रा दस्तावेज का परीक्षण किया जा रहा है। बॉर्डर गार्ड की प्रतिनिधि मीरा एलोपियस ने सोमवार को आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी।

सुश्री एलोपियस ने कहा, फिनिश बॉर्डर गार्ड हेलसिंकी हवाई अड्डे पर सीमा नियंत्रण पर डिजिटल यात्रा दस्तावेज़ का परीक्षण करने के लिए ब्रिटेन से फिनएयर उड़ानों के यात्रियों को आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि केवल फिनिश नागरिकों के लिए डिजिटल यात्रा दस्तावेज़ों को जारी किया गया है, जो लंदन, मैनचेस्टर और एडिनबर्ग मार्गों पर फिनएयर ध्वज वाहक के साथ यात्रा कर रहे हैं। फरवरी 2024 के अंत तक अधिक संख्या में नागरिक सीमा नियंत्रण से गुजरने में सक्षम हो सकेंगे। फिनलैंड के नागरिक स्वैच्छिक डिजिटल ट्रैवल क्रेडेंशियल्स (डीटीसी) उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकरण करके डिजिटल पासपोर्ट का परीक्षण कर सकते हैं और फ़िनलैंड छोड़ने या यहां पहुंचने के लिए सीमा नियंत्रण पर डिजिटल पासपोर्ट का उपयोग कर सकते हैं।

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत में नियामक अनिश्चितता पैदा करने के लिए चुनिंदा ओटीटी ऐप्स पर लगाया जा रहा प्रतिबंध : उपभोक्ता समूह

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा कानून और व्यवस्था की स्थिति की स्थिति में चुनिंदा रूप से ओटीटी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्तावित विनियमन पर अपनी चिंता जताते हुए कम से कम 11 उपभोक्ता समूहों ने सोमवार को इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई और कहा

**■ ओटीटी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्तावित विनियमन पर अपनी चिंता जताते हुए कम से कम 11 उपभोक्ता समूहों ने सोमवार को इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई और कहा कि इससे अतिविनियमन को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू बाजार में नियामक अनिश्चितता पैदा होगी**

कि इससे अतिविनियमन को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू बाजार में नियामक अनिश्चितता पैदा होगी। कंज्यूमर यूनिटी एंड ट्रस्ट सोसाइटी (सीयूटीएस), कंज्यूमर गाइडेंस सोसाइटी और कंज्यूमर गिल्ड सहित संगठनों द्वारा उद्धृत चिंताओं में से एक यह है कि ओटीटी सेवा प्रदाता पहले से ही आईटी अधिनियम 2000 के तहत विनियमित हैं, जिसे डिजिटल इंडिया एक्ट (डीआईए) द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। इसलिए, इस तरह के परामर्श को डिजिटल इंडिया अधिनियम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और ट्राई जैसे नियामकों द्वारा किसी




भी अन्य अतिरिक्त परामर्श से भी नियामक संरचना का ओवरलैप हो जाएगा।

ट्राई ने जुलाई में ओटीटी संचार ऐप्स को विनियमित करने के मुद्दे की जांच करने की प्रक्रिया शुरू की। सीयूटीएस के अमोल कुलकर्णी और शिक्षा श्रीवास्तव ने कहा, 'ओटीटी अनुप्रयोगों और सेवाओं पर चयनात्मक प्रतिबंध लगाने का प्रस्तावित ढांचा अत्यधिक विनियमन का मामला होगा और नवाचार को दबाने के अनपेक्षित परिणाम होंगे।' सीयूटीएस ने कहा, 'चयनात्मक प्रतिबंध पर इस तरह का परामर्श डीआईए पर परामर्श का एक हिस्सा होना चाहिए। इसके अलावा, इसे कैसे किया जा सकता है, यह भी अस्पष्ट है।' ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) ने सोमवार को कहा कि ओटीटी को मौजूदा आईटी अधिनियम, 2000 और अन्य संबंधित अधिनियमों और नियमों के तहत पर्याप्त रूप से विनियमित किया गया है। बीआईएफ ने तर्क दिया कि आईटी अधिनियम और 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम सहित मौजूदा कानून, ओटीटी सेवाओं के नियामक, आर्थिक, सुरक्षा, गोपनीयता, सुरक्षा और उपभोक्ता शिकायत पहलुओं को पर्याप्त रूप से संबोधित करते हैं। इसके अलावा, सरकारी एजेंसियों के पास कानूनी अवरोधन के लिए आईटी अधिनियम की धारा 69, 69ए और 69बी के तहत आवश्यक शक्तियां हैं, जिससे अतिरिक्त नियामक बोझ की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। बीआईएफ भी ओटीटी सेवाओं पर किसी भी चयनात्मक प्रतिबंध का दृढ़ता से विरोध करता है, उसे विश ?वास है कि ऐसे उपाय मौलिक अधिकारों की जांच में सफल नहीं होंगे, जबकि ओटीटी एप्लिकेशन स्तर पर काम करते हैं, टीएसपी नेटवर्क बुनियादी ढांचा प्रदान करते हैं। बीआईएफ ने कहा, 'इसके अलावा, उन्हें समान अधिकार प्राप्त नहीं हैं; टीएसपी के पास अद्वितीय और विशिष्ट अधिकार हैं, जिसमें हस्तक्षेप-मुक्त स्पेक्ट्रम का अधिकार, रास्ते का अधिकार, एक अद्वितीय नंबरिंग योजना और इंटरकनेक्शन अधिकार शामिल हैं, जो ओटीटी के पास नहीं हैं।' इन मूलभूत अंतरों से यह निष्कर्ष निकलता है कि ओटीटी सेवाएं और टीएसपी सेवाएं एक ही प्रासंगिक बाजार से संबंधित नहीं हैं।

बीआईएफ के अध्यक्ष टीवी रामचंद्रन ने कहा, 'ओटीटी ने डिजिटल उपकरणों और सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है, उत्पादकता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देकर जीवन को समृद्ध बनाया है और व्यक्तियों को सशक्त बनाया है।

# भारतीय एडटेक फंडिंग में 48 प्रतिशत की गिरावट, इस साल कोई नया यूनिकॉर्न नहीं

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय एडटेक क्षेत्र में कुल फंडिंग में 2022 की समान अवधि की तुलना में इस साल 48 प्रतिशत और 2021 में इसी अवधि की तुलना में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस वर्ष (7 अगस्त तक) 10 करोड़ डॉलर से अधिक का केवल एक फंडिंग राउंड हुआ। एक प्रमुख मार्केट इंटेलिजेंस कंपनी ट्रैक्सन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, घरेलू एडटेक स्टार्टअप्स में अब तक की अधिकांश फंडिंग दूसरी तिमाही में 71.3 करोड़ डॉलर की हुई है, जो इस साल जुटाई गई कुल फंडिंग का 73.4 प्रतिशत है।

एडटेक बाजार को ऑनलाइन शिक्षा की घटती मांग, चल रही फंडिंग की कमी, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बढ़ती ब्याज दरों और आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फंडिंग राउंड की संख्या में 2022 और 2021 की इसी अवधि की तुलना में 2023 में क्रमश: 77 प्रतिशत और 82 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

इस साल अब तक 87.9 करोड़ डॉलर का लेट-स्टेज निवेश दर्ज किया गया, जो कुल फंडिंग में 90 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। यह 2022 की इसी अवधि में जुटाए गए 1.14 अरब डॉलर की तुलना में 23 प्रतिशत की गिरावट है। रिपोर्ट से पता चलता है कि 2023 में अब तक 7.57 करोड़ के प्रारंभिक चरण का निवेश दर्ज किया गया




था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में जुटाए गए 61.8 करोड़ डॉलर से 88 प्रतिशत कम है। इस वर्ष इस क्षेत्र में कोई नया यूनिकॉर्न नहीं उभरा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में दो नये यूनिकॉर्न बने थे। शहरों में, बेंगलुरु अब तक जुटाई गई कुल धनराशि के मामले में सबसे आगे है, उसके बाद क्रमश: मुंबई और गुरुग्राम हैं। पिछले दो वर्षों में, वी फाउंडर सर्कल, पीक एक्सवी पार्टनर्स और एमएमपीएल ट्रस्ट इस क्षेत्र में सबसे सक्रिय निवेशक थे।

## निस्बड, एआईसीटीई, सीबीएसई ने मेटा के साथ किए सहयोग के समझौते

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उद्यमियों की मदद और उद्यमिता विकास के क्षेत्र में सहयोग के लिए शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और मेटा (पूर्व में फेसबुक) के बीच तीन साल की साझेदारी - 'एजुकेशन टू एंटरप्रेन्योरशिप (शिक्षा से उद्यमशीलता) के शुभारंभ की सोमवार को यहां घोषणा की। श्री प्रधान ने कहा कि यह साझेदारी छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी को सशक्त बनाएगी। मेटा, निस्बड (राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु उद्यम विकास संस्थान), एआईसीटीई (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद) और सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद) के बीच तीन लेटर आशय-पत्रो (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया। शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

श्री प्रधान ने कहा कि आज शुरू की गई पहल भारत को विश्व की कौशल राजधानी बनाने और हमारी अमृत पीढी को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा करने के काम को आगे बढ़ाने के लिए है।

# ईएमएस लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए 200-211 रुपए का प्राइस बैंड तय किया

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। जल और सीवरेज इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ईएमएस लिमिटेड ने सोमवार को अपने आगामी आईपीओ के लिए 200-211 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के मूल्य बैंड की घोषणा की। प्रमोटर, रामवीर सिंह द्वारा ऑफर फॉर सेल के तहत 82,94,118 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। इसके अलावा नये इक्विटी शेयर जारी कर 146.24 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ शुक्रवार को खुलने वाला है। कंपनी का इश्यू एंकर हिस्से के लिए गुरुवार, 7 सितंबर 2023 को खुलेगा और मंगलवार, 12 सितंबर 2023 को जनता के लिए बंद हो जाएगा। ऊपरी मूल्य बैंड पर, कंपनी का आईपीओ आकार 320-321 करोड़ रुपए होगा। ताजा निर्गम से प्राप्त आय दैनंदिन गतिविधियों के लिए पूंजी




आवश्यकताओं और अन्य सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करेगी। खंबाटा सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू का एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इश्यू का रजिस्ट्रार है। कंपनी ने पहले ही 211 रुपए के निर्गम मूल्य पर 33.76 करोड़ रुपए के 16,00,000 इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। तदनुसार, ताजा इश्यू का आकार घटाकर 146.24 करोड़ रुपए कर दिया गया और प्रमोटर रामवीर सिंह द्वारा 82.94 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश की गई है। फिलहाल सिंह के पास कंपनी की 97.81 फीसदी हिस्सेदारी है। ईएमएस की स्थापना 21 दिसम्बर 2010 को की गई थी। यह सरकारी अधिकारियों और स्थानीय निकायों के लिए सीवरेज समाधान, जल आपूर्ति प्रणालियों और अपशिष्ट जल योजनाओं में ईपीसी और ओएंडएम से लेकर विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है। कंपनी का मुख्यालय गाजियाबाद में है। यह पानी और सीवरेज इन्फ्रा समाधान प्रदान करती है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान राज्यों में सीवरेज नेटवर्क बिछाने से लेकर सीवरेज और जल उपचार संयंत्र बनाने तक शामिल है।

## सार संक्षेप

### शिव नादर विश्वविद्यालय के 10के चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

नई दिल्ली। शिव नादर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 10 के चैलेंज के विजेताओं की घोषणा कर दी गयी है जिसमें पुरुषों वर्ग के विजेता प्रशांत चौधरी बने हैं वहीं महिला वर्ग की विजेजता सोनम रही हैं। संस्थान ने आज यहां जारी बयान में कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस चैलेंज में पुरुष वर्ग में सोनू कुशवाह पहले उप विजेता और यूनुस शाह दूसरे उप विजेता रहे हैं। इसी तरह से महिला वर्ग में निशा कुमारी और अर्पिता सैनी ने प्रथम और द्वितीय उप विजेता रही हैं। इस चैलेंज में पुरुषों के 5के चैलेंज के कड़े मुकाबले में अबधेश चौधरी विजयी रहे। वहीं चेतन कुमार और अभिषेक श्रीवास्तव प्रथम और द्वितीय विजेता बने। महिलाओं की 5के चैलेंज में तनीषा विजेता बनकर उभरीं, वहीं प्रियंका ने प्रथम तो प्रियंका भाटी दूसरी उप विजेता रहीं। इस कार्यक्रम को तीन श्रेणियों, 5के वॉक, 5के रन और 10के रन में बांटा गया था।

### मास्टरकार्ड का गेस्ट चेकआउट ट्रांजेक्शन की सुरक्षा बढ़ाने का समाधान

नई दिल्ली। मास्टरकार्ड ने आज गेस्ट चेकआउट ट्रांजेक्शन के लिए एएलटी आईडी समाधान लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि एएलटी आईडी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर गेस्ट चेकआउट ट्रांजेक्शन के दौरान कार्डधारकों द्वारा प्रदान किए गए वास्तविक कार्ड नंबरों के लिए एक वैकल्पिक पहचानकर्ता बनाने के लिए मास्टरकार्ड द्वारा विकसित एक कस्टम-मेड क्षमता है। यह समाधान व्यापारियों और उपभोक्ताओं, दोनों के लिए ऑनलाइन भुगतान संबंधी सुरक्षा को बढ़ाएगा। मास्टरकार्ड एएलटी आईडी सॉल्यूशन उन कार्डधारकों के लिए है, जो अपने कार्ड को सेव किए बिना लेनदेन करते हैं, जिसे गेस्ट चेकआउट भी कहा जाता है। यह प्रत्येक कार्ड के लिए एक वैकल्पिक पहचानकर्ता बनाता है और संग्रहीत करता है, जिससे ऐसे ऑनलाइन भुगतान की सुरक्षा बढ़ जाती है। एएलटी आईडी सॉल्यूशन कार्डधारकों को कई लाभ प्रदान करेगा, जैसे मर्चेंट वेबसाइटों पर कार्ड नंबर का स्टोर न होना और संभावित डेटा उल्लंघनों से सुरक्षा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग निकलने से दालें 550 रुपए प्रति क्विंटल तक महंगी हो गई। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3875 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की तेजी लेकर 63.57 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## महेन्द्र सिंह धोनी बने स्वराज ट्रेक्टर के ब्रांड एंबेसडर, नये ट्रेक्टर लाँच

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। महिंद्रा समूह के स्वराज ट्रैक्टर्स ने पूर्व क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा के साथ आज 40 से 50 एचपी श्रेणी में ट्रैक्टरों की नई रेंज पेश की। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर के अध्यक्ष हेमंत सिक्का ने नये ट्रेक्टर लाँच करने के मौके पर कहा कि हरित क्रांति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और भारत के पहले स्वदेशी ट्रैक्टर के लिए प्रसिद्ध नई स्वराज रेंज भारत के कृषि मशीनीकरण को आगे बढ़ाने और भारतीय किसानों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वराज ट्रैक्टर्स के समर्पण का प्रतीक है। नई रेंज भारत के तेजी से बढ़ते और प्रमुख 40-50 एचपी ट्रैक्टर सेगमेंट में स्वराज के उत्पाद पोर्टफोलियो की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के प्रति समर्पण के साथ, यह रेंज इस सेगमेंट में प्रदर्शन के नए मानक स्थापित करती है। ये ट्रैक्टर नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकी के साथ सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर विजय पाने के लिए बेजोड़ शक्ति, विश्वसनीयता और स्टाइल की पेशकश करते हैं। उन्होंने कहा कि भारी और नवीनतम उपकरणों को आसानी से संभालने के लिए डिज़ाइन की गई, नई रेंज कृषि कार्यों को नए सिरे से परिभाषित करती है, जिससे सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य भी आसान हो जाते हैं। ये ट्रैक्टर आधुनिक कृषि की मांगों को पूरा करते हुए मौजूदा और उभरते अनुप्रयोगों में असाधारण क्षमता और बेहतर उत्पादकता का दावा करते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के स्वराज डिवीजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरीश चव्हाण ने नए ट्रैक्टरों के लॉन्च पर कहा, 'इस नई ट्रैक्टर रेंज के साथ, हम मौलिक क्षमता, विश्वसनीयता को बढ़ाकर और भविष्य की कृषि यंत्रीकरण आवश्यकताओं के लिए इसे तैयार करके ब्रांड को भविष्य में आगे बढ़ा रहे हैं।

**सूचना**

**सर्वसाधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से इंडियन पार्टनेशिप एक्ट, 1932 की धारा 63 ( 1 ) नियम 4 के अधिन सूचना दी जाती है कि भागीदारी फर्म मेसर्स आर्या इलेक्ट्रिकल्स रायपुर जिसका फर्म रजिस्ट्रेशन क्रमांक 275/1993-94 पंजीयन क्रमांक 04/09/1993 है। यह भागीदारी फर्म में दो भागीदार श्री विवेक अरोरा, श्री विवेक गौतम है। यह कि भागीदारी फर्म में पूर्व के भागीदार क्रमांक 2 श्री विवेक गौतम बहिर्गामी भागीदार, अपनी स्वेच्छा से आर्या इलेक्ट्रक्लस से अपनी भागीदारी दिनांक 31.03.2016 को छोड दिये हैं। यह कि भागीदारी फर्म में नवीन आगंतुक भागीदार श्रीमती गार्गी अरोरा दिनांक 31.03.2016 से सम्मिलित हुई हैं। यह कि दिनांक 31.03.2016 को फर्म में अब दो भागीदार श्री विवेक अरोरा ( अविस्त भागीदार ) श्रीमती गार्गी अरोरा भागीदार हैं।**

**उपरोक्त परिवर्तन दिनांक 31.03.2016 से किया गया है।**

**श्री विवेक अरोरा** — **अविरत भागीदार**
**श्रीमती गार्गी अरोरा** — **आगंतुक भागीदार**
**श्री विवेक गौतम** — **बहर्गामी भागीदार**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AJAY KUMAR JAIN S/O RATAN CHAND JAIN resident of HNO.17, NEW PANCHSHEEL NAGAR, CIVIL LINE, RAIPUR. DISTRICT -RAIPUR-492001 (C.G.) have changed my old name AJAY KUMAR JAIN S/O RATAN CHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is AJAY JAIN S/O RATAN CHAND JAIN in all Government and other documents.

**AJAY JAIN**
HNO.17, NEW PANCHSHEEL NAGAR, CIVIL LINE, RAIPUR. DISTRICT -RAIPUR-492001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AJEET KUMAR VERMA S/O TANSINGH VERMA resident of H.NO. 21, STREET NO.01, AVANTI GREENS, DALDAL SEONI, RAIPUR (C.G.) 492014 have changed my old name AJEET KUMAR VERMA S/O TANSINGH VERMA so in future I should be recognized by my new name that is AJIT VERMA S/O TANSINGH VERMA in all Government and other documents.

**AJIT VERMA**
H.NO. 21, STREET NO.01, AVANTI GREENS, DALDAL SEONI, RAIPUR (C.G.) 492014

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DHARAM CHAND CHOPDA S/O GULAB CHAND CHOPDA resident of 31, CHOPDA HOUSE VIVEKANAND NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name DHARAM CHAND CHOPDA S/O GULAB CHAND CHOPDA so in future I should be recognized by my new name that is DHARAM CHOPDA S/O GULAB CHAND CHOPDA in all Government and other documents.

**DHARAM CHOPDA**
31, CHOPDA HOUSE VIVEKANAND NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JAGRITI D/O NANDU RAM resident of QTR NO. R-16/C, WARD NO. 48, KUTHREL NAHAR PARA DURG (C.G.) have changed my old name JAGRITI D/O NANDU RAM so in future I should be recognized by my new name that is JAGRITI CHANDRAKAR D/O NANDU RAM in all Government and other documents.

**JAGRITI CHANDRAKAR**
QTR NO. R-16/C, WARD NO. 48, KUTHREL NAHAR PARA DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, YADAV ADITEE RADHESHYAM D/O RADHESHYAM YADAV resident of G-4 PHASE-3 NEAR HANUMAN MANDIR WOOD I LAND COLONY AMLESER DURG (C.G.) 491111 have changed my old name YADAV ADITEE RADHESHYAM D/O RADHESHYAM YADAV so in future I should be recognized by my new name that is ADITI NARESH YADAV W/O NARESH JAIRAM YADAV in all Government and other documents.

**ADITI NARESH YADAV**
G-4 PHASE-3 NEAR HANUMAN MANDIR WOOD I LAND COLONY AMLESER DURG (C.G.) 491111

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PRASAHNT DWIVEDI S/O JAGMOHAN DWIVEDI resident of MIG 93, PH2, HOUSING BOARD, KABIR NAGAR, TATIBANDH, RAIPUR 492099 (C.G.) have changed my old name PRASAHNT DWIVEDI S/O JAGMOHAN DWIVEDI so in future I should be recognized by my new name that is PRASHANT DWIVEDI S/O JAGMOHAN DWIVEDI in all Government and other documents.

**PRASHANT DWIVEDI**
MIG 93, PH2, HOUSING BOARD, KABIR NAGAR, TATIBANDH, RAIPUR 492099 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AMIN MEMON S/O ASRAF MEMON resident of HNO. 139, WARD NO. 01, AMBEDKAR CHOWK, GARIABAND, (C.G.), INDIA have changed my old name AMIN MEMON S/O ASRAF MEMON so in future I should be recognized by my new name that is MOHD AMIN MEMON S/O ASRAF MEMON in all Government and other documents.

**MOHD AMIN MEMON**
HNO. 139, WARD NO. 01, AMBEDKAR CHOWK, GARIABAND, (C.G.), INDIA

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMED AMIN MEMON S/O ASRAF MEMON resident of HNO. 139, WARD NO. 01, AMBEDKAR CHOWK, GARIABAND, (C.G.), INDIA have changed my old name MOHAMMED AMIN MEMON S/O ASRAF MEMON so in future I should be recognized by my new name that is MOHD AMIN MEMON S/O MOHD ASARAF MEMON in all Government and other documents.

**MOHD AMIN MEMON**
HNO. 139, WARD NO. 01, AMBEDKAR CHOWK, GARIABAND, (C.G.), INDIA

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BALRAM BAKHTIYARPURI S/O MEGHA MAL BAKHTIYARPURI resident of H.NO. 249, WARD NO. 24, NEW DEEPAK NAGAR, MOHAN NAGAR POST, DURG (C.G.) have changed my old name BALRAM BAKHTIYARPURI S/O MEGHA MAL BAKHTIYARPURI so in future I should be recognized by my new name that is BALRAM BAKHTIYAR S/O MEGHA MAL BAKHTIYARPURI, in all Government and other documents.

**BALRAM BAKHTIYAR**
H.NO. 249, WARD NO. 24, NEW DEEPAK NAGAR, MOHAN NAGAR POST, DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PAYAL BAKHTIYARPURI W/O BALRAM BAKHTIYARPURI resident of H.NO. 249, WARD NO. 24, NEW DEEPAK NAGAR, MOHAN NAGAR POST, DURG (C.G.) have changed my old name PAYAL BAKHTIYARPURI W/O BALRAM BAKHTIYARPURI so in future I should be recognized by my new name that is PAYAL BAKHTIYAR W/O BALRAM BAKHTIYAR, in all Government and other documents.

**PAYAL BAKHTIYAR**
H.NO. 249, WARD NO. 24, NEW DEEPAK NAGAR, MOHAN NAGAR POST, DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JUZER S/O SHABBIR PALANPURWALA resident of FLAT NO 303 3RD FLOOR MEMOON APARTMENT NEAR NUYANTA THALI AMANAKA RAIPUR (C.G.) have changed my old name JUZER S/O SHABBIR PALANPURWALA so in future I should be recognized by my new name that is JUZER PALANPURWALA S/O SHABBIR PALANPURWALA in all Government and other documents.

**JUZER PALANPURWALA**
FLAT NO 303 3RD FLOOR MEMOON APARTMENT NEAR NUYANTA THALI AMANAKA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHABBIR HUSSAIN S/O SAIFUDDIN PALANPURWALA resident of FLAT NO 303 3RD FLOOR MEMOON APARTMENT NEAR NUYANTA THALI AMANAKA RAIPUR (C.G.) have changed my old name SHABBIR HUSSAIN S/O SAIFUDDIN PALANPURWALA so in future I should be recognized by my new name that is SHABBIR PALANPURWALA S/O SAIFUDDIN PALANPURWALA in all Government and other documents.

**SHABBIR PALANPURWALA**
FLAT NO 303 3RD FLOOR MEMOON APARTMENT NEAR NUYANTA THALI AMANAKA RAIPUR (C.G.)

# खेल जगत

## एरिक सिमंस बने दक्षिण अफ्रीका के नए बॉलिंग कोच

**डरबन,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व तेज गेंदबाज एरिक सिमंस को दक्षिण अफ्रीका टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज और भारत में होने वाले विश्व कप से पहले अपना बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। एरिक सिमंस की नियुक्ति की पुष्टि दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल कोच रॉब वाल्टर ने की थी। जब मेजबान टीम को ऑस्ट्रेलिया से तीसरे टी20 में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम सीरीज 3-0 से हार गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहले रोरी क्लेनवेल्ट को अंतरिम पद पर नियुक्त किया था और डरबन में टी20 सीरीज के लिए क्रिंटन फ्रेंड को उसी पद पर नियुक्त किया था। वाल्टर ने कहा, एरिक पूरे सर्दियों में हमारे साथ जुड़ता रहा है और वनडे सीरीज और विश्व कप के लिए हमारे साथ रहेगा। 61 वर्षीय सिमंस ने 23 वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया और 2002 से 2004 तक टीम के मुख्य कोच रहे।



# नेपाल ने भारत को दिया 231 रन का लक्ष्य




**पाल्लेकेले,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। नेपाल ने आसिफ शेख (58) के अर्द्धशतक और सोमपाल कामी की 48 रन की पारी की बदौलत एशिया कप के ग्रुप-ए मुकाबले में सोमवार को भारत के सामने 231 रन का सराहनीय लक्ष्य रखा।

क्वालीफिकेशन के आधार पर टूर्नामेंट में पहुंचे नेपाल ने भारत के खिलाफ ऑलआउट होने से पहले 48.2 ओवर खेले। सलामी बल्लेबाज आसिफ ने 97 गेंद पर आठ चौकों के साथ 58 रन बनाये, जबकि आठवें नंबर के बल्लेबाज सोमपाल ने 56 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 48 रन की पारी खेली।

भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन 25 गेंद के अंदर तीन कैच छोड़ना उसके लिये भारी पड़ा। कुशल भुर्तेल (दो) और आसिफ को जीवनदान मिलने के बाद दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 65 रन की साझेदारी कर डाली। एक समय पर नेपाल की रनगति छह से ऊपर की थी लेकिन शार्दुल ठाकुर ने आतिशी बल्लेबाजी कर रहे भुर्तेल (25 गेंद, 38 रन) को आउट कर पारी पर लगाम कसी।

रवींद्र जडेजा ने भीम शर्की, रोहित पौडेल और कुशाल मल्ला को छोटे स्कोरों पर आउट कर भारत को राहत पहुंचाई, जबकि सिराज ने अर्द्धशतक पूरा होने के बाद आसिफ को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने अपने अगले ओवर में गुलशन झा (35 गेंद, 23 रन) को भी आउट किया।

नेपाल के छह विकेट 144 रन पर गिरने के बाद निचले क्रम ने साहसी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने सोमपाल के साथ 50 रन की साझेदारी की। ऐरी ने हार्दिक पांड्या की गेंद पर पगबाधा होने से पहले 25 गेंद पर तीन चौकों की मदद से 29 रन बनाये। सोमपाल इसके बाद भी नहीं रुके और उन्होंने 47वें ओवर में सिराज को छक्का लगाकर अर्द्धशतक की ओर कदम बढ़ाया।

नेपाल 250 रन तक पहुंचने का अंदेशा दे रही थी लेकिन शमी की गेंद पर सोमपाल के विकेट के साथ इसकी संभावनाएं खत्म हो गयीं। अनुभवी ऑलराउंडर संदीप लमिछाने (नौ) रन भी इसी ओवर में रनआउट हुए, जबकि सिराज ने 49वें ओवर की दूसरी गेंद पर ललित राजबंशी को आउट कर नेपाल की पारी का अंत किया।

जडेजा 10 ओवर में 40 रन के बदले तीन विकेट लेकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। सिराज ने भी तीन विकेट लिये लेकिन उनके 9.2 ओवर में 61 रन भी गये। शमी, पांड्या और ठाकुर को एक-एक सफलता हासिल हुई। कुलदीप यादव ने 10 ओवर में दो मेडेन सहित 34 रन दिये लेकिन उन्हें कोई विकेट न मिल सका।

# अफगानिस्तान और सुपर-चार के बीच श्रीलंका बना दीवार



**लाहौर,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान को अगर एशिया कप 2023 के सुपर-चार में पहुंचना है तो उसे अपने दूसरे और आखिरी ग्रुप-बी मुकाबले में मंगलवार को श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। श्रीलंका अपने पहले मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हराने के बाद ग्रुप-बी की तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बंगलादेश ने भी अफगानिस्तान पर 89 रन की जीत के साथ दो अंक अर्जित कर लिये हैं। टूर्नामेंट के इस प्रारूप में एक जीत या हार किसी भी टीम का भविष्य तय करने के लिये काफी होती है इसलिये अफगान टीम कल श्रीलंका के विरुद्ध अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सुपर-चार में पहुंचने का भरपूर प्रयास करेगी।

अफगानिस्तान के लिये ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि श्रीलंका भी मज़बूत टीम है और फॉर्म में है। अपने अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ों की अनुपस्थिति के बावजूद श्रीलंका ने पाल्लेकेले स्टेडियम में बंगलादेश को मात्र 164 रन पर ऑलआउट कर दिया था। अफगानिस्तान अगर श्रीलंका के विरुद्ध बड़ा स्कोर बनाना चाहती है तो उसे युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना और ऑफ-स्पिनर महीश तीक्षणा की घातक गेंदबाजी का तोड़ निकालना होगा।

हाल ही में जून में इन दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था। उस समय भले ही अफगानिस्तान ने शुरुआती एकदिवसीय मैच जीता था, लेकिन श्रीलंका ने मजबूत वापसी करते हुए अगले दो मुकाबलों में अपने विरोधियों को हराकर शृंखला 2-1 से जीत ली थी। तीसरे वनडे में खासकर श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के दम पर नौ विकेट से जीत दर्ज की थी और अफगान टीम मंगलवार को मैदान पर उतरते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखेगी।

एशिया कप के सह-मेज़बान श्रीलंका में भले ही भारी बारिश हो रही है, लेकिन लाहौर का मौसम बिल्कुल शुष्क है और मैच के दिन भी इसी की उम्मीद है। गद्दाफी स्टेडियम पर तेज़ गेंदबाज़ों को मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन अगर अफगानिस्तान अपनी थोड़ी भी उम्मीदें बरकरार रखना चाहता है तो गुलबदीन नाइब और फजलहक फारूकी को अपनी गेंदबाजी में अनुशासन लाना होगा।

**अफगानिस्तान संभावित एकादश :** रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नाइब, करीम जन्नत, राशिद खान, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान।

**श्रीलंका संभावित एकादश :** पथुम निसांका, डिमुथ करुणारत्ने, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चरित असलंका, धनंजय डी सिल्वा, दसुन शनाका (कप्तान), डुनिथ वेलालगे, महीश तीक्षणा, कसुन रजिता, मथीशा पथिराना।

# भारतीय ओलंपिक संघ का एशियाई खेलों के लिए सैमसोनाइट से करार

नई दिल्ली, 4 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को हांगझाऊ जाने वाले एशियाई खेलों के दल के लिए भागीदार के रूप में ट्रैवल सामान कंपनी सैमसोनाइट के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। भारतीय दल के सदस्य चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले कॉन्टिनेंटल मेगा इवेंट में प्रीमियम सूटकेस के साथ यात्रा करेंगे। आईओओ अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि यह सहयोग एक ऐतिहासिक साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को एशियाई खेलों 2022 के लिए आधिकारिक किट के लिए डिज़ाइन किए गए प्रीमियम सूटकेस का प्रावधान समर्थन का प्रतीक है और विश्वास है कि पूरा देश हमारे खिलाड़ियों को सपोर्ट करेगा। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस स्टार ए. शरथ कमल, जिन्होंने जकार्ता में पिछले एशियाई खेलों में दो कांस्य पदक जीते थे। उन्होंने इस साझेदारी का स्वागत किया और कहा, मैं हमारी खेल किट और औपचारिक समारोह के साथ ऐसे प्रीमियम सूटकेस के साथ यात्रा करने वाली पूरी टीम के महत्व पर ज्याद कुछ नहीं दे सकता। हमारे एथलीटों के बीच गर्व और आत्मविश्वास की भावना केवल इस तरह के एक्शन से ही बढ़ सकती है। सैमसोनाइट इंडिया के सीईओ जय कृष्णन ने कहा कि भारतीय एथलीट की यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, हमारे एथलीट जिस यात्रा पर निकल रहे हैं, शायद उससे अधिक खास कुछ और नहीं हो सकता है। हम उनकी यात्रा का एक छोटा, लेकिन, महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

# भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पक्का किया



**प्योंगचांग ( दक्षिण कोरिया ),** 4 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में सोमवार को सिंगापुर को 3-0 से मात देकर अपने लिये कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। शरत कमल, सत्यन ज्ञानशेखरन और हरमीत देसाई ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

अनुभवी शरत और इजाक क्यूक के बीच शुरुआती एकल मैच में कड़ी टक्कर हुई, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने अंततः 11-1, 10-12, 11-8, 11-13, 14-12 से जीत हासिल की। सत्यन ने यू एन कोएन पांग पर 11-6, 11-8, 12-10 की आसान जीत के साथ भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई।

भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले 61वें खिलाड़ी हरमीत देसाई ने झे यू क्लेरेंस च्यू को 11-9, 11-4, 11-6 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में भारत का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा।

इस बीच, महिलाओं के क्वार्टरफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को जापान के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मीमा इतो ने शुरुआती एकल में अयहिका मुखर्जी को 11-7, 15-13, 11-8 से हराया। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सातवीं रैंकिंग वाली हिना हयाता के खिलाफ एक गेम जीता लेकिन वह भी 7-11, 9-11, 11-9, 3-11 से हार गयीं।

पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद सुतीर्था मुखर्जी को मियू हिरानो के खिलाफ 7-11, 11-4, 11-6, 11-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम अब मंगलवार को 5-8 स्थान के लिये क्लासिफिकेशन मैच खेलेगी। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन तीन से 10 सितंबर के बीच हो रहा है। इसके बाद खिलाड़ी हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों का रुख करेंगे।

# ग्लेन मैक्सवेल हो सकते हैं भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर



**मेलबर्न,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्वीकार किया है कि इस साल के विश्व कप से पहले अपनी तैयारी को मजबूत करने के लिए वह भारत के खिलाफ वनडे सीरीज को मिस कर सकते हैं। इस स्टार ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि वह अभी भी पैर की चोट के कारण टखने की तकलीफ से जूझ रहे हैं और इस समय ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी का कहना है कि विश्व कप के लिए फिट रहना उनका प्राथमिक ध्यान है। मैक्सवेल ने कहा, मैं अब भी भारत सीरीज का कुछ हिस्सा खेलना चाहता हूं। लेकिन मुझे इस पर कोई दबाव महसूस नहीं हो रहा है। चयनकर्ताओं और कर्मचारियों ने भी मेरे साथ शानदार व्यवहार किया है। वे उस तारीख को निर्धारित करने के लिए मुझ पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि वे जानते हैं कि विश्व कप से पहले उनके पास थोड़ा अतिरिक्त समय है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले 22 सितंबर को मोहाली में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सरीजी के लिए भारत का दौरा करना है। उन्होंने कहा, इसलिए जल्दबाजी करने और शायद खुद को एक या दो सप्ताह पीछे रखने के बजाय, मैं खुद को अतिरिक्त समय दे पाऊंगा और सुनिश्चित करूंगा कि हम पूरे टूर्नामेंट में सफल हो जाएं। उन्होंने कहा, इसलिए जल्दबाजी करने और शायद खुद को एक या दो सप्ताह पीछे रखने के बजाय, मैं खुद को अतिरिक्त समय दे पाऊंगा और सुनिश्चित करूंगा कि हम पूरे टूर्नामेंट में सफल हो जाएं। मैक्सवेल ने मार्च में वानखेड़े में भारत के खिलाफ वनडे मैच में भाग लेने के बाद से अपने देश के लिए नहीं खेला है और जुलाई की शुरुआत में वार्विकशायर के लिए इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप मैच में एकमात्र मैच खेलने के बाद से किसी भी स्तर पर मैदान में नहीं उतरे हैं। मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गए थे, लेकिन 4 दिन में ही वापस लौट आए थे।

# अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे बोपन्ना-एब्डेन



**न्यूयॉर्क,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के रोहन बोपन्ना यहां अमेरिकी ओपन 2023 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हालांकि मिश्रित युगल प्रतियोगिता से उन्हें हार के साथ बाहर होना पड़ा। पुरुष युगल के प्री-क्वार्टरफाइनल में, छठी वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने जूलियन कैश और हेनरी पैटन की ब्रिटिश जोड़ी को दो घंटे 20 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6(5)-7, 7-6(10-6) से हराने के लिये कड़ी मेहनत की। अगले दौर में बोपन्ना-एबडेन का सामना शीर्ष वरीय वेस्ले कूलहोफ-नील स्कूपस्की और नाथनियल लैमन्स-जैक्सन विथ्रो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला अमेरिकी ओपन साल का चौथा और अंतिम टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है। इस सीज़न की शुरुआत में बोपन्ना और एबडेन ने दोहा और इंडियन वेल्स में हार्ड कोर्ट पर खिताब जीते थे। यह जोड़ी जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। इस बीच, मिश्रित युगल प्रतियोगिता में रोहन बोपन्ना और इंडोनेशिया की अल्डिला सुत्जियादी अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और बेन शेल्टन से एक घंटे से भी कम समय में 6-2, 7-5 से हार गये। बोपन्ना इस आयोजन में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थे।

गौरतलब है कि 43 वर्षीय बोपन्ना अमेरिकी ओपन 2023 में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि हैं। इससे पहले, साकेत माइनेनी और युकी भांबरी पुरुष युगल के दूसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। अंकिता रैना और सुमित नागल सहित कोई भी भारतीय एकल खिलाड़ी क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ पाया।

## सार संक्षेप

### बुमराह के घर गूंजी 'अंगद' की किलकारी

**मुंबई।** भारत के अग्रणी तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी संजना गणेशन ने अपने परिवार में बेटे 'अंगद' का स्वागत किया है। बुमराह ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, हमारा छोटा परिवार बड़ा हो गया है। हमारे दिल इतने भर आये हैं जितना कभी सोचा भी नहीं था। आज सुबह हमने अपने नन्हे से बेटे अंगद जसप्रीत बुमराह का इस दुनिया में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि बुमराह भारत के साथ एशिया कप खेलने श्रीलंका गये थे लेकिन बेटे के जन्म के लिये वह रविवार को स्वदेश लौट आये। इस कारण वह भारत और नेपाल के बीच सोमवार को होने वाले मुकाबले में हिस्सा भी नहीं ले सके। बुमराह ने कहा, हम चांद के ऊपर हैं। हमारे जीवन का यह नया अध्याय जो कुछ अपने साथ लाया है, उसका इंतज़ार नहीं कर सकते। बुमराह अब सुपर-चार चरण में हिस्सा लेने के लिये श्रीलंका लौटेंगे, जहां भारत का पहला मुकाबला 10 सितंबर को पाकिस्तान से होगा।

### एशियाई खेलों से पहले 17 दिवसीय शिविर में हिस्सा लेंगे भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय मुक्केबाजी दल 17 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर के लिये चीन के वुइशान शहर के लिये रवाना हुआ है। भारतीय मुक्केबाजी संघ ने सोमवार को बताया कि इस दल में 13 मुक्केबाज और 11 सहयोगी स्टाफ सदस्य शामिल हैं। आरईसी लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रशिक्षण शिविर तीन सितंबर से 20 सितंबर तक निर्धारित है। इसके बाद भारतीय मुक्केबाज एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये हांग्झोउ रवाना होंगे।

### ओस्तापेन्को ने गत चैंपियन स्वियातेक को बाहर किया

**न्यूयॉर्क।** लातविया की हेलेना ओस्तापेन्को ने अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में 3-6, 6-3, 6-1 की जीत के साथ गत चैंपियन इगा स्वियातेक का अभियान खत्म कर दिया है।

### सुडोकू 6307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

# भारत की पुरुष टीम हॉकी 5 विश्व कप 2024 में पूल बी में, महिला टीम पूल सी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने सलाला (ओमान) में पहले हॉकी 5 एशिया कप में स्वर्ण पदक जीत कर एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। मनदीप मोर की अगुआई में भारत की पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी 5 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हरा तथा नवजोत कौर की अगुआई में महिला हॉकी टीम ने अजेय रह कर थाईलैंड पर फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण जीते। पुरुष वर्ग में चैंपियन भारत, उपविजेता पाकिस्तान और तीसरे स्थान पर रहने वाली मलयेशिया की टीम ने तथा महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, उपविजेता थाईलैंड और मलयेशिया की टीमों ने शीर्ष तीन में रहकर हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई किया। पहला एफआईएच हॉकी 5 महिला और पुरुष हॉकी विश्व कप 2024 मस्कट(ओमान) में 24 से 31 जनवरी, 2024 तक होगा। महिला और पुरुष वर्ग में दोनों में 16-16 टीमें ने क्वॉलिफाई किया है। एफआईएच ने लुसाने में हॉकी 5 विश्व कप महिला और पुरुष हॉकी विश्व 2024 मस्कट(ओमान) का ड्रॉ रविवार रात निकाला। ड्रॉ के मुताबिक पुरुष वर्ग में भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान की टीम अलग-अलग पूल में हैं। पुरुष वर्ग में नीदरलैंड, पाकिस्तान, पोलैंड और नाइजीरिया को पूल ए में, भारत, मिस्र, स्विटजरलैंड व जमैका को पूल बी, ऑस्ट्रशलिया, अमेरिका , न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद एंड टोबैगो व केन्या पूल सी में जबकि मेजबान ओमान, मलयेशिया, अमेरिका, व फिजी की टीमें पूल में रखा गया है।




महिला वर्ग में मेजबान ओमान, मलयेशिया, फिजी व नीदरलैंड पूल ए में, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन व जाम्बिया पूल बी में, भारत, अमेरिका, पोलैंड व नामिबिया पूल सी में जबकि न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड व पराग्वे पूल डी में हैं।

पुरुष हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलिफाई करने वाली 16 टीमें हैं = मेजबान ओमान, एशिया से भारत, पाकिस्तान, मलयेशिया, यूरोप से नीदरलैंड, पोलैंड व स्विटजरलैंड, अफ्रीका से मिस्र, केन्या, नाइजीरिया, पैन अमेरिका से अमेरिका, त्रिनिदाद

**■ भारत और पाक की पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग पूल में**

एड टोबैगो व जमैका तथा ओशनिया से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलषैंड और फिजी।

महिला हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलिफाई करने वाली 16 टीमें हैं =मेजबान ओमान, एशिया से भारत, थाईलैंड और मलयेशिया, यूरोप से नीदरलैंड, पोलैंड व यूक्रेन, अफ्रीका से मिस्र, केन्या, व नाइजीरिया, पैन अमेरिका से अमेरिक, उरुग्वे व पराग्वे, ओशनिया से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड फिजी।

हम सुनिश्चित करेंगे कि हॉकी 5 विश्व कप में ट्रॉफी के साथ लौटे : नवजोत

महिला हॉकी 5 विश्व कप का ड्रॉ घोषित किए जाने के बाद भारत की कप्तान नवजोत कौर ने अपनी टीम के पूल सी की बाबत कहा, हमारा पूल खासा रोचक है और मैं इसमें कई मजबूत टीमों से मुकाबले की बेताबी से प्रतीक्षा कर रही हूं। पहला महिला हॉकी 5 एशिया कप 2023 जीतने से हमारी खिलाड़ी विश्वास से भरी हैं और वे हॉकी 5विश्व कप 2024 में बढ़िया प्रदर्शन कर भारत को गौरव दिलाने को तैयार हैं। इस फॉर्मेट में देश की अगुआई करना गौरव की बात है हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हॉकी 5 विश्व कप में हम ट्रॉफी के साथ लौटे।' वहीं भारत की महिला हॉकी टीम की उपकप्तान ज्योति ने कहा, हॉकी 5 एशिया कप खासा प्रतिस्पर्द्धी टूर्नामेंट रहा और इसमें हमें कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिला। हमने हॉकी 5 एशिया कप में कुछ बढ़िया हॉकी खेली और हम इसे एफआईएच हॉकी 5 महिला विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे।

# महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने राज्य सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

## महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से किया जा रहा है पालन

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ राज्य में महिला सुरक्षा के प्रति बेहत संवेदनशील हैं। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देशों के अनुसार महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन किया जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है और अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए राज्य के प्रत्येक थाने में एक महिला सेल का गठन किया गया है और महिलाओं के संबंधित अपराधों की स्वतंत्र जांच भी की जा रही है ।



**महिला अपराध से जुड़े लोगों को नहीं मिलेगी शासकीय नौकरी**–महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने ये घोषणा भी की है कि महिला अपराध से जुड़े व्यक्ति को शासकीय नौकरी नहीं मिलेगी।

**महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किये जा रहे प्रयास**– छत्तीसगढ़ में गृह( पुलिस) विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विभाग कई योजनाओं का संचालन कर रहा है और जन जागरूकता अभियान भी चला रहा है।

**अभिव्यक्ति ऐप**– महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ''अभिव्यक्ति'' महिला सुरक्षा ऐप विकसित किया है। इस मोबाइल एप्प का शुभारंभ 01 जनवरी 2022 को किया गया है।

**'अभिव्यक्ति' जन-जागरूकता अभियान**– छत्तीसगढ़ की महिलाओं को कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में जागरूक करने हेतु अभिव्यक्ति जन जागरूकता अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है।

**महिला विरुद्ध अपराध अनुसंधान इकाई**– राज्य के 06 जिलों में का गठन किया गया है।

**महिला थाना**– राज्य के 04 जिलों में पृथक से महिला थाना संचालित है।

**थाना स्तर पर महिला सेल**– राज्य के समस्त 455 पुलिस थानों/चौकी में महिला सेल का गठन किया गया है।

**जिला स्तर पर महिला प्रकोष्ठ**– महिलाओं से संबंधित प्रकरणों एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

**सीसीटीव्ही कैमरा**– सार्वजनिक स्थानों में लगभग 50,000 सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं।

**पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना**– यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं/उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना - 2018 राज्य में लागू है, जिसमें अधिकतम 10 लाख रूपये तक राहत राशि दिये जाने का प्रावधान है।

# 12 लाख 20 हजार की किसान से की गई ठगी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

- चने का अधिक दाम देने के नाम पर किसान से गई ठगी

**खैरागढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। चना फसल का अधिक दाम देने के नाम पर किसान से 12 लाख 20 हजार रूपये की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी अनुसार 2 मार्च को प्रार्थी महेन्द्र देशमुख निवासी रानी रश्मि देवी नगर खैरागढ़ के द्वारा आरोपी सुमीत वर्मा पिता स्व.शत्रुहन वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भोरमपुर कला के विरूद्ध चने की बिक्री रकम 10 लाख रूपये छलपूर्वक धोखाधड़ी कर हड़प लिये जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी. जांच दौरान आवेदक पक्ष व अनावेदक से कथन लेकर दस्तावेजों की जांच की गई, जांच में पाया गया कि सुमीत वर्मा द्वारा आवेदक को चने का अधिक रकम देने प्रेरित कर 325 चिंटल चने का कुल 16 लाख 25 हजार में सौदा किया और 6 लाख 25 हजार रूपये ही दिया है और शेष 10 लाख रूपये नहीं दिया तथा टालमटोल कर स्वयं के बंद खाते का चेक प्रदान कर आवेदक पक्ष से छल करते हुये बेईमानीपूर्वक 10 लाख रूपये आवेदक पक्ष से हड़प लिया है. इसी तरह प्रदीप वर्मा पिता मोतीलाल वर्मा निवासी ग्राम परसुली, चुम्मन लाल साहू व संपत लाल साहू निवासी ग्राम करमतरा से भी फसल खरीदी के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी सुमीत के द्वारा की गई है. प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी सुमीत वर्मा के विरूद्ध आईपीसी की धारा 419, 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. इसी तरह प्रदीप वर्मा के द्वारा सुमीत वर्मा के विरूद्ध धान खरीदी की राशि 8 लाख 20 हजार रूपये छलपूर्वक धोखाधड़ी कर हड़पने की शिकायत की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुये एसपी अंकिता शर्मा एवं एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन तथा एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के घर ग्राम भोरमपुर कला भेजी गई जहां टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सुमीत वर्मा को हिरासत में लिया गया. आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया जिसके बाद आरोपी को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. उक्त कार्यवाही में थाना खैरागढ़ स्टाफ एसआई शक्ति सिंह, सउनि कोमल मिंज, आरक्षक शैलेन्द्र पटेल, शिवलाल वर्मा, परमेश्वर वर्मा, लक्ष्मण साहू व महिला आरक्षक धनेश ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।




# नवगठित जिलों में प्रशासन योजना के लिए पदों की स्वीकृति

- प्रत्येक जिले में 16-16 पद प्रतिनियुक्ति/संविदा से भरे जाएंगे

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य के नवगठित पांच जिलों सक्ती, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं सारंगढ़ में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रशासन योजना के लिए पद सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से आदेश जारी किए गए हैं।

अवर सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक जिले में प्रशासन योजना जिला स्तर हेतु 16 पद के मान से पद सृजन की स्वीकृति दी गई हैं। इन पदों में जिला प्रशासन योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवगठित जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी या परियोजना अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी, लेखाधिकारी, लेखापाल या सहायक वर्ग 02, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, अधीक्षक, शीघ्रलेखक, वाहन चालक और चौकीदार के लिए 01-01 पद, भृत्य के लिए 02 पद तथा सहायक वर्ग 03 के 04 पद शामिल हैं। इन पदों की भर्ती संविदा/प्रतिनियुक्ति पर की जा सकेगी।

# पोषक तत्व से भरपूर मिलेट चिक्की

- अरमुरकसा महिलाएं लगभग 31 लाख रूपए चिक्की कर चुकी विक्रय

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की परिकल्पना को कर रहा है साकार बालोद जिले के जनपद पंचायत डौण्डी के ग्रामीण औधोगिक पार्क अरमुरकसा में महिलाएं वृहद पैमाने पर मिलेट चिक्की का बनाने का कार्य कर रही है। जहां गांव की महिलाओं को उनके घर के नजदीक ही काम मिलने से खुश हैं। 13 महिलाएं एक दूसरे से सम्पर्क करके रोजगार से निरंतर जोड़ने का सार्थक कार्य भी कर रही है। महिलाओं को काम मिलने से अपने रूचि के अनुसार कार्य कर रही है। साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता भी करने लगी है।





बालोद जिले के जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि अरमुरकसा रीपा में मिलेट चिक्की उत्पादन इकाई स्थापित होने से गांव की महिलाओं को काम मिल गया है। ग्रामीण औघोगिक पार्क में कुल 41 लाख 574 रूपए का 23.89 टन चिक्की का उत्पादन हुआ है। महिलाओं ने 30 लाख 87 हजार 892 रूपए चिक्की विक्रय कर चुकी हैं चिक्की बनाने वाली महिलाओं को 53 हजार रुपए का शुद्ध लाभ मिल चुका है। महिलाओं इस कार्य को निरंतर कर रही है। चिक्की बनाने वाली समूह की महिला श्रीमती सुनीता निर्मलकर ने बताया कि 17 जुलाई 2023 से अरमुरकसा में मिलेट चिक्की इकाई शुरू किया गया जिला प्रशासन ने महिला समूहों को चिक्की बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिसमें सभी महिलाएं अब मिलेट चिक्की निर्माण कार्य में पूरी तरह से दक्ष हो गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के साथ समूह की महिलाएं अन्य गतिविधियों से भी जुड़ी हुई है। जिससे महिलाओं को अच्छी खासी आमदनी प्राप्त हो रही है। चिक्की पोषक तत्वों से भरपूर है नन्हें मुन्ने बच्चों एवं शिशुवती माताएं इन्हें बहुत पसंद करती हैं और बड़े चाव से खाती है। चिक्की कुपोषण को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**NECC**

| 05.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.70 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 190 |

डिलीवरी 485 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

CMYK

उल्टा पुल्टा

पति- तेरे पिता की जले पर नमक छिड़कने की आदत नहीं गई।
पत्नी- क्यों क्या हुआ?
पति- आज फिर से पूछ रहा था कि मेरी बेटी से शादी करके तुम खुश तो हो न?

## संपादकीय

### बच्चों पर दबाव डालना उचित नहीं

बदली हुई परिस्थितियों में अपने निर्णय खुद ही लेने का यह दौर है। कम उम्र के बच्चे भी आज अपने आप को अधिक स्वतंत्र बना चुके हैं। वे अध्ययन के तरीके, विषय, संस्थान आदि का चुनाव अपनी मर्जी के अनुसार करते हैं। स्कूल व कॉलेज के बच्चे भी माता-पिता के नहीं, बल्कि अपने निर्णयों के अनुसार चलते हैं। पुरानी पीढ़ी के साथ उनके लिये संतुलन बनाना कठिन होता है इसलिये नयी व पुरानी पीढ़ियों के बीच टकराव होते हैं। अपनी बात मनवाने के लिये वे किसी भी हद तक जा सकते हैं- सम्बन्ध तोड़ने से लेकर घर छोड़ने तक या आत्महत्या भी।

बिलासपुर के साइंस कॉलेज का एमएससी का छात्र धनेश्वर जायसवाल अपने छोटे भाई प्रदीप के साथ बिलासपुर के राजीव विहार कालोनी में रहता था। प्रदीप बीएससी कर रहा था। पिता बाहर हैं। गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह जब उसका दरवाजा नहीं खुला तो छोटे भाई ने खिड़की से देखने पर पाया कि धनेश्वर ने फांसी लगा ली है। अपने सुसाइड नोट में धनेश्वर ने कहा है कि उससे अब एमएससी की पढ़ाई नहीं होती और वह पढ़ते हुए थक गया है। अपने इस कदम के लिये उसने मां-पिता से माफी भी मांगी। इसी प्रकार पिछले महीने ही जशपुरनगर के तपकरा के एक 14 वर्षीय छात्र मनजीत राणा ने इसलिये फांसी लगा ली क्योंकि उसे विज्ञान विषय समझ में नहीं आता था। इसके कारण वह स्कूल भी नहीं जाता था। 18 अगस्त को वह स्कूल नहीं जा रहा था। उसकी मां ने उसे जबरन भेजना चाहा। मनजीत के पिता नहीं हैं। मां ने जब ज्यादा डांट-डपट की तो उसने साफ कह दिया कि अगर उसे विज्ञान पढ़ना पड़ेगा तो वह मर जायेगा। नाराज़ होकर मनजीत अपने कमरे में चला गया। दोपहर के बाद भी वह बाहर नहीं निकला तो उसकी मां ने पाया कि मनजीत साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया है। उसे कुनकुरी के अस्पताल में ले जाया गया पर उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

ये दोनों ही मामले पालकों, अभिभावकों, शिक्षकों समेत सभी के लिये सबक हैं। यह समझ लेना ज़रूरी है कि सारे विषय सभी बच्चों के स्वभाव और रुचि से मेल नहीं खाते। सबकी दिलचस्पी अलग-अलग विषयों में होती है। पाठ्यक्रम में बदलाव करना न तो बच्चे के लिये सम्भव है और न ही शिक्षकों या पालकों के लिये। इसलिये बेहतर है कि बच्चों की रुचि के मुताबिक और उनसे बात करके ही किसी भी विषय और संस्थान का चयन करना चाहिये। अपनी पसंद उन पर थोपना ठीक नहीं है और न ही किसी और तरीके का उन पर दबाव डालना चाहिये। औसत या सामान्य दर्जे की शिक्षा प्राप्त कर भी जीवन में सफलता प्राप्त करना सम्भव है।

# छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर बस्तर का गौरव बढ़ाएं : संसदीय सचिव | खेल भावना के साथ खेलें खिलाड़ी : कलेक्टर



**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने अतिथि के रूप में सोमवार को लालबाग मैदान में दो दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर बस्तर का गौरव बढ़ायें। संसदीय सचिव रेखचन्द जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल के माध्यम से मुख्यमंत्री ने परंपरागत खेलों को पुनः सक्रिय कर खेलों को बढ़ावा दिया है। आज के मोबाईल युग में हमारे युवा साथी सहित अन्य आयु वर्ग के लोग शारीरिक, मानसिक रूप से कमजोर हो रहे थे। शासन की सराहनीय पहल से परंपरागत खेलों को बढ़ावा मिला साथ ही नई पीढ़ी को खेलों के प्रति जोड़ने का काम किया है। कोई भी खेल खेलने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। सभी स्वस्थ्य रहेंगे तो देश-प्रदेश के विकास के सहभागी बनेंगे। हमारे जिला के खिलाड़ी जिला स्तरीय आयोजन में बेहतर प्रदर्शन कर बस्तर का नाम ऊंचा करें। खिलाड़ी हर स्तर पर मेहनत करें, बस्तर का नाम रोशन करें। खेल में हार-जीत लगी रहती है, खिलाड़ी हार से नर्वस न हो अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होंने शायरी के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया ''ना जीतना जरूरी, ना हार जरूरी,, जीवन एक खेल है, खेलना जरूरी है।''

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि खिलाड़ी खेल के सभी विधा में खेल भावना के साथ स्फूर्ति, सुरक्षित तरीके से खेलते हुए खेल का आनंद लें। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हमारे खिलाड़ियों ने ग्राम, जोनल स्तर में जीतकर पहुँचे हैं, सभी को बधाई और शुभकामनाएं। शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन की मंशा समझना जरूरी है। हमारी संस्कृति और ग्रामीण खेलकूद के हिस्सा रहे। सभी खेलों को जो विलुप्त हो रही थी उसे मुख्यधारा पर लाने तथा आगामी पीढ़ी से इन खेलों के प्रति अवगत कराने का प्रयास है। जिले के सातों विकासखंड से लगभग 1700 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। लालबाग में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की सभापति श्रीमती कविता साहू, राजीव मितान क्लब के जिला संयोजक सुशील मौर्य, जिला पंचायत के सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, खेल विभाग के सहायक संचालक राजेन्द्र डेकाटे और अन्य अधिकारी तथा बहु संख्यक खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में 3 आयु वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा 16 विधा के खेलकूद में शामिल हो रहे हैं।

# बढ़ती बलात्कार की घटना और बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में अभाविप ने फूंका सरकार का पुतला



**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। पिछले दिनों हुए बलात्कार की घटना के विरोध में अभाविप द्वारा सोमवार को गोल बाजार चौक में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया। रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट रिश्ते का पर्व होता है। इसी रक्षाबंधन के दिन अपने भाइयों को राखी बांधकर लौट रही दो सगी बहनों के साथ राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद में गैंग रेप जैसा घिनौना अपराध घटित हुआ। प्रदेश केंद्र में युवक द्वारा चाकू से बहनों को डराया गया और उन्हें उठा ले गए। घटना के पश्चात क्षेत्र की जनता में भी काफी आक्रोश देखा गया व थाने का घेराव कर लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

अभाविप बस्तर जिला संयोजक वरुण साहनी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। हर दूसरे दिन प्रदेश की बहन बेटियों के साथ इस तरह का जो अनाचार घटित हो रहा है व प्रदेश में कानून व्यवस्था के बदहाल स्थिति को परिलक्षित करता है। आज प्रदेश में कोई भी बेटी सुरक्षित नहीं है। ऐसे समय में आवश्यकता है कि सरकार ऐसी स्थिति में सुधार हेतु कानून व्यवस्था सुदृढ़ करे एवम् ऐसे कृत्य के अपराधियों पर तत्काल कठोर कार्यवाही करे। अभाविप के जिला संयोजक वरुण साहनी ने कहा कि आज अभाविप द्वारा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नगरनार स्टील प्लांट में बस्तरवासियों की तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर 80 प्रतिशत भर्ती अनिवार्य हो : रामाश्रय सिंह



**एनएमडीसी ,कोपागुड़ा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का कार्य शीघ्र प्रारंभ करें : सुब्रतो विश्वास**

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को नगरनार स्थिति एनएमडीसी द्वारा संचालित स्टील प्लांट के सीजीएम जी.प्रियदर्शिनी से मिला और स्थानीय समस्याओं को लेकर विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में प्रमुख रूप से स्थानीय बस्तर वासियों की तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर 80 प्रतिशत भर्ती अनिवार्य हो। कोपागुड़ा में प्रस्तावित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ हो। साथ ही एनएमडीसी प्रबंधन प्लांट से लगे हुए ग्राम पंचायतों में विकास का कार्य जनहित में आवश्यक रूप से करवाये। प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री व मंडल प्रभारी रामाश्रय सिंह, मंडल अध्यक्ष सुब्रतो विश्वास, उपाध्यक्ष रघुराम सेठिया, महामंत्री राधेश्याम पन्द्रे, गीता मिश्रा, तुलसीराम देवांगन, गणेश नागवंशी, रूपेश समरथ, जुगल सेठिया मौजूद थे।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन



**प्रदेश सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप**

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिलाअधिवक्ता संघ के द्वारा सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन देकर छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। सड़कों पर रैली निकालकर अपने मांगों के समर्थन में नारे लगाए। शहीद पार्क तिराहे पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिनेश पट्टजोशी ने कहा कि हमारे मुख्य मांग है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मृत्यु दावा राशि 10 लख रुपए किया जाए औरअधिवक्ताओं का सामूहिक बीमा योजना लागू किया जाए। धारणा को विभिन्न अधिवक्ताओं ने भी संबोधित किया और प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया निक्षय मित्र रेडक्रॉस के तहत पोषण आहार किट का वितरण



**राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कायक्रम**

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राष्टीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त भारत-टीबी मुक्त बस्तर अभियान के अंतर्गत बस्तर को टीबी मुक्त बनाने हेतु कलेक्टर एवं अध्यक्ष, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी विजय दयाराम के. द्वारा कुम्हरावंड हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार किट का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बस्तर के समाजसेवियों, अधिकारियों-कर्मचारियों के माध्यम से प्राप्त दानराशि से मरीजों को अतिरिक्त पूरक पोषण आहार ग्रामीण औद्योगिक पार्क से तैयार कर वितरण किया जा रहा हैं। टीबी के दवाई के साथ पौष्टिक आहार लेने से जल्द ही इस बीमारी से मुक्त हो सकते हैं। उन्होंने उपस्थित माताओं से कहा कि माताओं का हृदय बहुत बड़ा होता हैं। घरों में हम देखते हैं कि परिवार के सभी लोगों को खिलाने के बाद अपना खाती हैं। चूंकि यहां टीबी का गोलियां अधिकांश माताएं ले रही है तो पहले वे अपने स्वास्थ्य को ठीक करें और रेडक्रॉस दानदाताओं के माध्यम से मिले इस पौष्टिक आहार को ले। इस किट में एक माह के लिए अंडा, दूध पाउडर, तेल, मिलेट्स और दाल दिया जा रहा हैं। स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन आपके पूरे पीढ़ी को मजबूत बनाएगी, इस लिए नियमित पौष्टिक आहार का उपयोग करें।

कलेक्टर ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से अपील की वे जहां भी जाते हैं वहां टीबी के संबंध में जागरूकता लाए। दानदाता समाजसेवियों अधिकारियों को उनके लिए गए दान के लिए उनका आभार माना और कहा कि बिना जन भागीदारी के ऐसा अभियान चलाना संभव नहीं हैं इसलिए बस्तर को टीबी मुक्त बनाने के लिए अधिक संख्या में आगे और रेडक्रॉस निक्षय मित्र बन सहयोग करें। बस्तर जिले में 640 मरीजों को चिन्हित कर, शासकीय सहयोग के अतिरिक्त पौष्टिक पूरक पोषण आहार रेडक्रॉस निक्षय मित्रों के माध्यम से दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य टीवी रवि, ग्राम पंच मुन्ना निषाद, धनीराम, शंकर पोयाम, बीएमओ जे. एल. दरियो, क्षय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कांग्रेस के कुशासन से जनता त्रस्त, भाजपा की जीत सुनिश्चित : मनीराम कश्यप



**बस्तर में प्रथम चुनाव कार्यालय का शुभारंभ**

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने आसन्न विधानसभा चुनाव के लिये ठोस कदमों के साथ जोरशोर से तैयारियां आरंभ कर दी है। बस्तर जिले की तीन विधानसभा सीटों में से बस्तर विधानसभा सीट के लिये भाजपा ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। सोमवार को बस्तर नगर पंचायत में भाजपा के पहले चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसमें भाजपा के सभी प्रमुख नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रत्याशी की घोषणा में अग्रणी रही भाजपा प्रचार प्रसार में भी आगे रहने की रणनीति पर काम कर रही है। विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के पूर्व ही चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करके भाजपा ने बस्तर विधानसभा में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का संदेश दे दिया है। सोमवार को चुनाव कार्यालय उद्घाटन में भाजपा के नेताओं ने अपने संबोधन में एकजुटता के साथ भाजपा को विजय दिलाने का संकल्प लिया और प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी शक्ति के साथ कार्य करने आह्वान किया। जिला पंचायत सदस्य मनीराम कश्यप ने कहा कि बस्तर विधानसभा में भाजपा जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, डा. सुभाऊ कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिह मण्डावी, विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, रामानंद मिश्रा, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, व्हीएस राजपूत, नरसिंह राव, उदबोराम नाग, परिस बेसरा, धनुर्जय कश्यप, परिस बेसरा, वनवासी मौर्य, नारायण बिसाई, जोगेंद्र चन्द्राकर, रोहित त्रिवेदी, प्रहलाद निषाद, पुलकेश्वर पाण्डेय, अरूण परिहार, चिंतामणि पाण्डेय, दामोदर बघेल, परमानंद पाण्डेय, नरेन्द्र जोशी, अर्जुन पाण्डेय, नारायण सिंह ठाकुर, नवरत कश्यप, लखीराम कश्यप, सुनील सेठिया, बलराम भारती, दिनेश मौर्य, चुन्नू लाल ठाकुर आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचारी, बीमारू, चाकूमार, बलात्कारी राज्य की कांग्रेस सरकार ने बना दिया है : लता उसेंडी



**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्टीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने सोमवार की दोपहर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा 4-45 वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर तैयार आरोप पत्र प्रदर्शित किया और कहा के रायपुर में गृह मंत्री अमित शाह ने इस आरोप पत्र का विमोचन किया था। कांग्रेस पार्टी पर भाजपा के द्वारा जो आरोप लगाया गया है उसे जन जन तक पहुंचने का माध्यम है यह आरोप पत्र। संभाग मुख्यालय में हर जिले में मंडल स्तर तक ले जाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई द्वारा छत्तीसगढ़ वासियों के विकास को आगे बढ़ने का काम किया। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने लुभाने वादे कर राहुल गांधी ने हाथ में गंगाजल लेकर झूठा कसम खाया और कहा कि आपके सपनों का उड़ान हम भरेंगे यह सब देखकर छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस की सरकार बहुमत के साथ बनाया। कांग्रेस द्वारा किसानों, छत्तीसगढ़ की माता बहनों एवं समाज का हर वर्ग छला हुआ , ठगा हुआ महसूस कर रहा है। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य बनाने का काम किया है।

लता उसेंडी ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को निरंतर आगे बढ़ने का काम किया है। किसानों की बात हो, युवाओं की बात करें या व्यापारियों की बात करें, कर्मचारियों की बात करें सभी वर्ग को सर्वांगीण विकास के रूप में आगे बढ़ने का काम बीजेपी की सरकार ने किया। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कर्मचारी लगातार बर्खास्त करने का काम कर रहे हैं। भूपेश बघेल ने राहुल गांधी ने कसमें खाई थी कि संविदा कर्मचारी , अनियमित कर्मचारी सभी को रेगुलर करेंगे ,अब तक किसी भी तरह के वादे को पूरा नहीं किया गया।

चुनाव के पहले जो कांग्रेस ने जो कहा है उसी को लेकर हमारे कर्मचारी भाई लगातार आंदोलन कर रहे हैं धरना दे रहे हैं । छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचारी सरकार बैठी हुई है महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पा रही है युवाओं को छलने वाली सरकार बैठी है। आज छत्तीसगढ़ के कई पंचायत सचिव विहीन हो गए हैं कारण सिर्फ इतना है कि वह गोबर विहिन हो गए हैं। छत्तीसगढ़ वासियों को जो अतिरिक्त चावल केंद्र सरकार से हमारे स्टेट को दिया है उसमें भी घोटाला किया गया है ऐसी सरकार पहली बार देखने को मिल रही है जिन्होंने बिना बजट के योजना बना दी। छत्तीसगढ़ के बहनों के ऊपर आनाचार होता है इस संबंध ना ही मुख्यमंत्री नहीं छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री ना ही उनके केंद्र के नेता कुछ बोलते हैं। कांग्रेस के बधुओ को राजीव मितान क्लब के सदस्य बनाने हेतु छत्तीसगढ़ के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राशन कार्डधारी हितग्राहियों का उचित मूल्य दुकान में होगा ई-पास मशीन के माध्यम से ई-केवायसी

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के निर्देशानुसार वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना अंतर्गत राज्य के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवायसी उचित मूल्य दुकानों में ई-पास मशीन के माध्यम से करने की कार्यवाही वर्तमान में की जा रही है। खाद्य विभाग द्वारा इस कार्य को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2023 निर्धारित की गई है। जिले में 58 प्रतिशत राशन कार्डधारी सदस्यों के ई-केवायसी का कार्य पूर्ण हो चुका है, तथा शेष राशन कार्डधारी सदस्यों के ई-केवायसी का कार्य वर्तमान माह में पूर्ण कराना आवश्यक है। खाद्य नियंत्रक जगदलपुर द्वारा अपील की गई है कि जिले के ऐसे राशन कार्डधारी परिवारों जिनके द्वारा अभी तक उचित मूल्य दुकानों में उपस्थित होकर अपने परिवार के सदस्यों के ई-केवायसी नहीं कराया गया है वे राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों सहित सभी सदस्यों के आधार कार्ड के साथ इस माह में उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से सभी सदस्यों का ई-केवायसी की कार्यवाही अवश्य पूर्ण करा लेवें।

# ई-श्रेणी पंजीयन की सुकमा जिले में कराए गए सभी कार्यों की हो निष्पक्ष जांच : मनीष कुंजाम



**सुकमा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। सोमवार को पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही मामले में शामिल ठेकेदार और अधिकारियों से फर्जी तरीके से आहरित की गई राशि की रिकवरी कराने हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व विधायक ने सुकमा लोक निर्माण विभाग पर पैच रिपेयर और बीटी रिन्यूअल कार्यों में आर्थिक अनियमितता करने का सब इंजीनियर और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संलिप्त हैं। क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए प्राप्त सरकारी बजट का विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदारियों से मिलीभगत कर आहरण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे गृह ग्राम रामाराम की 6 किमी लंबी सड़क भी है। उक्त सड़क पर केवल लिपापोती की गई है। इसके अलावा सुकमा मुख्यालय की मुख्य सड़कों में से एक मस्तानपारा से पावारास तक करीब 2.80 किमी की सड़क में भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कलेक्टर ने कोकोड़ी में घर-घर जाकर बीएलओ के कार्यों का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिले में चलाये जा रहे द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कोकोड़ी में मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए किए जा रहे, सर्वेक्षण के अंतर्गत घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण शनिवार को किया। उन्होंने कोकोड़ी निवासी योगिता पाराशर द्वारा पंचायत में मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने हेतु किए गए आवेदन की जांच कर बीएलओ एप में योगिता के नाम की एंट्री कर घर वालों से सामान्य चर्चा की, जिसमें उन्होंने योगिता के पिता मोहित पाराशर से चर्चाकर घर में सभी सदस्यों का मतदाता सूची में नाम होने के संबंध में जानकारी ली, जिसमें मोहित ने बताया कि केवल योगिता का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हुआ है, क्योंकि अभी उसकी आयु 19 वर्ष पूरी हुई थी, इस बार के सर्वेक्षण में उसका नाम जुड़ जाने से वह खुश है। कलेक्टर ने कोण्डागांव के एआरओ एवं तहसीलदार विजय मिश्रा तथा कोकोड़ी ग्राम पंचायत के बीएलओ चिमनलाल महला से ग्राम के संबंध में जानकारी ली, जिस पर बीएलओ ने बताया कि कोकोड़ी ग्राम पंचायत में 232 घर हैं, जिनमें सर्वे का काम पूरा किया जा चुका है।

ज्ञात हो कि द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 02 अगस्त से 11 सितम्बर तक चलाया जा रहा है। इसके तहत पूरे जिले में घर-घर जाकर गाँव गाँव में बीएलओ द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है, जिसमें सभी ग्रामों में घर-घर जाकर नवीन मतदाताओं को जोड़ने, गांव छोड़ चुके मतदाताओं को हटाने, मतदाता सूची में सुधार एवं एपिक कार्ड निर्माण का कार्य द्वितीय संक्षिप्त



### सभी राजस्व अधिकारियों ने द्वितीय संक्षिप्त सर्वेक्षण के कार्यों की जांच की

पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सेक्टर अधिकारी भी मतदाताओं से संपर्क कर विधानसभा निर्वाचन में सहभागिता की अपील कर रहे है एवं सभी नवीन मतदाता जो 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है तथा जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी राजस्व अधिकारी शनिवार को जिले के विभिन्न ग्रामों में सर्वेक्षण दलों के साथ पहुंचे, जहां उप निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर ने ग्राम भगदेवा, चिपावण्ड, एसडीएम फरसगांव अनिकेत साहू ने ग्राम पांडे आठगांव, एसडीएम केशकाल शंकरलाल सिन्हा ने ग्राम बटराली, आंवरी, तहसीलदार बड़ेराजपुर सुशील भोई ने खजरावण्ड, तहसीलदार कोण्डागांव विजय मिश्रा ने ग्राम कोकोड़ी, तहसीलदार केशकाल आशुतोष शर्मा ने गौरगांव, कोहकामेटा, सिदावण्ड में जांच की। सभी ने बीएलओ द्वारा एप में किये जा रहे प्रविष्टियों की जांच करते हुए ऐप द्वारा की गई पुरानी एंट्री की भी जांच की एवं मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

**विशेष शिविरों का हुआ आयोजन**

आज एसडीएम फरसगांव में जनपद पंचायत फरसगांव के ग्राम कुल्हाडगांव में आयोजित विशेष शिविर में भी भाग लिया। वहीं केशकाल जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम आंवरी में आयोजित विशेष शिविर में एसडीएम केशकाल पहुंचे और सभी आये ग्रामीणों एवं अधिकारियों से चर्चा भी की।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

**नारायणपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। आज कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत धौड़ाई द्वारा तेंदूपत्ता का नगद राशि भुगतान करने, ग्राम धौड़ाई द्वारा गिरदावरी व पंजीयन नहीं होने, समस्त ग्रामवासी ग्राम रेमावण्ड द्वारा सरपंच एवं सचिव द्वारा शुलभ शौचालय को नहीं सुधारने तथा नल जल योजना के अंतर्गत गांव में पानी पूर्ति नहीं होने, ग्राम पंचायत उड़ीदगांव द्वारा जल जीवन मिशन के तहत् निर्माण कार्य तथा किये गये कार्य का मजदूरी भूगतान नहीं होने, ग्राम पंचायत फरसगांव द्वारा जल संसाधन विभाग द्वारा नीचे हस्ताक्षरकर्तों की पैतृक जमीन पट्टे के तालाब करने बाबत, राजेश्वरी ग्राम पंचायत फरसगांव द्वारा दिव्यांगता के कारण रोजगार हेतु, समस्त ग्रामवासी नेलवाड़ द्वारा नेलवाड़ में खेल मैदान निर्माण कार्य स्वीकृत करने, देवव्रत जैन द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भर्ती संबंध में, रोशनी ध्रुव द्वारा नौकरी हेतु, श्रीमती सोनाय सलाम द्वारा विधवा पेंशन नहीं मिलने, गजेन्द्र देवांगन द्वारा स्टेनो टायपिस्ट, सहायक ग्रेड 3 भर्ती कौशल परीक्षा के माध्यम से लेने, पनका समाज नारायणपुर द्वारा सामाजिक भवन निर्माण हेतु शासकीय भूमि आबंटन करने, ग्रीश्मा कुमेटी द्वारा बी.एसी. नर्सिंग में समिल्लित करने तथा सरपंच ग्राम पंचायत बोरपाल द्वारा नलजल योजना के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर अजीत वसंत ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों के मांगों और उन पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।



### निराकरण का दिलाया भरोसा

# चमेली ने किराना दुकान खोल घर में ही रोजगार का बनाया जरिया

**जगदलपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण इलाकों के स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए एक कारगर योजना साबित हो रही है। इस योजना की सहायता से जहां स्व सहायता समूहों की महिलाएं अपनी बचत को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से आय संवृद्धि कर घर-परिवार को खुशहाली की ओर अग्रसर कर रही हैं। अपनी लगन और मेहनत के बूते ऐसा ही सकारात्मक परिणाम आसना निवासी चमेली कश्यप ने हासिल किया है।

जगदलपुर शहर के समीपस्थ आसना की रहने वाली चमेली ने अपने पति के द्वारा 2017 में शुरू किये किराना दुकान जब 2018 में पति के लकवा पीड़ित होने पर बन्द हुई तो विषम परिस्थिति के बावजूद हिम्मत नहीं हारी। उसने इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान योजना में गांव की महिलाओं द्वारा गठित मां दुर्गा स्व सहायता समूह से जुड़कर छोटी-छोटी बचत एवं समूह की आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने लगी और बिहान की उप योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण लेकर 50 हजार रुपये रुपये ऋण से अपने पति के द्वारा शुरू किये किराना दुकान को पुन: स्थापित किया। इस दिशा में चमेली ने स्थानीय जरूरतों के अनुरूप दुकान में आवश्यक सामग्री रखने लगी और किराना दुकान को बेहतर ढंग से चलाने पर ध्यान केंद्रीत किया। चमेली बताती हैं कि रोजमर्रा की जरूरी सामग्रियों को किफायती दर पर सुलभ कराने की सोच के चलते जगदलपुर शहर की थोक विक्रेताओं से सामान मंगवाना शुरू किया जिससे ग्रामीणों का उसके दुकान को अच्छा प्रतिसाद मिलने के फलस्वरूप उसे आमदनी भी अच्छी होने के चलते हर महीने 8 हजार रुपये से अधिक की आय प्राप्त करने लगीं और ऋण की राशि अदा कर चुकी हैं। अब चमेली अपने घर-परिवार का बेहतर भरण-पोषण कर खुशहाल है।



### 8 हजार से अधिक हो रही है मासिक आमदनी

# बरसाती मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी ने लगाया मेडिकल कैम्प

**सुकमा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। लगातार बारिश के चलते व मौसम में बदलाव के कारण आम ग्रामीणों में वायरल फीवर , मलेरिया, डेंगू जैसे जानलेवा बीमारी काफी फैल रही है। जिसे देखते हुए एक अच्छी पहल करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वितीय वाहिनी के कमाण्डेट रतिकान्त बेहेरा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जी / 02 समवाय के गोरगुण्डा के रेंगापारा गाँव स्थित आयुष्मान भारत वेलनेस सेन्टर पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।निशुल्क चिकित्सा कैंप द्वितीय वाहिनी के मेडीकल टीम द्वारा लगाया गया। जिसमें आस पास के देवरपल्ली,गोरगुण्डा,रेंगापारा, पुनेमपारा, बंजारापारा व तोयापारा के ग्रामीणों ने स्वास्थ की जॉच करवाई ।जिसमे वायरल बुखार, सर्दी, खाँसी, मलेरिया से सम्बधित दवाओं का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त मल्टीविटामिन डायजेस्टिव एन्जाइम व आयरन से सम्बधित दवाओं व टॉनिक का भी वितरण किया गया। इस चिकित्सा कैंप का ग्रामीणों ने बहुत तारीफ किया व लाभ उठाया। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वास्थ के प्रति सचेत रहने शुद्ध जल का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी। साथ ही साथ अपने अगल बगल अपने घर गाँव व सार्वजनिक स्थानों को भी साफ सुथरा रखने हेतु बताया। इस दौरान कुल 72 ग्रामीणों के स्वास्थ की जॉच की गयी व दवाओं का वितरण किया गया। वही मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी का इस्तेमाल जरूरी बताया।

**मौसमी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बरतनी जरूरी : कमांडेंट रतिकांत बेहेरा**

मेडिकल कैम्प पहुंच ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कमाण्डेट रतिकान्त बेहेरा ने कहा कि इस समय मौसमी बीमारिया काफी फैली हुई है। जिसे देखते हुए वाहिनी के द्वारा आयोजित किया गया है। व द्वितीय वाहिनी सेवा भाव की भावना के तहत इस प्रकार का चिकित्सा कैंप का आयोजन करती रहती है व आगे भी करती रहेगी। जब कभी भी आपको हमारी सेवा की जरूरत होगी हम सदैव आपकी मदद के लिये खडे मिलेंगे। साथ ही कमांडेंट ने मौसमी बीमारियों से बचने के लिए व मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु ग्रामीणों को सावधानी बरतने की समझाइश दी इस दौरान ग्रामीणजनों को अल्पाहार भी कराया गया व खाद्य पैकेट्स वितरित किये गये। इस अवसर पर अश्वनी कुमार सिंह (सहा. कमा.), सरपंच गोरगुण्डा व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों मे हर्ष का माहौल दिया व सबने इस हेतु वाहिनी की प्रशंसा की।



### गोरगुण्डा में आयोजित मेडिकल कैम्प में 72 ग्रामीणों का नि:शुल्क उपचार

# नगरनार इस्पात संयंत्र में क्षेत्र के भू प्रभावित व शिक्षित बेरोजगारों को परिवहन एवं अन्य उपलब्ध कार्यों में प्राथमिकता देने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। नगरनार क्षेत्र में इस्पात सयंत्र का शिलान्याश 2001 में यहां की जनता को प्रत्येक क्षेत्र में प्राथमिकता देते हुए हजारो रोजगार उपलब्ध करने के वादे के साथ हुआ था, परन्तु आज पर्यन्त यहाँ के बेरोजगार रोजगार पाने हेतु संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्र के 10 मुख्य भू प्रभावित ग्राम पंचायतों में भी विकाश धरातल पर दिखाई नहीं देता जितना अपेक्षित था, न ही क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो सका है। आज जहाँ संयंत्र पूर्णता की और है,संयंत्र से धुआं निकलने के साथ ध्वनि प्रदुषण और जल प्रदुषण होना शुरू हो चूका है। यह धुआं और प्रदुषण यहाँ की स्थानीय जनता झेल रही है परन्तु लाभ बाहरी व्यक्तियों को प्राप्त हो रहा है एवं ठेकेदारी प्रथा का चलन धड़ल्ले से शुरू हो चूका है। संयंत्र शुरू होने से यहाँ से जो भी परिवहन गतिविधि संचालित हो रहा है, मुख्यत: निर्यात सम्बंधित कार्य । उसमे क्षेत्र के बाहर के बाहुबली लोगो का अधिपत्य है, जिससे स्थानीय जनता में रोष व्याप्त है। यहाँ परिवहन हेतु स्थानीय समिति जय झाडेश्वर सहकारी समिति मर्यादित नगरनार पंजीयन क्रमांक डी आर / बी टी आर / 5790 दिनांक 29/03/2012 से हजारों की संख्या में बेरोजगार एवं ग्रामीण जुड़े हुए हैं। इन समितियों के माध्यम से परिवहन के कार्य निष्पादित किये जाएँ जिससे यहाँ के बेरोजगार जनता को लाभ पहुंच सके। इस्पात संयंत्र निर्माण में वाहन की आवश्यकता को देखते हुए प्रभावित एवं शिक्षित बेरोजगारों के द्वारा बैंक एवं प्राइवेट बैंको के माध्यम से ट्रैक्टर ट्रक, जे सी बी एवं ट्रेलर आदि वाहनों का फाइनेंस करवाया गया है परन्तु काम नहीं मिल पाने के कारन क़िस्त भरने में असमर्थ हैं और परेशानिया आ रही हैं। एन एम डी सी के द्वारा छोटे - छोटे ओपन टैंडर प्रक्रिया किया जाता है उसका विधिवत जानकारी टेंडर पूर्व ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाये। एन एम् डी सी के द्वारा प्रभावित ग्राम को विकाश कार्य हेतु दी जाने वाली सी एस आर मद की राशि विगत 3ङ्क4 वर्षों से ग्राम पंचायतो को नहीं मिल पाया है जिसे तत्काल जारी किया जाये। एन एम् डी सी इस्पात संयंत्र के द्वारा वायु, जल एवं ध्वनि प्रदुषण से होने वाली बीमारियों का उचित जाँच पड़ताल कर तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाये। इस्पात संयंत्र में मेंटेनन्स कार्य हेतु हेल्पर (अकुशल अर्ध कुशल, कुशल, मजदूरों की भर्ती में प्रभवित क्षेत्र के लोगो को पहले प्राथमिकता दिया जाये। प्रभावित क्षेत्र के सरपंच, पंचायत जनप्रतिनिधि शिक्षित बेरोजगार एवं ग्राम वासियों द्वारा लिए गए उपरोक्त निर्णय पर एक सप्ताह के भीतर त्वरित कार्यवाही की मांग कलेक्टर से की है। इस दौरान निर्मला दास, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-6 भर जनपद पंचायत जगदलपुर,कामनी नागेश सरपंच ग्राम पंचायत उपनपाल,यशोदा साहनी सरपंच,लैखन बघेल एवं अन्य उपस्थित थे।



# सहायक आयुक्त ने किया आश्रम व छात्रावासों का निरीक्षण

**नारायणपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बद्रीश सुखदेवे द्वारा विगत 2 सितंबर को जिले के आश्रम एवं छात्रावासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निवासरत छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके मांग एवं परेशानियों को सुना। उन्होनें बालक आश्रम हलामीमुंजमेटा, कन्या आश्रम नेलवाड़ (मालिंगनार), छोटेडोंगर, प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास नारायणपुर, सिगोड़ीतराई, पो-मेट्रिक अपिव बालक छात्रावास नारायणपुर आदि का दौरा कर जिला मुख्यालय अंतर्गत संचालित जिला ग्रंथालय का भी निरिक्षण किया। उन्होनें यू.पी.एस.सी., एस.एस.एस., छात्रावास अधीक्षक एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें छात्रों से मिलकर उनकी समस्याओं सुना। छात्रों द्वारा जिला ग्रंथालय में यू.पी.एस.सी. से संबंधित अच्छी किताबें उपलब्ध न होने एवं ग्रंथालय में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने एवं यू.पी.एस.सी.जैसे परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों हेतु पृथक-पृथक से केबिन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मांग किया गया, सहायक आयुक्त द्वारा उक्त सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन दिया गया। सुखदेवे ने 3 सितंबर को को बालक आश्रम किहकाड़, कन्या एवं बालक आश्रम, प्री मेट्रिक बालक छात्रावास कोहकामेटा तथा रामकृष्ण मिशन आश्रम कुंदला का निरीक्षण कर गतिविधियों का अवलोकन किया। कोहकोटा अंतर्गत संचालित संस्थाओं के अधीक्षकों द्वारा पानी की उपलब्धता की समस्या उन्हें अवगत कराया गया, जिस पर उन्होनें उक्त समस्या पर तत्काल निराकरण के संबंध में आश्वासन दिया तथा कोहकामेटा बालक छात्रावास में जल आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से टैंकर की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया।



## प्रादेशिकी का शेष...

### बढ़ती बलात्कार की घटना और...

प्रदेश के प्रत्येक जिला केंद्रों में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया जिससे सोई हुई सरकार अपने नींद से जागे और प्रदेश की कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए काम करे । इस दौरान यश ध्रुव , शैलेश ध्रुव , संजय मुखर्जी ,विवेक मंडल , अश्विन पिल्लई , सचिन पाण्डे ,भरत कश्यप ,आदर्श मौर्य ,फलेंद्र बघेल ,तुषार बघेल , मुदासिर खान ,सुमित एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### कलेक्टर ने किया निक्षय मित्र...

नियन्त्रण अधिकारी डॉ. सी मैत्री, मेडिकल ऑफिसर डॉ. वीरेन्द्र ठाकुर, रेडक्रॉस ओआईसी अलेक्जेंडर एम. चेरियन, क्षय रोग समन्वयक कमलेश वर्मा, पीएचसी, हरेन्द्र पानिग्रही, कुम्हरावण्ड के डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ, रेडक्रॉस स्टाफ सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचारी, बीमारू, चाकूमार...

अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया जाता है उन्हें आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है पार्टी को मजबूत करने के लिए। छत्तीसगढ़ के युवा बेरोजगारों को ?2500 बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था किंतु जो शर्त लगाए गए हैं उसके चलते बहुत कम बेरोजगार इसके क्षेत्र में आ रहे हैं।

सरगुजा एवं बस्तर के अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में जो परंपराएं थी उसे खत्म कर दिया गया है । पत्रकार वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष विद्या शरण तिवारी ,महामंत्री रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, जिला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी और दरभा ब्लॉक के अध्यक्ष रूप सिंह सेठिया एवं मान्य उपस्थित थे।

### ई-श्रेणी पंजीयन की सुकमा...

विभाग के अधिकारियों ने भारी भ्रष्टाचार किया है। ऐसा ही नागारास से कोट्टीगुडा के बीच बनी सड़क पर भी 6 महीने के अन्दर दो बार अलग-अलग मदों से एक ही सड़क में काम कराया गया है। श्री कुंजाम ने आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि सुकमा के ठेकेदार विनोद सिंह राठौर और श्याम सिंह के नाम पर पैच रिपेयर और बीटी रिन्यूअल कार्य कराए गए हैं। जिसमें करीब 2 करोड़ रूपए खर्च की गयी है सब इंजीनियर और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने साठगांठ कर पैच रिपेयर और बीटी रिन्यूअल में बड़ा घोटाला किया है। उक्त सभी सड़को पर विभिन्न मदों से प्राप्त राशि मनमानी ढंग से खर्च किया गया है। पहले पैच रिपेयर किया गया उसके बाद उन्हीं सड़कों पर बीटी रिन्यूअल किया गया है रामाराम से पातर सुकमा मेरी गृहग्राम की सड़क है। उक्त सड़क पर केवल नाम मात्र के लिए गड्डे भरे गए हैं। सुकमा लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़कों के मरम्मत के नाम पर विभाग के अधिकारियों ने आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया गया है।

**बेरोजगार युवाओं के नाम पर विशेष ठेकेदारों के परिवारों का कब्जा : कुंजाम**

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ई- श्रेणी पंजीयन में बेरोजगार युवाओं को प्रतिवर्ष 20 लाख रूपये तक कार्य देने का दावा कर रही है। इसके लिए प्रदेश के हर जिले से गैर अनुसूचित क्षेत्रों में स्नातकधारी एवं अनुसूचित क्षेत्रों के लिए हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई थी। सुकमा जिले में बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने की योजना में भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने अपने चहेते ठेकेदारों को काम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विशेष ठेकेदारों के परिवारों को लगातार काम दिया जा रहा है। साल में 20 लाख तक कार्य दिया जाना था लेकिन 50 लाख तक का भी काम विशेष लोगों को दिया गया है। ई-श्रेणी पंजीयन की सुकमा जिले में कराए गए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# वासुदेव भारद्वाज के नेतृत्व में राष्ट्रपति से सौजन्य भेंट

**नारायणपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन राजभवन में विशेष संरक्षित जनजातियों के विद्यार्थियों एवं सदस्यों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। नारायणपुर जिले से कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे के निर्देशन में नोडल अधिकारी मंडल संयोजक वि.ख.ओरछा वासुदेव भारद्वाज के नेतृत्व में सभी ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचदंन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट मुलाकात किए। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि बच्चे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए आगे बढ़े और अपने समाज को भी आगे बढ़ायें। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने राज्य की विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों अबुझमाड़िया, बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, बिरहोर और अन्य जनजाति के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि जब भी वे देश में भ्रमण करती हैं तो वहां विशेष संरक्षित जनजाति के सदस्यों से अवश्य मिलती हैं। हम जानते है कि वे शैक्षणिक एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। समाज में जो कमजोर है उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। आज हमारा देश चंद्रमा तक पहुंच गया है। पीवीटीजी को भी आगे बढ़ना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होकर देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। राष्टपति श्रीमती मुर्मु नें विशेष पिछड़े जनजातियों के बच्चों से संवाद किया। नारायणपुर जिले की अबूझमाड़िया जनजाति की छात्रा कुमारी वंशिका नुरेटी जो रायपुर राजधानी के प्रयास विद्यालय में कक्षा नवमी में पढ़ती है उसने कहा कि राज्य शासन द्वारा नीट की तैयारी के लिए अच्छी कोचिंग दी जा रही है। जिसका लाभ लेकर डॉक्टर बनना चाहती है। नारायणपुर से ही मुरनार गांव की कुमारी माही नुरेटी भी रायपुर के प्रयास विद्यालय में पढ़ती है और डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। राष्टपति से मिलकर वह बहुत खुश हुई। राष्टपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री का स्वागत करने का अवसर नारायणपुर से ही अबुझमाड़िया सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को प्राप्त हुआ। नारायणपुर अबूझमाड क्षेत्र के कोहकामेटा गांव के निवासी श्री सुखराम नुरेटी ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय में पढ़कर उन्होंने अपना कैरियर बनाया है। उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। राज्य शासन द्वारा विशेष पिछडी जनजातियों के 1000 से अधिक शिक्षित युवाओं को शासकीय सेवाओं में नियोजित किया गया है।अबुझमाड़िया जनजाति के संरक्षण के लिए सदस्यों ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मु ने सभी से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आदिमजाति विभाग के सचिव श्री डी. डी. सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने विशेष संरक्षित जनजातियों के विकास के लिए संबंध में शासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। विशेष जनजाति के सदस्यों ने राष्टपति श्रीमती मुर्मु का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और उन्हें बीरनमाला, खुमरी और कलगी फेंटा भेंट किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखों, आयुक्त आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग श्रीमती शम्मी आबिदी, उपसचिव श्री दीपक कुमार अग्रवाल, सहित जनजाति समुदायों के सदस्य अपने पांरपरिक परिधान में उपस्थित थे।



# ओलंपिक से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा : तुलिका



- दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जिला स्तरीय स्पर्धा प्रारंभ
- चारों ब्लाक के 12 सौ खिलाड़ियों की भागीदारी
- विजेता संभाग और राज्य स्तर पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**दंतेवाड़ा**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत आज हुई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने मां दंतेश्वरी और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में जिले के चारों ब्लाक के 12 सौ खिलाड़ी हिस्सा लेकर पारम्परिक खेल का प्रदर्शन करेंगे।

इस मौके पर सुश्री तुलिका कर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि जिन खेलों को हम भूल चुके थे, वे छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से फिर स्मृतियों में ताजा हो रहे हैं। खेल से हमें अनुशसान की सीख मिलती है। खेल भावना जीवन के कई क्षेत्रों में हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। तुलिका ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन की शपथ भी दिलायी। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक हमारी सांस्कृतिक पारंपरिक खेल है। जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन एवं अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल से हर आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक सीजन-1 में राज्य स्तरीय खेल में 34 खिलाड़ियों ने जीत हासिल कर जिले का नाम रौशन किया था। इस तरह इसी सीजन में भी अच्छा प्रदर्शन कर संभाग और राज्य स्तर पर खिलाड़ी दंतेवाड़ा का नाम रौशन करें। आज जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ के द्वारा पिट्ठुल, गिल्ली-डंडा के खेल स्वयं खेल कर जिला स्तरीय खेल प्रारंभ किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलो को मंच दिया जा रहा है। जहां आज ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से लोग उभर कर अपनी खेल में प्रतिभा दिखाने आगे आ रहे हैं। आज ग्राम स्तर से शुरू हुआ यह खेल जिला स्तर तक पहुंचा है, जहां खिलाड़ी विभिन्न स्तरों में जीत हासिल कर जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में अपना जौहर दिखाएंगे। जिला स्तर खेल के पहले दिन 16 पारंपरिक खेलों जैसे-गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगडी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रस्सी कूद और कुश्ती की स्पर्धा हुई। खिलाड़ियों के बीच जीत हासिल करने का उत्साह दिख रहा है। इन खेलों में विजेता प्रतिभागी अब संभाग स्तरीय खेलों में अपना दमखम दिखाएंगे। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधिगण, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोम, डिप्टी कलेक्टर मुकेश गोड़, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव, सहायक संचालक पंचायत मिथिलेश किसान सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने मुख्यमंत्री बघेल का पुतला फूंका



**भानुप्रतापपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश आह्वान पर जिला अध्यक्ष राजा पांडे के निर्देशानुसार भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी के नेतृत्व में आज भानुप्रतापपुर चौराह में भाजपा एवं भाजयूमो के युवाओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरोध में जम कर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। हड़ताली स्वस्थ्य कर्मियो पर तानाशाही रवैया अपनाते हुए मुख्यमंत्री के आदेश से जिला कलेक्टरों ने स्वास्थ्य कर्मियो को बर्खास्त आदेश के विरोध में आज भाजयूमो ने सड़को पर उतर प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस मौके पर भाजयूमो मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी ने प्रदेश सरकार पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्वास्थ्य कर्मियो पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है, जिले की कलेक्टर महोदय एक महिला है उनके द्वारा ऐसी प्रताड़ना निंदनीय है वह जनता में आकर स्पष्ट करें की ऐसी क्या मजबूरी थी या किन का आदेश था की इन कोरोना योद्धाओं को सम्मान की जगह बर्खास्त कर दिया गया। हड़ताल कर मांग करना हमारे देश मे संवैधानिक अधिकार है जिसके तहत स्वस्थ्य कर्मियो ने अपनी मांग मनाने हड़ताल पर है मगर प्रदेश की तानाशाही व भ्रष्ट सरकार उनके मांग मानने के बदले उनके आवाज दवाने बर्खास्तगी आदेश निकल कर उन स्वस्थ्य सेवको को डराने की कोशिश किया है। मीडिया के माध्यम से सभी स्वास्थ्य कर्मियो को आस्वस्थ कराता हु मुख्यमंत्री की इस तानाशाही आदेश से डरने की आवश्यकता नही है। विधानसभा चुनाव नजदीक है काँग्रेस को उनके किये का जवाब देते हुए भाजपा को चुने। भाजपा सरकार में आते ही बर्खस्त कर्मियो को बहाल करने भाजपा का प्रथम कार्य होगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोतम चौहान,अरविंद जैन ,महामंत्री द्वय डिगेश खापर्डे,ज्वाला जैन, गुरपाल रंधावा, हेम प्रकाश शिवहरे, चैतू अचला ,भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आकाश सोलंकी ,शुभम गुप्ता, अभिसेक श्रीवास्तव ,रितेश सेन ,रितेश यादव ,मनीष सोनी ,तुषार राजपूत , निरंजन बंजारे,हरिचंद गवार,सागर बंजारे,संजय यादव,ओमकार कोटवार,दीपक चंद बंजारे राजकुमार युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दिव्यांग रामसिंह को निःशुल्क ट्राइसिकल

## जिपं सदस्य रामू की पहल से मिली मदद



**दंतेवाड़ा**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत रोजे निवासी, रामसिह जो जन्म से अस्थि बाधित दिव्यांगता से पीड़ित हैं। इन्हें आज समाज कल्याण विभाग की ओर से निःशुल्क बैटरी चलित ट्राइसिकल प्रदान किया गया। दिव्यांग को जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम के माध्यम से यह मदद मिली। श्री नेताम ने इस संबंध में उप संचालक समाज कल्याण विभाग से संपर्क किया था और संबंधित दिव्यांग को ट्राइसिकल प्रदान करने का अनुरोध किया था। राम सिंह को जिला मुख्यालय या अन्य क्षेत्रो में जाने काफी दिक्कत होती थी। आज राज सिंह को यह मदद मिल पायी। इस मौके पर जिपं सदस्य रामू नेताम, बैसु मंडावी, वरिष्ठ लिपिक लुकेश कुमार वर्मा एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# एनिमियामुक्त कोण्डागांव कार्यक्रम की समीक्षा हेतु कलेक्टर ली बैठक

**कोण्डागांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एनिमिया मुक्त कोण्डागांव कार्यक्रम की समीक्षा हेतु कलेक्टर द्वारा बैठक ली गई जहां सेक्टरवार एनिमिया मुक्त कोण्डागांव के कार्यों की समीक्षा करने के पश्चात् स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों के समन्वय से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।



**सेक्टरवार एनिमिया मुक्त कोण्डागांव के कार्यों की समीक्षा की**

जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा 4 सितम्बर सोमवार को एनिमिया मुक्त कोण्डागांव कार्यक्रम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आहुत की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने मिडलाईन सर्वे के तहत बेस लाईन सर्वे द्वारा प्राप्त परिणामों के आधार पर गंभीर एनिमिक बच्चों की जांच एवं उपचार हेतु किए गए कार्यों का उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर जायजा लिया, जिसमें मिडलाईन सर्वे अंतर्गत 65 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सम्मिलित करते हुए उनकी जांच एवं उपचार के लिए किये गये कार्यों के प्रति संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान उन्होंने टेस्टिंग के लिए रक्त जांच हेतु स्ट्रीप की सभी विकास खण्ड कार्यालयों में आपूर्ति करने के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में इनकी उपलब्धता जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिये। इस बैठक में कलेक्टर ने शत-प्रतिशत बच्चों की मिडलाईन सर्वे के तहत जांच कराकर प्रगति की जांच हेतु कहा। उन्होंने प्रत्येक सेक्टर के सेक्टर अधिकारियों से चर्चा करते हुए उनके क्षेत्रों में एनिमिक बच्चों के लिए किये गये कार्यों एवं इससे क्षेत्र के बच्चों को हुए लाभ की भी जानकारी ली। उन्होंने एनिमिया मुक्त अभियान की सफलता हेतु महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, युवोदय कोंडानार चैम्प स्वयं सेवकों की सहायता लेकर समन्वयित प्रयास करते हुए जन जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया। अभियान में उन्होंने जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित करने को कहा। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले मैदानी कर्मचारियों को सम्मानित करने के भी निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि अब तक एनिमिक पाये गये बच्चों में 72 का ब्लड ट्रांसफ्यूशन, 30 के सिकल सेल का उपचार एवं अन्य बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड, आयरन सुक्रोज एवं अन्य आवश्यकतानुसार दवाईयां उपलब्ध करायी जा रही है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. आर.के.सिंह सहित समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीईटीओ, विकास खण्ड कार्यक्रम प्रबंधंक, विकास खण्ड डाटा प्रबंधक, विकास खण्ड लेखा प्रबंधक एवं सेक्टर अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वजन त्यौहार-सुपोषण माह मनाया गया



**भानुप्रतापपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। आज 4/09/2023 को आंगनबाड़ी केंद्र परवी 1 में वजन त्योहार एवं सुपोषण माह त्योहार मनाया गया जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र परवी में पढ़ने वाले बच्चों का वजन मापन किया गया साथ ही साथ गंभीर कुपोषित बच्चों को लक्ष्य लेकर सुपोषित करनें लक्ष्य निर्धारित किया गया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक श्रीमती चन्द्र प्रभा साह एवं आँगबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी मण्डावी परवी 1,रमशीला नेताम,अंजना उइके,रामबत्ति, निर्मला उइके,दिनेश उइके, राजेश चतुर्वेदी, बिमला यादव, फुलबति, सन्मा, सिरमो बाई प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

# वकीलों ने लगाया सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप



**घोषणा पत्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का हुआ था वादा**

**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। घोषणा पत्र में वादा कर भूपेश सरकार भूल गई, यह कहना है अधिवक्ताओं का। प्रदेश व्यापी आह्वान पर दंतेवाड़ा के अधिवक्ताओं ने भी आज न्यायालयीन कामकाज बंद कर अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस तरह से अब अधिवक्ता भी प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा रहे हैं।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष केके देवांगन, उपाध्यक्ष गिरीश ठाकुर, सचिव हरिलाल डेगल सहित अन्य पदाधिकारियों ने जानकारी दी है कि अब से करीब पांच साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का वादा किया था। इसके साथ ही अधिवक्ताओं को सपरिवार निःशुल्क मेडिकल सुविधा तथा 10 लाख रूपए का बीमा लाभ एवं मृत्यु दावा राशि बढ़ा कर 10 लाख करने की बात हुई थी। इन तीनों में से किसी भी वादे पर अमल नहीं हुआ और अब फिर चुनाव का वक्त आ गया है। प्रदेश के 27 हजार से ज्यादा अधिवक्ता और उनके परिजन अभी भी प्रदेश सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं।

अधिवक्ताओं का मानना है कि वे समाज के विभिन्न वर्गो को न्याय दिलाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। न्यूनतम फीस अथवा कई बार तो निःशुल्क कानूनी परामर्श देकर गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों की सहायता करते हैं। आपराधिक मामलों अथवा जमीन-जायजाद के मामलों में विरोधी पक्षकार अधिवक्ताओं को पैरवी करने से रोकने का हर संभव प्रयास करते हैं। इसके लिए कई लोग झूठी रिपोर्ट लिखाने, अपराधिक षड्यंत्र में फंसाने, धमकी देने एवं हमला करने की कोशिश करते हैं, इस तरह की कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिनियम जरूरी है।

जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं ने अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे के सामने अपनी बातें रखी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ के सह सचिव सलूर एंकटी, कोषाध्यक्ष ओमकारेश्वर समरथ, ग्रंथालय सचिव मनीष कुरमी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव भूपेन्द्र, कार्यकारिणी सदस्य ममता शर्मा, अमर नाग, रोहित सोनी, सुखराम कश्यप, पी. भीमा आदि मौजूद थे। इसके पूर्व अधिवक्ताओं ने आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायालयीन कार्य से विरत रहने की सूचना दी थी। वकीलों ने कहा था कि जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा राज्य अधिवक्ता संघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया जाना है।

# न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर जिला अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर, जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव के अधिवक्तागण ने ज्ञापन सौंपा है। जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव द्वारा 4 सितंबर 2023 को छत्तीसगढ़ अधिवक्ता संघ के आह्वान पर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने, मृत्यु दावा राशि में वृद्धि एवं सामूहिक जीवन बीमा कराने की मांग करते हुए न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर अधिवक्तागण जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया और महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन विस्वाभूषण हरिचंदन एवं मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन भूपेश बघेल को सम्बोधित ज्ञापन को जिलाधीश कोंडागांव के माध्यम से प्रेषित किया गया। अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने, मृत्यु दावा राशि में वृद्धि एवं सामूहिक जीवन बीमा कराने की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव के अध्यक्ष जे.पी.यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र भट्ट, सचिव संजय कुमार शार्दुल, कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत दत्ता, रजनीश दुबे, सारंगधर कौशिक, मदन हालदार, सागाराम कोर्राम, गौरव जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत ठाकुर, महेंद्र कौशल, गोपाल दीक्षित, तिलक पाण्डे, दिलीप जैन, दीपक ठाकुर, नेमीचंद देवांगन, अनीश श्रीवास्तव, हेमंत गोस्वामी, निपेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र श्रीवास्तव, कन्हैया देवांगन, असलम खान, वलय रहा, मनोज नेताम, श्रीमती रूखमणी मरकाम, रामप्रसाद दीवान, जसवंत गौतम, दिनेश ध्रुव एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# कल कुआकोंडा में प्रमाणीकरण शिविर

**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में कलेक्टर विनीत नंदनवार की मंशा अनुरूप सभी विकासखंडों मे दिव्यांग जनों का प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 सितंबर को विकासखंड कुआकोंडा के जनपद पंचायत परिसर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आसपास के सभी ग्राम पंचायत से अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजनों को स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था जनपद पंचायत-कुआकोंडा के द्वारा की गई है। शिविर में अस्थि बाधित, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक मंदता एवं अन्य दिव्यांगों का शिविर स्थल में ही जांच कर तत्काल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। विभाग की ओर से उस क्षेत्र के समस्त दिव्यांगो से अपील की गई है कि जिनका प्रमाण पत्र नही बना है, वे शिविर मे शामिल होकर लाभ उठावें।

# नशे की हालत में स्कूल आने वाले शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की हुई अनुशंसा



**कोण्डागांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विगत दिनों सोशल मीडिया पर नशे में शिक्षक द्वारा बच्चों को ना पढ़ाते हुए कक्षा में अनुचित व्यवहार का वीडियो जारी हुआ था। जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी द्वारा जांच करने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा माकड़ी विकास खण्ड के माध्यमिक शाला मिरमिंडा के शिक्षक एलबी रूपधर कश्यप के विरुद्ध शासकीय कर्मचारियों की आचरण सहिंता के नियमों के विरुद्ध आचरण को देखते हुए निलंबन की कार्यवाही हेतु अनुशंसा संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग जगदलपुर को की गई है।

# स्वीप अभियान में वृद्ध मतदाताओं का सम्मान



- दंतेवाड़ा जिले में स्वीप के तहत विभिन्न आयोजन
- इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदाता सीख रहे वोट डालना
- 3 हजार व्यक्तियों को मतदान के लिए दिलाया संकल्प

**दंतेवाड़ा,**4 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत दंतेवाड़ा जिले में मतदाता जागरूकता के तहत 1 हजार 728 वृद्धजनों मतदाताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 2 हजार 802 व्यक्तियों को मतदान के प्रति संकल्प भी दिलाया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन निरंतर जारी है। इस प्रदर्शन से जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त हो रही है। इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केंद्र में मतदाताओं को वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने का प्रयोग कराया जा रहा है। इससे सभी मतदान केंद्रों में ईव्हीएम वोटिंग मशीन का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है।

गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत प्रदर्शन में समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के तहत वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बॉक्स में कटकर गिरती है। मतदाता जागरूकता के तहत खुटेपाल, हउरनार, बचेली, शासकीय हाई स्कूल बालपेट, पोटाकेबिन गुमड़ा, तुमकपाल सहित अन्य जगहों पर स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, चित्रकला, रैली निकालकर मतदान के प्रति शपथ भी ग्रहण किया गया। इसके अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केन्द्रों में बड़ी संख्या में लोग ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट मशीन के कार्य पद्धति के अवलोकन करने हेतु पहुंच रहे है। इसके अलावा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान केंद्रों में मोबाइल यूनिट से ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही मतदाता जागरूकता के तहत सभी स्कूल, आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत में रंगोली, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

# निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 5 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा निर्माणाधीन इथेनॉल निर्माण संयंत्र का निरीक्षण करके संयंत्र के प्रत्येक सेक्शन में जाकर सेक्शनवार टेस्टिंग एवं ट्रायल हेतु कार्ययोजना निर्माण पर सभी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। जहां प्लांट के आंतरिक सड़कों के निर्माण प्रगति पर कलेक्टर ने संतुष्टि जाहिर करते हुए पाईप लाईन निर्माण, बॉयलर स्थापना, विद्युत आपूर्ति, जल आपूर्ति, प्लांट के सौंदर्यीकरण पर विस्तृत चर्चाकर, उन्होंने सभी सेक्शन के कार्यों की ट्रायल एवं टेस्टिंग उचित रूप से पूर्ण करने तथा टेस्टिंग के समय विशेष सतर्कता रखने हेतु निर्देशित किया। सभी शेष कार्यों को समानांतर रूप से संपादित करने हेतु उन्होंने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी कार्यों के पूर्ण होने एवं टेस्टिंग की एक कार्ययोजना निर्माण कर समयबद्ध तरीके से संपादित करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, प्लांट के प्रबंध निर्देशक के एल.उईके सहित प्लांट निर्माण से जुड़े निर्माण से जुड़े एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

संपादकीय

## बच्चों पर दबाव डालना उचित नहीं

*बदली हुई परिस्थितियों में अपने निर्णय खुद ही लेने का यह दौर है। कम उम्र के बच्चे भी आज अपने आप को अधिक स्वतंत्र बना चुके हैं। वे अध्ययन के तरीके, विषय, संस्थान आदि का चुनाव अपनी मर्जी के अनुसार करते हैं। स्कूल व कॉलेज के बच्चे भी माता-पिता के नहीं, बल्कि अपने निर्णयों के अनुसार चलते हैं। पुरानी पीढ़ी के साथ उनके लिये संतुलन बनाना कठिन होता है इसलिये नयी व पुरानी पीढ़ियों के बीच टकराव होते हैं। अपनी बात मनवाने के लिये वे किसी भी हद तक जा सकते हैं- सम्बन्ध तोड़ने से लेकर घर छोड़ने तक या आत्महत्या भी।*

*बिलासपुर के साइंस कॉलेज का एमएससी का छात्र धनेश्वर जायसवाल अपने छोटे भाई प्रदीप के साथ बिलासपुर के राजीव विहार कालोनी में रहता था। प्रदीप बीएससी कर रहा था। पिता बाहर हैं। गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह जब उसका दरवाजा नहीं खुला तो छोटे भाई ने खिड़की से देखने पर पाया कि धनेश्वर ने फांसी लगा ली है। अपने सुसाइड नोट में धनेश्वर ने कहा है कि उससे अब एमएससी की पढ़ाई नहीं होती और वह पढ़ते हुए थक गया है। अपने इस कदम के लिये उसने मां-पिता से माफी भी मांगी। इसी प्रकार पिछले महीने ही जशपुरनगर के तपकरा के एक 14 वर्षीय छात्र मनजीत राणा ने इसलिये फांसी लगा ली क्योंकि उसे विज्ञान विषय समझ में नहीं आता था। इसके कारण वह स्कूल भी नहीं जाता था। 18 अगस्त को वह स्कूल नहीं जा रहा था। उसकी मां ने उसे जबरन भेजना चाहा। मनजीत के पिता नहीं हैं। मां ने जब ज्यादा डांट-डपट की तो उसने साफ कह दिया कि अगर उसे विज्ञान पढ़ना पड़ेगा तो वह मर जायेगा। नाराज़ होकर मनजीत अपने कमरे में चला गया। दोपहर के बाद भी वह बाहर नहीं निकला तो उसकी मां ने पाया कि मनजीत साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया है। उसे कुनकुरी के अस्पताल में ले जाया गया पर उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।*

*ये दोनों ही मामले पालकों, अभिभावकों, शिक्षकों समेत सभी के लिये सबक हैं। यह समझ लेना ज़रूरी है कि सारे विषय सभी बच्चों के स्वभाव और रुचि से मेल नहीं खाते। सबकी दिलचस्पी अलग-अलग विषयों में होती है। पाठ्यक्रम में बदलाव करना न तो बच्चे के लिये सम्भव है और न ही शिक्षकों या पालकों के लिये। इसलिये बेहतर है कि बच्चों की रुचि के मुताबिक और उनसे बात करके ही किसी भी विषय और संस्थान का चयन करना चाहिये। अपनी पसंद उन पर थोपना ठीक नहीं है और न ही किसी और तरीके का उन पर दबाव डालना चाहिये। औसत या सामान्य दर्जे की शिक्षा प्राप्त कर भी जीवन में सफलता प्राप्त करना सम्भव है।*

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

# दो दिन चली मैराथन बैठक के बाद भी प्रत्याशियों फैसला नहीं

## अब 8 को प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक सोमवार शाम खत्म हो गई। रायपुर में रविवार से चल रही मैराथन बैठक के बावजूद अभी तक प्रत्याशियों पर फैसला नहीं हो सका है। बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि, सीईसी की बैठक के बाद 8 सितंबर को प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

मुख्यमंत्री हाउस में सोमवार को पहले कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक हुई और उसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की। इसमें भूपेश बघेल और प्रभारी सैलजा सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, उप मुख्यमंत्री सिंहदेव और विस अध्यक्ष चरणदास महंत व सभी सदस्य मौजूद रहे। कुमारी सैलजा ने कहा कि, बैठक में सभी नेताओं ने अपने सुझाव रखे थे। अब 8 सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।




दोनों ही बैठक में प्रत्याशियों की सूची पर भी मंथन हुआ। हालांकि प्रत्याशियों के नामों पर फैसला नहीं हो सका। कांग्रेस की चुनाव समिति की रविवार को भी देर रात तक बैठक चली थी। इसके बाद प्रदेश प्रभारी सैलजा ने कहा था कि, बैठक में अच्छा फीडबैक मिला है। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। लोगों का उत्साह नजर आ रहा है।

## भारत जोड़ो पदयात्रा और भारत-जोड़ो सम्मेलन 7 को

रायपुर ।4 सितंबर ।कांग्रेस द्वारा प्रदेश के समस्त जिला एवं ब्लाक मुख्यालयों में 7 सितम्बर को ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के पहली वर्षगांठ मनाने के लिए राष्ट्रव्यापी जिलास्तरीय भारतीय जोड़ो पदयात्रा और भारत जोड़ो सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। पिछले वर्ष 7 सितम्बर 2022 को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ किया था, जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। भारत जोड़ो यात्रा 4081 किलोमीटर, 12 राज्यों, 2 केन्द्र शासित प्रदेश, 75 जिला और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा में लोगों के मन में एक अमिट छाप छोड़ी है। देश भर के लाखों लोग प्रेम और एकता के प्रति राहुल गांधी की भक्ति, धर्म-समुदाय, जाति आदि की परवाह किये बिना हर भारतीय को एकजुट करने की उनकी अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे।

भारत जोड़ो यात्रा के वर्षगांठ पर 7 सितम्बर 2023 को सायं 5 से 6 बजे तक भारत-जोड़ो पदयात्रा किया जायेगा। इस यात्रा का समापन भारत जोड़ो सम्मेलन सार्वजनिक सभा के रूप में होगी।

# रायपुर में पकड़ाए हवाला के लाखों रुपए

## नरेश तलरेजा नामक व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मौदहापारा इलाके में विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र रखते हुए पुलिस ने लगातार चेकिंग अभियान चलाया है जिसके परिणामस्वरूप पुलिस को एक व्यक्ति के पास से 11,59,850/- रुपए जब्त किए है। सूत्रों के मुताबिक ये लाखों रुपए हवाला का भी हो सकता है मगर फिलहाल पुलिस ने मामलें में कुछ अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रेंज जिला रायपुर आर.एल.डांगी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों सहित संदिग्ध वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है।



इसी तारतम्य में आज थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत एम.जी. रोड स्थित अशोका होटल के सामने एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति को रोककर उसके वाहन की डिक्की एवं थैले को चेक किया गया। थैले को चेक करने पर उसमें नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नरेश तलरेजा, निवासी रायपुर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने व वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नरेश तलरेजा के पास रखें नगदी रकम 11,59,850/- रूपये को धारा 102 जा.फौ. के तहत थाना मौदहापारा में जप्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

## रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल

# मास्टरक्लास में रायपुरियंस ने सीखी फिल्म की बारीकियां



- चयनित फिल्मों की भी हुई स्क्रीनिंग
- कल होगा समापन
- सीएम बघेल होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन सिनेप्रेमियों के लिए खास रहा है। विशेषज्ञों के मास्टरक्लास में युवाओं ने फिल्म और तकनीक के बारीकियों को सीखा। इसके साथ ही चयनित फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई।

बता दे फेस्टिवल के दूसरे दिन फिल्म डायरेक्टर मनोज वर्मा ने स्क्रिप्ट और स्क्रीनप्ले की बारीकियों के बारे में बताया। इस दौरान कई सवालों के जवाब भी दिए। इन्डेपेंडेंट फिल्म मेकिंग एंड साउंड डिजाईन विषय पर अजित सिंह राठौर (जिमी) ने युवाओं की मास्टर क्लास ली। शैलेंद्र सिंह सोढ़ी 'शेली' और विनीत शर्मा ने पोएट्री और म्यूजिक से संबंधित बारीकियों के बारे में बताया। उन्होंने फिल्म तकनीक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावों के बारे में बताया। एक्टिंग की बारीकियों पर प्रितेश पाण्डेय ने क्लास ली। छत्तीसगढ़ की बेटी पायल विशाल ने वाइस ओवर की बारीकियों के बारे में बताया। इन्डेपेंडेंट फिल्म मेकिंग पर नीरज ग्वाल की मास्टर क्लास रही।

**द जर्नी, मेरा दद्दू जैसे फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग**-23 फेस्टिवल के दूसरे दिन द कोरोना फाइटर, ढाई किलो का हाथ, एहसाह, टम-टम, स्पाइसी रम, गूफी लव स्टोरी, एक भ्रष्ट शिक्षक, द सुपर राइडर्स, मेलेनिन म्यूज, माई मदर माई वर्ल्ड, आई ?म नोट डाउन, फांस 47, ट्रैफिक, निकास, दंडकारण्य, मोनेर कोथा, कोर्ट, पहला अंडा, द जर्नी, मेरा दद्दू (माई ग्रैंडपा) फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई।

**रायपुरियंस को भाया मास्टरक्लास, शॉर्टफिल्मों का उठाया लुत्फ**-रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन मास्टरक्लास और शॉर्टफिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। मास्टरक्लास के दौरान रायपुरियंस ने फिल्म मेकिंग, साउंड डिजाइनिंग से संबधित बारीकियों के बारे में सीखा।छत्तीसगढ़ी सिनेमा में शोध कर रहे शोधार्थी राहुल तिवारी ने मास्टरक्लास अटेंड किया। राहुल ने बताया एक ऐसा मंच है जहां न सिर्फ आप फिल्मों को देखते हैं बल्कि उनकी बारीकियों से भी परिचित होते हैं। राहुल ने मास्टरक्लास के दौरान मनोज वर्मा से सवाल भी पूछा।

**एक्सपर्ट्स से फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखने मिलीं**-फिल्म मेकर राजकुमार दास की फिल्म द राइडर्स की स्क्रीनिंग भी हुई। राजकुमार ने बताया कि फेस्टिवल में दिखाई गई फिल्में मनोरंजक और काफी क्रिएटिव हैं, इन्हें देखकर मनोरंजन और प्रेरणा मिलती है, यह फेस्टिवल हम जैसे फिल्ममेकर्स के लिए एक सशक्त प्लेटफॉर्म है जहां से हम आगे और रचनात्मक फिल्में बनाने के लिए प्रेरित हो पाते हैं। रायपुर के वीडियो कंटेंट क्रिएटर जयंत राय ने कहा कि वर्कशॉप में मनोज वर्मा सर और दूसरे एक्सपर्ट्स से फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखने मिलीं, साथ ही यह फेस्टिवल फिल्म मेकिंग के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत रूप से सीखने का अनुभव बेस्ट था।

**पत्रकारिता विश्वविद्यालय के छात्र रहे मौजूद** -फिल्म स्क्रीनिंग देख रहे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के छात्र तेजेश्वर साहू ने बताया फ़िल्म फेस्टिवल में आई सभी फिल्मो को मैंने देखा और मुझे एक भ्रष्ट शिक्षक फ़िल्म काफी पसंद आई। यह फ़िल्म सिनेमाई भाषा को अच्छे से परदे पर उतरने के साथ सामाजिक सन्देश भी दे रही थी। वहीँ पर मेलानिन म्यूस फ़िल्म अपने सन्देश के साथ न्याय नहीं कर पाई लेकिन उसके विसुअलस काफी रिच लगे। मौत के कुंए पर बनी डॉक्यूमेंट्री ने अन्य दर्शकों के साथ मुझे हंसाया भी और सोचने पर भी मजबूर किया। फ़िल्म स्क्रीनिंग के बाद फ़िल्म मेकर्स के अनुभव जानने में सबसे ज्यादा मज़ा आया।पत्रकारिता विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जय वर्मा ने मास्टरक्लास के पूरे सेशन अटेंड किया। जय वर्मा ने बताया कि स्क्रिप्ट को कैसे बनाया जाए इसके बारे में मनोज सर ने बताया। सभी मास्टरक्लास शानदार रहे। ये शुरुआती दौर में सीख रहे फिल्ममेकर के लिए यह शानदार आयोजन है। मैं आयोजकों को सादर साधुवाद देता हूं।छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कवि राजेशजैन राही ने मास्टरक्लास अटेंड की। उन्होंने बताया कि यह युवाओं के लिए बहुत लाभकारी और शिक्षाप्रद सेशन रहा। यह फेस्टिवल छत्तीसगढ़ के लिए मुंबई के द्वार खोलने के जैसा है।

**अवार्ड सेरेमनी और समापन समारोह आज**-5 सितम्बर को रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल के समापान समारोह और अवार्ड सेरेमनी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि साथ ही बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान चयनित फिल्मों के निर्देशक, निर्माताओं और कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# राहुल गांधी के कार्यक्रम स्थल में सड़ा हुआ खाना खाने से 100 से ज्यादा गायों की मौत :बृजमोहन





**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि गाय और गौठान की बात करने वाली कांग्रेस की पोल राहुल गांधी के दौरे से खुल गई है। उनके दौरे के बाद 100 से अधिक गायों की मृत्यु हो गई। इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? इसका श्राप कांग्रेस को लगेगा। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी राजीव युवा मितान कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर आए और 100 से ज्यादा गायों की जान लेकर चले गए। राहुल के कार्यक्रम स्थल में सड़ा हुआ खाना खुले में फेंक दिया गया। और इसे खाने से गायों की मौत हो गई।

बृजमोहन ने पूछा कि ये राम वन गमन पथ की बात करने वाले लोग, गाय और गौठान की रक्षा करने वाले लोग, इन गायों की मृत्यु होने के लिए कौन दोषी है ? क्या राहुल गांधी इसका जवाब देंगे।

क्या भूपेश बघेल इसका जवाब देंगे। हमारी गौ माता की रक्षा कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। इनका काम गाय और गौठान के नाम पर भ्रष्टाचार करना है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि गौमाता सड़ा खाना खाने के बाद घर, खार और जंगलों में चले गए, जहां उनकी मृत्यु हो गई है। अगर वहां खोज करेंगे तो पता चलेगा कि 100 से ज्यादा गायों की मृत्यु हुई है। इन गौमाता की मृत्यु का श्राप कांग्रेस को लगेगा।

## वी. श्रीनिवास राव बनाए गए वन बल प्रमुख



**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा भारतीय वन सेवा के अधिकारी व्ही.श्रीनिवास राव प्रधान मुख्य वन संरक्षक को वन बल प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आज वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन द्वारा आदेश जारी किया गया है।

# प्रदेश में 1 वर्ष में मोटरयानों के पंजीयन में एक तिहाई की वृद्धि



रायपुर आरटीओ में सबसे ज्यादा 8,143 मोटरयानों का पंजीयन

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था सहित जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए निरंतर नवाचारी पहल जारी है। इस तारतम्य में वाहनों की खरीद-बिक्री की सुविधा के फलस्वरूप प्रदेश में लगातार मोटरयानों के पंजीयन की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रदेश में अगस्त 2022 में 30,236 मोटरयानों का पंजीयन हुआ था, वहीं अगस्त 2023 तक 39,509 मोटरयानों का पंजीयन हो चुका है। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में मोटरयानों के पंजीयन में लगभग एक तिहाई अर्थात् 30.66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

| जिला | पंजीयन | जिला | पंजीयन |
|---|---|---|---|
| रायपुर में | 8,143 | जशपुर में | 958 |
| दुर्ग में | 3,515 | कोंडागांव में | 738 |
| बिलासपुर में | 3,213 | बालोद में | 724 |
| रायगढ़ में | 2,537 | मुंगेली में | 660 |
| कोरबा में | 2,084 | बेमेतरा में | 641 |
| राजनांदगांव में | 1,999 | बैकुंठपुर में | 637 |
| जांजगीर-चांपा में | 1,917 | बलरामपुर में | 593 |
| सरगुजा में | 1,710 | सूरजपुर में | 559 |
| महासमुंद में | 1,409 | गरियाबंद में | 479 |
| बलोदाबाजार-भाटापारा में | 1,178 | दंतेवाड़ा में | 389 |
| जगदलपुर में | 1,169 | गौरेला-पेंड्रा-मारवाही में | 325 |
| कांकेर में | 1,147 | सुकमा में | 245 |
| धमतरी में | 1,090 | नारायणपुर में | 225 |
| कवर्धा में | 961 | बीजापुर में | 264 |

आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में अगस्त 2022 से अगस्त 2023 तक रायपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत सबसे ज्यादा 8,143 मोटरयानों का पंजीयन हुआ। इनमें सरगुजा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 1,710, बिलासपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 3,213, दुर्ग क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 3,515, जगदलपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अंतर्गत 1,169 मोटरयानों का पंजीयन हुआ है। इन वाहनों में ट्रैक्टर, एम्बुलेंस, बस, ई-रिक्शा, माल वाहक, हारवेस्टर, टैक्सी (कैब), मोटरसाइकिल, भारी वाहन आदि मोटरयान शामिल हैं।

# डेंगू के प्रकोप और स्थाई पट्टे सहित तमाम मांगों को लेकर भाजपा ने किया जोन घेराव

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला द्वारा आज जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल की अगुवाई में रायपुर नगर निगम क्षेत्र के चार अलग अलग जोनों का घेराव किया रायपुर शहर की जनता की तमाम मांगे ज्ञापन के रूप में आज नगर निगम जोन आयुक्त को सौंपी गई और भाजपा नेताओं द्वारा शीघ्र निराकरण ना होने पर जोन में तालाबंदी आंदोलन किया जाएगा आज शहर में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ है , जगह जगह खुले गड्ढे जानलेवा हो चुके है , स्थाई पट्टे की मांग , लचर सफाई व्यवस्था और जलभराव का शून्य निराकरण जैसी तमाम मांगो को लेकर भाजपा रायपुर शहर जिला के नेताओ , कार्यकर्ताओं , पार्षदों , छाया पार्षदों और स्थानीय नागरिकों द्वारा जोन क्रमांक 2 , 3 , 4 और बिरगांव में घेराव किया गया सिविल लाइन स्थित जोन 4 में पूर्व मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अन्य भाजपा नेताओ और स्थानीय नागरिकों सहित घेराव की अगवानी की बिरगांव और जोन क्रमांक 2 में भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में जोन घेराव किया गया जोन क्रमांक 3 में जोन अध्यक्ष डॉ.प्रमोद साहू के नेतृत्व में अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओ ने मोर्चा संभाला था ।







**महापौर की नाकामियों की सजा मजबूरन शहर की जनता भुगत रही है : बृजमोहन**

पूर्व कैबिनेट मंत्री वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने सिविल लाइन स्थित जोन क्रमांक 4 के जोन घेराव की अगुवाई की बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की रायपुर शहर की जनता को मजबूरन एक ऐसे महापौर को झेलना पड़ रहा है जो पूरी तरह नाकामियों का पुलिंदा है रायपुर शहर की यह दुर्दशा आज से पहले कभी नहीं हुई जगह जगह खुले गड्ढे हैं मगर निराकरण शून्य है अब गड्ढों में बारिश के पानी के भराव के कारण गंदा पानी जमा हो रहा है और डेंगू जैसी जानलेवा समस्या को जन्म दे रहे हैं साथ ही उन गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही वो अलग आज से पहले रायपुर ने डेंगू का इतना भयावह फैलाव नही देखा था जिसके कारण ना जितने कितने लोगो की जान तक जा चुकी है और शहर का महापौर गायब है निगम अधिकारी बेसुध है ।

बिरगांव निगम घेराव में जनता का आक्रोश और परिवर्तन का नजारा साफ दिखाई पड़ रहा

बिरगांव नगर निगम घेराव में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल , पूर्व विधायक नंद कुमार साहू , पूर्व महापौर अंबिका यदु , ने घेराव की अगवानी की मुख्यवक्ता के रूप में रमेश सिंह ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की आपकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है की वर्तमान महापौर का कार्यकाल महापुअर रहा है साथ ही निष्क्रिय विधायक पिता पुत्र की जोड़ी से स्थानीय जनता त्रस्त है हजारों की संख्या में आपकी उपस्थिति इस नगर निगम और विधानसभा में ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

### अवार्ड सेरेमनीस व समापन समारोह आज

**रायपुर,** 4 सितंबर। 5 सितम्बर को रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि साथ ही बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान चयनित फिल्मों के निर्देशक, निर्माताओं और कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।



# जलवायु अनुकूल किस्मों व प्रौद्योगिकी के विकास से तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा भारत : कृषि आयुक्त

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद एवं इंडियन सोसायटी ऑफ आइलसीड रिसर्च, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में आज यहां ''तिलहनी फसलों हेतु जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकी एवं मूल्य संवर्धन'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने किया तथा अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की।

इस अवसर पर संचालक कृषि एवं पशु चिकित्सा, चंदन संजय त्रिपाठी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (तिलहन एवं दलहन) डॉ. संजीव गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर में तिलहनी फसलों पर शोध कार्य करने वाले वैज्ञानिक शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ में उत्पादित होने वाली प्रमुख तिलहनी फसलों जैसे अलसी, सोयाबीन, कुसुम, रामतिल, तिल सरसों, मूंगफली, अरंडी आदि पर विशेषज्ञों द्वारा शोध पत्र भी प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा तिलहन फसलों पर प्रकाशित नवीन प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा देश तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं है और हमें बड़ी मात्रा में विदेशों से तेल का आयात करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में तिलहन फसलों का रकबा लगभग साढ़े पांच लाख हैक्टेयर तथा औसत उत्पादकता लगभग 7 चिंटल प्रति हैक्टेयर है, जिसे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां बढ़ने के कारण आज फसलों की ऐसी नई किस्में विकसित करने की जरूरत है जो जलवायु परिवर्तन से कम प्रभावित होती हों और बदलती परिस्थितियों में भी अधिक उत्पादन देने में सक्षम हों। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुकूल नवीन किस्में तथा इनकी मूल्य संवर्धन प्रौद्योगिकी विकसित करने का आव्हान किया। डॉ. सिंह ने कहा कि मिलेट मिशन शुरू होने के बाद छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों के उत्पादन में 85 प्रतिशत वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार राज्य सरकार



**कृषि विवि में तिलहनी फसलों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**

तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा कार्यशाला की सफलता हेतु शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि इसके सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अनुकूल प्रौद्योगिकी तथा फसलों के मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय काफी कार्य कर रहा है और इसमें राज्य सरकार की ओर से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अलसी, सोयाबीन, कुसुम, सरसों, राम तिल आदि तिलहनी फसलों की 28 उन्नत किस्में विकसित की गई हैं। विश्वविद्यालय द्वारा स्पीड ब्रीडिंग कार्यक्रम के माध्यम से नवीन किस्मों के विकास की अवधि को कम करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि तिलहनी फसलों के मूल्य संवर्धन की प्रौद्योगिकी अपनाते हुए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा अलसी के रेशे से कपड़े व अन्य सामग्री का निर्माण, कुसुम बीजों से तेल निष्कर्षण तकनीक एवं इसकी पंखुडियों से चाय बनाने की तकनीक विकसित की गई है। डॉ. चंदेल ने तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिलेट मिशन की तर्ज पर तिलहन मिशन प्रारंभ करने की आवश्यकता जताई।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (दलहन एवं तिलहन) डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नीति अयोग के साथ मिलकर भारत की आजादी की 100वीं वर्षगांठ सन् 2047 तक देश को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की कार्ययोजना पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में प्रति वर्ष लगभग पौने दो लाख करोड़ रूपये मूल्य के तेल का आयात करना पड़ रहा है, जिसे अगले 25 वर्षों में समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि तिलहन उत्पादन के लिए संचालित ''पीली क्रांति'' के पूर्व देश की आवश्यकता के 30 प्रतिशत तिलहन का आयात होता था जो आज घटकर केवल 5 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत में अनाज का उत्पादन आवश्यकता से अधिक हो रहा है और दलहन उत्पादन के क्षेत्र में भी देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश में तिलहनी फसलों को 85 प्रतिशत रकबा वर्षा पर आश्रित है और विभिन्न राज्यों के मध्य उत्पादकता में काफी अन्तर है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने बताया कि आने वाले 6 सितंबर 2023 बुधवार को अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रायपुर के शहीद स्मारक भवन में होना है जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगभग 2000 शामिल होंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने आगे बताया की इस सम्मेलन में अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ,भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ,प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर ,सह प्रभारी नितिन नवीन ,संगठन महामंत्री पवन साय ,नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ,घोषणा पत्र समिति अध्यक्ष व सांसद विजय बघेल ,सांसद सुनील सोनी ,पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ,प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ,विजय शर्मा ,ओपी चौधरी सहित अनेक भाजपा नेता गण को आमंत्रित किया गया है। अल्पंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के इस प्रदेश स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने निर्देश पर सभी जिला प्रभारी सह प्रभारी अपने अपने प्रभार जिला में बैठक ले कर तैयारी कर रहे है साथ ही राजधानी रायपुर के सभी मोर्चा पधाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी इस आयोजन के लेकर काफी उत्साहित होकर तैयारी में लगे हुए है।



**मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी सहित प्रदेश के सभी भाजपा नेता शामिल होंगे**

## शिक्षक महेत्तरलाल देवांगन राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान से सम्मानित



**बिलाईगढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शिखर साहित्य समिति रायपुर ग्राम्यांचल दोदेकला के तत्वाधान में गत दिवस राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 का आयोजन राजधानी रायपुर स्थित वृंदावन हॉल सिविल लाइन में किया गया इस कार्यक्रम मे विकासखंड बि लाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर शिवकुमार डहरिया नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ ,अध्यक्षता केपी खांडे अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि अनीता योगेंद्र शर्मा विधायक धरसीवा एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जे आर सोनी पूर्व अध्यक्ष गुरु घासीदास शोधपीठ रायपुर थे इस अवसर पर देश के चयनित 75 विभुतियों को जो साहित्यिक, सांस्कृतिक,सामाजिक शैक्षणिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र राजस्थान एवं केरल के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## प्रदेश के 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने प्रदेश के 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सरगुजा, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, पेंड्रा, बिलासपुर, कबीरधाम, बस्तर और सुकमा जिलों के एक दो स्थानों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. एक जून 2023 से 3 अगस्त तक राज्य में 746 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है.



प्रदेश के 15 जिलों में औसत कम बारिश हुई है. सरगुजा 62 फीसदी कम बारिश की वजह से सूखे की चपेट में है. राजधानी सहित प्रदेश के इलाकों में हुई वर्षा ने जहां आम लोगों को तेज उमस व गर्मी से राहत दी है. वहीं फसलों को पानी मिलने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं.

समपार फाटक क. 391 हथबंध गेट के ट्रेक सुधार कार्य जारी, आवागमन बंद

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के बिलासपुर व दुर्ग संभाग सहित अन्य जिलों में अगले तीन से चार दिन तक बारिश के आसार बने रह सकते हैं. मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर लगातार हिमालय की तराई में बना हुआ है. एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत- दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है.

## मूक-बधिर बच्चों के दांतों की शिविर में की गई जांच



**रायपुर,** 4 सितंबर। रायपुर के पिटल राउण्ड टेबल 241संस्था ने बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों के दांतों की जांच व उपचार के लिए दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। सर्वसुविधायुक्त चिकित्सा वाहन में एक-एक बच्चों के दांतों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की। बच्चों को दांतों की सुरक्षा के उपाय से संबंधित पर्चा, मेडिकेटेड टूथपेस्ट व दवाइयां दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ दंत चिकित्सक जितेन्द्र सराफ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बच्चों के दांतों का निशुल्क उपचार नर्सिंग होम ले जाकर किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था ने स्कूल परिसर में 25 पौधे रोपे। संस्था के सचिव अक्षत टंडन ने मूक-बधिर बच्चों के लिए स्कूल संचालित करने पर अर्पण कल्याण समिति की प्रशंसा की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने चिकित्सकों का स्वागत कर संस्था का आभार माना।

## सार-संक्षेप

### कृष्णा साहू ने मांगा कांग्रेस से टिकट



**कुरूद,** 4 सितंबर। ग्राम बानगर निवासी कृष्णा साहू ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेसी से टिकट की मांग की है.उन्होंने हमारे संवाददाता को बताया कि उनके पूर्वज कट्टर कांग्रेसी रहे हैं और आज भी वे कांग्रेस के लिए समर्पण भाव से काम कर रहे हैं. कभी किसी भी पद की लालसा नहीं की.कृष्ण साहू ने बताया कि अब वह समय आ चुका है कि कांग्रेस पार्टी से विधायक का चुनाव लड़ा जाए.श्री साहू ने बताया कि राजू साहू, चेतन साहू, धर्मेंद्र पटेल,रूपेश साहू,योगी साहू, अमृत साहू,घसिया पटेल, नंदू राम साहू,दिनेश यादव,हर प्रसाद यादव,सुजीत साहू, सुजीत यादव,लेखपालदीवान, टेकराम दीवान,खेमराज साहू,नेतराम साहू, किशन राम साहू,चंद्रहास साहू, नरेंद्र साहू,देवाराम साहू, पोषण साहू,कार्तिक राम साहू, दया लाल साहू,दयाराम पटेल, मोहन साहू, रोशन साहू,रोशन ध्रुव, बलराम ध्रुव,दूज राम ध्रुव, विशाली राम निर्मलकर,हेमंत नवरंगे,राजू कुर्रे और अमर साहू ने समर्थन दिया है।

### संत गुरु घासीदास कॉलेज में दो और विषयों की स्वीकृति



**कुरूद,** 4 सितंबर। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से संत गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में दो और विषयों कंप्यूटर साइंस एवं माइक्रोबायोलॉजी की कक्षाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है. जिसके लिए कॉलेज प्रशासन ने समस्त पालको एवं छात्र- छात्राओं तथा क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उपलब्धि प्राप्त करने पर विधायक अजय चंद्राकर का आभार माना है।

## महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कुलपति ने 11 प्राध्यापकों को किया सम्मानित**



**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय के सभागार में आज 4 सितंबर को आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में महाविद्यालय एवं वामन राव लाखे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 11 प्राध्यापकों का सम्मान हुआ। यह सम्मान इन अध्यापकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने हलषष्ठी की दी शुभकामनाएं, कहा- इस दिन महिलाएं व्रत रखकर बच्चों के स्वास्थ्य, लंबी उम्र और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं

इस मौके पर विशेष रूप से मुख्य अतिथि प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं अजय तिवारी, अध्यक्ष शिक्षा प्रचारक समिति अनिल तिवारी, महासचिव शिक्षा प्रचारक समिति आरके गुप्ता, उपाध्यक्ष के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी वामन लाखे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य भारती यदु, मंजू साहू आदि की विशेष उपस्थिति रही।

महाविद्यालय एवं विद्यालय में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिन प्राध्यापक को सम्मानित किया गया है उनमें श्रुति तिवारी, प्रोफेसर ललित मोहन वर्मा, विवेक साहू , सुनील अग्रवाल, डॉ लक्ष्मीकांत साहू, डॉ श्वेता शर्मा, विद्यालय स्तर पर प्राचार्य वामन लाखे, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य भारती यदु एवं हीरापुर स्कूल की शिक्षिका नीरा अविनाश निषाद, किरण शर्मा, एसपीएस इंग्लिश मध्यम स्कूल की शिक्षिका पूजा गिरी एवं रेखा सोनी को सम्मानित किया गया। इन सभी प्राध्यापक को और शिक्षिकाओं को प्रशंसनीय पत्र और साल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

## छग राज्य ग्रामीण बैंक, कॉरपोरेट कार्यालय, नवा रायपुर में बैंक का 11वां स्थापना दिवस मनाया

**रायपुर,** 4 सितंबर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कॉरपोरेट कार्यालय, नवा रायपुर में बैंक का 11वा स्थापना दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक,कॉरपोरेट सेंटर के *सीजीएम श्री देवांगशु मुंशी* ओर *जीएम श्री वी शिवकुमार* थे। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने मुख्य आतिथियो के साथ मिलकर बैंक के ग्राहकों के लिए कई नयी सुविधाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बोलते हुए बैंक के अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने कहा की बैंक की शाखाएं छत्तीसगढ़ के बहुत ही दूरदराज क्षेत्र में भी है, लेकिन टेक्नोलॉजी के लगातार विकास के कारण हम अपनी सेवाएं दूरस्थ क्षेत्रों में दे पा रहे है। उन्होंने कहा आज स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथियों के हाथो माइक्रो एटीएम में पेमेंट का जो आधार बेस सिस्टम होता है उसका शुभारंभ किया गया है । साथ ही उन्होंने कहा कि इस सुविधा को हम सभी ग्राहक मित्रो तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर बैंक के सेवायुक्तो हेतु नयी सुविधा टेली मेडिसिन एंड कंसल्टेशन का शुभारंभ किया गया।



स्थापना दिवस पर बैंक के सेवानिवृत्त सेवायुक्तो के लिए एक मिलन समारोह एवं विशेष भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष श्री आई के गोहिल द्वारा बैंक के सेवानिवृत सेवायुक्तो के बैंक की उन्नति के लिए किए गए अथक परिश्रम और लगन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक श्री विजय कुमार अग्रवाल, श्री ए के निराला, श्री अरविंद मित्तल, सहायक महाप्रबंधक श्री जी एन मूर्ति, श्री कमलेश कुंदन एवं बड़ी संख्या में सेवायूक्त और सेवानिवृत सेवायुक्त उपस्थित रहें ।

## कैपिटल जोन का शेष...

### डेंगू के प्रकोप और ...

परिवर्तन का सूत्रधार बनेगी मंच पर युवाओं द्वारा पंकज शर्मा की शराबबंदी की मांग वाली साइकल रैली वाली तस्वीर धारण की गई थी। भाजपा नो नगर निगम के 4 जोनों का घेराव कर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। वहीं जोन क्रमांक 3 के घेराव की अगवानी स्वयं जोन अध्यक्ष डॉ प्रमोद साहू ने की उन्होंने कहा की निगम प्रशासन कोमा में है वेंटिलेटर के सहारे जिंदा है जन हितैषी कार्यों का टोटा है आगामी चुनावों में कांग्रेस इसके परिणाम के लिए तैयार रहे जनता ने अपना मन बना लिया है जोन 3 के घेराव के दौरान भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राहुल यादव बुरी तरह जख्मी हो गए और उनके पैर की हड्डी टूट गई । जोन क्रमांक 2 में जिला अध्यक्ष जयंती पटेल , सूर्यकांत राठौड और सुभाष अग्रवाल , तिलक पटेल सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता जोन घेराव करने पहुंचे जहां विभिन्न मांगो को लेकर जोन घेराव किया गया । भाजपा शहर जिला द्वारा किए गए 4 जोनों के घेराव में विशेष रूप से पूर्व विधायक द्वय श्रीचंद सुंदरानी , नंदकुमार साहू प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, लोकेश कावड़िया , महामंत्री द्वय रमेश सिंह ठाकुर, सत्यम दुवा, अम्बिका यदु,अकबर अली, हरीश ठाकुर, सोनू सलूजा, संजय तिवारी, वंदना राठौड़, जीतेन्द्र धुरंधर, सचिन मेघानी, अनूप खेलकर, गोरेलाल नायक, होरीलाल देवांगन, रविन्द्र ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, सालिक सिंह ठाकुर, संतोष साहू, मुकेश पंजवानी, सुनील कुकरेजा उप निगम नेताप्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, विश्वदिनी पांडे, रोहित साहू, सुमनराम प्रजापति, ममता साहू, सीमा कंदोई, सरिता वर्मा भोलाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, नवीन जैन, राजेश रिछारिया, रखविंदर सिंह, केहरू साहू, ओमप्रकाश देवांगन, एवज देवांगन सहित भाजपा नेताओं , कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिक घेराव करने जोन कार्यालय पहुचें ।

## भाजपा राम के नाम पर सिर्फ राजनीति करती है : कांग्रेस

**रायपुर,** 4 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राम के नाम पर सिर्फ राजनीति करती है, रामकाज नहीं करना चाहती है। 15 सालों तक भगवान राम और माता कौशल्या को भाजपा भूल गयी थी। 15 साल में जो नहीं हुआ उसे कांग्रेस सरकार ने 5 साल के भीतर पूरा कर दिखाया। राम वन गमन पथ जो मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के वनवास काल के दौरान छत्तीसगढ़ जो पूर्व में कौशल प्रदेश था में बीते उनके समय को याद दिलाता है। कांग्रेस सरकार के प्रयासों से राम वन गमन पथ सीतामढ़ी हरचौका से रामाराम तक लगभग 2260 किलोमीटर की योजना साकार रूप ले चुका है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के नाम से राजनीति करने वाली भाजपा ने विश्व विख्यात विश्व की एकलौती माता कौशल्या के मंदिर निर्माण के विषय में नहीं सोचा। भाजपा के लिए जय श्री राम का नारा सिर्फ सत्ता प्राप्ति का जरिया, सत्ता मिलते ही भाजपा श्री राम जी को भूल जाती है। छत्तीसगढ़ में 15 साल में रमन भाजपा सरकार में वही हुआ। मोदी सरकार रामायण सर्किट के नाम से एक परियोजना शुरू कर रही है। जिसमें उसका दावा है कि रामायण कालीन स्थानों को संरक्षित किया जायेगा। लेकिन मोदी सरकार ने दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ के भगवान राम के वन गमन मार्गों को स्थान नहीं दिया। जबकि मान्यता है कि भगवान राम ने अपने वनवास काल के 14 वर्ष में से अधिसंख्यक समय को छत्तीसगढ़ में बिताया था। छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल और माता कौशल्या का मायका जन्म स्थान भी माना जाता है। इसके बाद भी रामायण सर्किट में छत्तीसगढ़ के एक भी स्थान को जगह नहीं देना बताता है कि भाजपा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे नहीं आने देना चाहती।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 15 साल तक रमन शासनकाल में छत्तीसगढ़ की बिटिया और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की माता कौशल्या माता जी को रमन भाजपा ने कभी याद नहीं किया। भाजपा का राम नाम का जाप राम भक्तों से मात्र वोट बटोरने और चंदा वसूलने तक ही सीमित है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी छत्तीसगढ़ के कण-कण में बसते है। छत्तीसगढ़ में सुबह की शुरुवात राम-राम से होती है। किसान काठा से धान नापते समय गिनती करते है तब एक नही बल्कि राम बोलते है। यहाँ के नदी, पेड़ पौधे, पर्वतों सभी प्राणियों में यहां के जनमानस के हृदय में बसते हैं। छत्तीसगढ़ में ही रामनामी परिवार भी है। 15 साल तक भाजपा ने राम नाम का उपयोग सिर्फ वोट बटोरने के लिए किया है राम वन गमन पथ को लेकर भाजपा के पास कोई ठोस नीति और नियत नहीं रही है।

**15 सालों तक भगवान राम व माता कौशल्या को भाजपा भूल गई थी**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा गोसेवा और भगवान राम के नाम पर वर्षो से राजनीति करती रही है, छत्तीसगढ़ में दोनों ही मुद्दे उसके हाथ से छिन गया है। भाजपा ने 15 सालों तक गौशाला के नाम पर 1667 करोड़ का घोटाला किया, रमन राज में गौशालाओं में 27000 गाये मर गयी, तब भाजपा के किसी नेता ने गौशाला जाने की हिम्मत नहीं दिखाया था। आज जब प्रदेश में गायों के संरक्षण का काम हो रहा तब भाजपाईयों को पीड़ा हो रही है।

## शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में वृहद आमसभा आहूत की गई



**रायपुर,** 4 सितंबर। शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत रायपुर छत्तीसगढ़ के बीटीआई ग्राउंड के सामने शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में आज पूज्य पंचायत की अध्यक्ष प्रहलाद शादीजा के नेतृत्व वाली कार्यकारणी के 2 वर्ष के कार्यकाल समापन के अवसर पर वृहद आमसभा आहूत की गई , जिसमें निवृतमान अध्यक्ष श्री प्रहलाद शादीजा ने नए अध्यक्ष के रूप में मुरली केवलानी जी का नाम प्रस्तावित किया, जिस पर सभी सम्मानित सदस्यों ने करतल ध्वनि से उनका नाम सर्वसम्मति से पारित किया । पंचायत के सहकोषाध्यक्ष सतीश छुगानी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुरली केवलानी जी को पूरे सिंधी समाज की ओर से बधाई प्रेषित करते हुए पंचायत के संरक्षक गणों अशोक नैनवानी, भरत रमानी, अशोक माखीजा ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वर्णिम कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चंद्रभान कृपलानी, वासुदेव जोतवानी, राजेश गुरनानी, दर्शन निहाल, प्रताप थारवानी, राजेश वासवानी, राजकुमार बजाज, मुरली शादीजा, राजेश वाधवानी, लद्धाराम नैनवानी, प्रभु रामानी, बी डी थडलानी, महेश पृथ्यानी, टीकम नागवानी, बल्लू अठवानी, गोविन्द शादीजा, प्रताप पोपटानी, ओम तीर्थानी, प्रकाश बजाज, संतोष गंगवानी, विजय भोजवानी, स्वरूप भोजवानी, संजय पोपतानी, अमित जीवन, वासु जीवन आदि के साथ सैकड़ों की संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

देशबन्धु रायपुर, मंगलवार, 5 सितंबर 2023 3
प्रादेशिकी
दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

## संपादकीय

### बच्चों पर दबाव डालना उचित नहीं

*बदली हुई परिस्थितियों में अपने निर्णय खुद ही लेने का यह दौर है। कम उम्र के बच्चे भी आज अपने आप को अधिक स्वतंत्र बना चुके हैं। वे अध्ययन के तरीके, विषय, संस्थान आदि का चुनाव अपनी मर्जी के अनुसार करते हैं। स्कूल व कॉलेज के बच्चे भी माता-पिता के नहीं, बल्कि अपने निर्णयों के अनुसार चलते हैं। पुरानी पीढ़ी के साथ उनके लिये संतुलन बनाना कठिन होता है इसलिये नयी व पुरानी पीढ़ियों के बीच टकराव होते हैं। अपनी बात मनवाने के लिये वे किसी भी हद तक जा सकते हैं- सम्बन्ध तोड़ने से लेकर घर छोड़ने तक या आत्महत्या भी।*

*बिलासपुर के साइंस कॉलेज का एमएससी का छात्र धनेश्वर जायसवाल अपने छोटे भाई प्रदीप के साथ बिलासपुर के राजीव विहार कालोनी में रहता था। प्रदीप बीएससी कर रहा था। पिता बाहर हैं। गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह जब उसका दरवाजा नहीं खुला तो छोटे भाई ने खिड़की से देखने पर पाया कि धनेश्वर ने फांसी लगा ली है। अपने सुसाइड नोट में धनेश्वर ने कहा है कि उससे अब एमएससी की पढ़ाई नहीं होती और वह पढ़ते हुए थक गया है। अपने इस कदम के लिये उसने मां-पिता से माफी भी मांगी। इसी प्रकार पिछले महीने ही जशपुरनगर के तपकरा के एक 14 वर्षीय छात्र मनजीत राणा ने इसलिये फांसी लगा ली क्योंकि उसे विज्ञान विषय समझ में नहीं आता था। इसके कारण वह स्कूल भी नहीं जाता था। 18 अगस्त को वह स्कूल नहीं जा रहा था। उसकी मां ने उसे जबरन भेजना चाहा। मनजीत के पिता नहीं हैं। मां ने जब ज्यादा डांट-डपट की तो उसने साफ कह दिया कि अगर उसे विज्ञान पढ़ना पड़ेगा तो वह मर जायेगा। नाराज़ होकर मनजीत अपने कमरे में चला गया। दोपहर के बाद भी वह बाहर नहीं निकला तो उसकी मां ने पाया कि मनजीत साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया है। उसे कुनकुरी के अस्पताल में ले जाया गया पर उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।*

*ये दोनों ही मामले पालकों, अभिभावकों, शिक्षकों समेत सभी के लिये सबक हैं। यह समझ लेना ज़रूरी है कि सारे विषय सभी बच्चों के स्वभाव और रुचि से मेल नहीं खाते। सबकी दिलचस्पी अलग-अलग विषयों में होती है। पाठ्यक्रम में बदलाव करना न तो बच्चे के लिये सम्भव है और न ही शिक्षकों या पालकों के लिये। इसलिये बेहतर है कि बच्चों की रुचि के मुताबिक और उनसे बात करके ही किसी भी विषय और संस्थान का चयन करना चाहिये। अपनी पसंद उन पर थोपना ठीक नहीं है और न ही किसी और तरीके का उन पर दबाव डालना चाहिये। औसत या सामान्य दर्जे की शिक्षा प्राप्त कर भी जीवन में सफलता प्राप्त करना सम्भव है।*

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

# कमरछठ व जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में भारी भीड़

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कमरछठ व जन्माष्टमी के सामानों से लेकर आज दिनभर बाजार सजे रहे। कल 5 सितंबर को पड़ने वाले कमरछठ के सामानों की खरीददारी के लिये आज पूरे दिन महिलाओं की भीड़ लगी रही। इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार में तो इस कदर भीड़ देखी गई कि लोगों का दुपहिया वाहन से तो क्या पैदल चलना तक दूभर हो गया। संध्या 7 बजे के आसपास हुई बारिश ने बाजारों में भगदड़ की नौबत ला दी। इसके साथ ही बाजार भी उठने लगा।

कल 5 सितंबर को कमरछठ है। आज दिन भर महिलाएं पसहर चांवल लाई, चुकिया, चुरकी, सहित कमरछठ में लगने वाली सामग्रियों के पसरे से बाजार अटे रहे।





पसहर चांवल डेढ़ सौ रूपये किलो तक बिका। व्यवसाइयों के अनुसार रेट में विगत 5 वर्षों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। बांस की चुरकी सौ से 120 रूपये दर्जन व मिट्टी की चुकिया 60 रूपये दर्जन तथा अन्य छोटे छोटे सामान भी पैकेट के हिसाब से बिकते रहे।

**■ शाम को बारिश से व्यवधान**

कमरछठ के अलावा 7 सितंबर को पड़ रही जन्माष्टमी की भीड़ भी आज के बाजार में देखी गई। विशेषकर श्री कृष्ण के वस्त्रों, मूर्तियों सहित माला व भगवान के श्रृंगार की वस्तुओं की लोगों ने जमकर खरीदी की।

शाम लगभग 7 बजे बादलों की गरज के साथ बारिश के छींटे पड़ने लगे। देखते ही देखते तेज बारिश होने लगी और पसरा लगाकर बैठे लोगों ने अपनी दूकानें सकेलनी शुरू कर दी। इस बीच कुछ देर बिजली भी गुल रहीं। इसके साथ ही बाजार भी ठंडे पड़ने लगे।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने प्रकरणों पर की जनसुनवाई

**17 प्रकरण नस्तीबद्ध 10 रायपुर स्थानांतरित**



**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सोमवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। दुर्ग जिले में आयोजित जनसुनवाई में कुल 35 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में दोनों पक्षकार डॉक्टर है। आवेदिका ने मानसिक प्रताड़ना प्रकरण दर्ज कराया था और इस प्रकरण में दोनों पक्षकारों ने एक दुसरे के खिलाफबहुत सारे दस्तावेज प्रस्तुत किए। आयोग व्दारा दोनों पक्षो को आगामी सुनवाई रायपुर में एक दुसरे के दस्तावेजों के जवाब सहित उपस्थित होने के लिए कहा ताकि दोनों पक्षो का प्रकरण का निराकरण किया जा सके और एक अन्य प्रकारण में आवेदिका ने तहसीलदार खरोरा के समक्ष खाता बटवारा के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसे खारिज कर दिया गया था। उसके अपील प्रस्तुत किए बिना महिला आयोग में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। आवेदिका को समझाईश दिया गया कि अपना प्रकरण अपील करें। प्रकरण नस्तीबध्द किया गया।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपने जमीन पर अनावेदकगण व्दारा कब्जा करने और प्रकरण दायर करने की जानकारी दिया गया। अनावेदक क्र. 1 ने एक एफआई.आर की कॉपी. प्रस्तुत किया है जिसमें अनावेदक के बेटे के खिलाफ दर्ज कराया ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## भाजपा सरकार ही छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार व कुशासन से मुक्ति दिलायेगी : प्रेम प्रकाश पाण्डेय



**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा गत दिवस रायपुर में जारी किये गये प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरूद्ध आरोप पत्र की प्रतियां आज एक पत्रवार्ता में पत्रकारों को वितरित करते हुए पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने दावा किया है कि प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार व कुशासन से भाजपा की सरकार ही मुक्ति दिलायेगी। उन्होंने पत्रकारों से भाजपा की सरकार की तत्कालीन केन्द्र सरकार ने ही तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। भाजपा सरकार ने ही छत्तीसगढ़ को 15 वर्षो के शासनकाल में सजाया व संवारा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पिछली भाजपा सरकार की विकास योजनाओं को दरकिनार करते हुए छत्तीसगढ़ को घपलों घोटालों का प्रदेश बना दिया है।

पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने पत्रवार्ता में आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के एक परिवार का एटीएम बनाकर रख दिया है। उन्होंने ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## मोबाईल पर जुआ खिलाने का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मोबाईल पर सट्टा खिलाने के आरोपी मनीष सोनी निवासी सदर बाजार दुर्ग को जुआ अधिनियम की धारा 6-7 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



कोतवाली थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें मुखबिर से आरोपी मनीष सोनी द्वारा अपने मोबाईल से सट्टा पट्टी पर्ची के माध्यम से सट्टे का कारोबार करने की जानकारी मिली। इस आधार पर पुलिस की टीम ने मनीष सोनी पर रेड की कार्रवाई कर उसका सैमसंग मोबाईल चेक किया गया। मोबाईल चेक करने पर उसमें वाट्स एप्प कमें लाखों रूपये का सट्टा के कारोबार का ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## अधिवक्ता हितेन्द्र की संदिग्ध मौत की शिकायत पर दंडाधिकारी जांच के आदेश

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने अधिवक्ता हितेन्द्र ताम्रकार की संदिग्ध मृत्यु की शिकायत पर दण्डाधिकारी जांच हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी ;छावनी दुर्ग को जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच हेतु निर्देशित किया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी ;छावनी दुर्ग द्वारा जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्धारित बिंदु अनुसार जांच प्रारंभ कर दी गई है। जांच के बिंदु इस प्रकार हैं . क्या उक्त मृतक किसी गंभीर बिमारी से पीड़ित था, क्या उसको समय पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, मृतक की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, मृत्यु के लिए कोई जिम्मेदार तो नहीं है, क्या इस घटना को टाला जा सकता था, अन्य बिंदु जो जांच अधिकारी उचित समझे। जन साधारण/आम जनता को सूचित किया गया है कि मृतक के मृत्यु के कारणों की जांच जिला ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## स्वास्थ्य शिविर, निषाद सम्मेलन सहित अन्य आयोजन



**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा चंडी शीतला मंडल द्वारा हैल्पिंग हैंड एव आरोग्य भारती के सहयोग से मंगल भवन मोहन नगर में स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की जांच परामर्श एवं दवा वितरण नि:शुल्क किये गये।

शिविर में शंकराचार्य हास्पिटल के डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. मानसी गुलाटी के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम डॉ. गुंजा पिंचा, डॉ. प्रांजल जैन, डॉ. अभिषेक महोबिया, डॉ. अमित जग्यानी, रवि देवांगन, अजय कश्यप, विनिता गुप्ता, सुप्रिया साहू ने अपनी सेवाएं दी।

**■ भाजपा अध्यक्ष, महामंत्री सहित अनेक हुए शामिल**


इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ग्राम अंजोरा में आयोजित निषाद समाज के सम्मेलन में शामिल हुए। इसके अलावा वे सनातनी मंच द्वारा आयोजित भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा में शामिल हुए।

स्वास्थ्य शिविर व अन्य कार्यक्रमों में जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, सेवकराम यदु, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा, बंटी चौहान, सहित अनेक भाजपा, भाजयुमो व महिला मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नेवईवासियों ने टाउनशिप का कचरा अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराने कलेक्टर से लगाई गुहार

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा।

आंगनबाडी भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नही होने की शिकायत लेकर पहुंचे जामुल निवासी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि जामुल क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य कराया जाना है। इस हेतु पालिका द्वारा कार्यादेश भी जारी किया गया है। किन्तु आज दिनांक तक निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया है, जिससे आस-पास के निवासियों के बच्चों को आंगनबाड़ी का लाभ नही मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जामुल को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



**जनदर्शन में प्राप्त हुए 110 आवेदन**

ग्राम नेवईवासियों ने टाउनशिप का कचरा अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने हेतु गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी नेवई बस्ती से लगी हुई खाली जगह पर रिसाली नगर निगम द्वारा पूरे टाउनशिप का कचरा डंप किया जाता हैए जिसके कारण पूरे ग्रामवासी बदबू से परेशान रहते हैं। साथ ही स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में इस कचरे में आग लगा दी जाती है। धूआं के कारण पूरे गांव में धूआं हो जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## जिले में अब तक 619.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 4 सितंबर तक 619.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 785.9 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 357.5 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 573.2 मिमी, तहसील धमधा में 603.9 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 657.0 मिमी ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## जन्माष्टमी पूर्व शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जन्माष्टमी उत्सव के पूर्व सनातनी मंच द्वारा शहर में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकालकर श्रद्धालुओं में जन्माष्टमी उत्सव का उत्साह का माहौल बना दिया। शोभायात्रा में कृष्ण व राधा के वेश में सजे बच्चें व अन्य झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। यह शोभायात्रा पचरीपारा कुआ चौक से प्रारंभ होकर इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैण्ड, जवाहर चौक, श्रीराम मंदिर, शिवपारा चौक, मां चंडी चौक, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कंकालीन चौक, श्री गोपाल कृष्ण मंदिर पहुंची। जहां महाआरती के पश्चात शोभायात्रा संपन्न हुई। शोभायात्रा का लोगों ने रास्तेभर स्वागत कर श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा का आयोजन ऋषि यादव, महेश ठेठावर, गुड्डू यादव, ललित यादव, धर्मेंद्र यादव, सतीश यादव, गोविंदा लखन यादव के मार्गदर्शन में किया गया था।



शोभायात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुवनेश्वर यादव, विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## निगम ने 216 आवारा पशुओं को पकड़कर गौठान पहुंचाया

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखने की कार्रवाई लगातार जारी है। विगत एक पखवाड़े में 216 आवारा पशुओं को पकड़कर पुलगांव गौठान नई गंजमंडी स्थित गौठान तथा नेवई भिलाई के गौठान पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त 243 घूमंतु पशुओं को रेडियम पट्टी लगाई गई। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक अतिक्रमण अधिकारी चंदन मनहरे की टीम द्वारा की गई।



➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## शैलेन्द्र एक महान जनवादी कवि-लेखक थे : साव

**जनवादी लेखक संघ दुर्ग ने मनाया गीतकार शैलेन्द्र जन्म शताब्दी समारोह**

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जनवादी कवि और विख्यात फिल्मी गीतकार शैलेन्द्र के जन्म के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनवादी लेखक संघ दुर्ग और महामया बुद्ध विहार कल्याण समिति कर्मचारी नगर दुर्ग तथा म्यूजिक आर्ट सोशल थियेटर दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में शैलेन्द्र के कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित एक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। महामाया बौद्ध विहार कर्मचारी नगर दुर्ग के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रसिद्ध साहित्यकार और आलोचक अजय चंद्रवंशी ने फिल्म निर्माता शैलेन्द्र की कृति तीसरी कसम पर केन्द्रित अपना विहंगम वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीतकार शैलेन्द्र सौ फिल्मों में आठ सौ गाने लिखकर जितना सफल हुए उतना सफल फिल्म तीसरी कसम बनाने को लेकर नहीं हुए, यह एक बड़ी त्रासदी से कम नहीं है। श्री चंद्रवंशी ने शैलेन्द्र के कृतित्व और व्यक्तित्व पर शोधात्मक वक्तव्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकार शरद कोकास ने कवि शैलेन्द्र के जनवादी और क्रांतिकारी साहित्यिक कविताओं की लंबी श्रृंखलाओं को प्रस्तुत करते हुए उपस्थित श्रोताओं के बीच शैलेन्द्र को महान जनवादी और समतावादी साहित्यकार होने की बात को सप्रमाण रेखांकित किया।

कहानीकार कैलाश बनवासी ने गीतकार शैलेन्द्र के गीतों में प्रेमाभिव्यक्ति और सामाजिक चेतना विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीतकार शैलेन्द्र की तमाम रचनाओं में लोकजीवन की सहज और निर्मल प्रेम की भीनी-भीनी महक दिखाई देती है वहीं उनके गीतों में सामाजिक जनचेतना को उद्वेलित करने वाली विद्रोही तत्व मौजूद रहे है। ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## जश्ने बद्र में शहर के मशहूर शायरों ने समां बांधा



**दुर्ग।** उस्ताद शायर, स्व.हाजी बदरूल कुरैशी बद्र की 6 वीं पुण्यतिथि पर दिवंगत शायर के शिष्यों एवं पुत्र पुत्रियों ने जश्न ए बद्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश बरमेचा थे तथा अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार रौनक जमाल ने की। कार्यक्रम में बुजुर्ग शायर हाजी रियाज गौहर भी शामिल रहें। कार्यक्रम का संचालन शायर नवेद रजा दुर्गवी ने किया।

इस अवसर पर आलोक नारंग, हाजी ताहिर निजाम, रौनक जमाल, मुमताज भाई, नावेद रजा दुर्गवी, हमीद खोखर, रियाज गौहर, डॉ. बीना सिंग, अंजु त्रिपाठी, शरद कोकास, डॉ. नौशाद सिद्दीकी, डॉ. संजय दानी, रामभरण पूरी, कशिश, ओमवीर करण, डॉ. नरेन्द्र देवांगन, बीएल त्रिपाठी, पी.बी.सक्सेना, मो. गुलाब, एस.बी.सिंग, रसीदा साहू, एवं अन्य ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢



### कल दही हाण्डी लूट

**भिलाईनगर।** विश्व हिंदू परिषद भिलाई के अध्यक्ष राजीव चौबे ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद भिलाई द्वारा 7 सितम्बर को संध्या 6 बजे से संजय नगर सुपेला मैदान दही हाण्डी लूट का आयोजन किया गया है जिसमे पुरस्कार राशि 51000 रू होगी इस कार्यक्रम में दुर्ग भिलाई की सभी प्रख्यात टोलियाँ हिस्सा लेंगी तथा वि हि प के जिला अध्यक्ष अमर चंद सुराणा, ज़िला कार्याध्यक्ष पारस जंघेल, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर निहाल उपास्थि रहेंगे ।

### आज शिक्षक दिवस

**भिलाईनगर।** स्वतंत्र भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर ओम शिव शक्ति विद्यालय नंदिनी रोड सुभाष नगर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन 5 सितम्बर प्रात: 10 बजे किया गया है। साहित्यकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर शिक्षकों का सम्मान करेगें।

# चैतन्य ने किया 360 शिक्षकों का सम्मान

## महापौर निर्मल के संयोजन में भिलाई-चरोदा में अब तक का बड़ा आयोजन



**भिलाइनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल के हाथों भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के 360 शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। महापौर निर्मल कोसरे के संयोजन में आयोजित यह शिक्षक दिवस सम्मान समारोह भिलाई-चरोदा में भीड़ के लिहाज से अब तक का बड़ा आयोजन रहा। सम्मानित हुए शिक्षक वृंद ने हर्ष जताते हुए आयोजन के लिए महापौर श्री कोसरे को साधुवाद दिया। भिलाई-3 के मंगल भवन में रविवार को शिक्षक दिवस सम्मान समारोह 2023 का गरिमामय आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न आयोजन के संयोजक महापौर निर्मल कोसरे थे। कार्यक्रम में भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के 360 शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्रीफल, स्मृति चिन्ह और कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। गरिमा और भव्यता के लिहाज से यह आयोजन भिलाई . चरोदा में अब तक का बड़ा शिक्षक दिवस सम्मान समारोह साबित हुआ। इसके लिए सम्मानित हुए शिक्षक और शिक्षिकाओं ने महापौर निर्मल कोसरे की प्रसंशा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, नगर निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर, निगम आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी टी.आर.जगदल्ले, समाजसेवी सुरेश धिंगानी, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री सुजीत बघेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एस.वेंकट रमना, ईश्वर साहू, मनोज कुमार डहरिया, एम. जॉनी, दीप्ति वर्मा एवं देव कुमारी भल्लावी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने भी आकर्षण बिखेरा। मुख्य आतिथ्य चैतन्य बघेल ने सभी सम्मानित शिक्षक व शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए समाज में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को ज्ञान और शिक्षा प्रदान कर भविष्य के लिए अच्छे नागरिक बनने की नींव रखते हैं। महापौर निर्मल कोसरे ने अपने आमंत्रण पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सम्मान समारोह में पहुंचे सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक परिवेश बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं के समर्पण और निष्ठा को भुलाया नहीं जा सकता।

# टाटा वाहन ने स्कूटी सवार युवती को मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत



**भिलाई नगर,** 4 सितंबर (देशबंधु)। खर्रा पाटन मार्ग पर आज तेली गुंडरा हायर सेकेंडरी स्कूल के पास तेज रफ्तार टाटा एस वाहन ने दुपहिया सवार युवती को जोरदार ठोकर मार दी जिसे गंभीर अवस्था में पाटन अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पाटन पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पाटन पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज पाटन ब्लॉक में फिर एक सड़क हादसा हुआ। दुपहिया क्रमांक सीजी 05 ए एन 8324 खर्रा से पाटन तरफ जा रही थी। तेली गुंडरा हायर सेकेंडरी स्कूल के पास अंधा मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 07 बी के 5475 ने स्कूटी को टक्कर मार दिया। वही गाड़ी अनियंत्रित होकर पास में ही सड़क किनारे खड़ी है बाइक को भी ठोकर मार दिया। इस टक्कर में ग्राम बरबसपुर निवासी संजना ठाकुर 22 साल को गंभीर रूप से चोटें आई थी। जिसे एंबुलेंस की मदद से पाटन अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा परीक्षण के पश्चात युवती को मृत्यु घोषित कर दिया गया। इस घटना के आरोपी टाटा एस चालक को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संस्कृति का रक्षासूत्र है संस्कृत : डॉ. शर्मा



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। संस्कृति और साहित्य एवं ज्ञान-विज्ञान अभिन्न हैं। साहित्य दो विश्वकवि कालिदास और तुलसीदास शब्द और अर्थ को शिव-शक्ति और सीता-राम मानते हैं। सूर्य, चन्द्र और अग्नि की ऑंखों वाले शिव त्रिनेत्र कहलाते हैं। श्रावण मास शिवकथाए रामकथा और दोनों के भक्तिकाव्यों के श्रवण के लिये समर्पित रहता है। स्वयं गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि शिव रामसाहित्य के प्रथम कवि हैं। रचि महेश निज मानस राखा। राम चरितमानस नाम इसीलिये प्रचलित हुआ। इधर शिव को चन्द्रशेखर भी कहते हैं। इसरो के मुख्य वैज्ञानिकों में भी शिवन और सोमनाथ के नाम शिव से प्रेरित हैं। इसलिये चन्द्रयान अवतरण स्थल का नामकरण शिव.शक्ति स्थल करना सार्थक प्रतीत होता है। उधर गायत्री मन्त्र में सूर्य की उपासना करते हैं हम, तो भविष्य में भास्करयान की प्रतीक्षा है। इधर चन्द्रमुखी, सूर्यमुखी और ज्वालामुखी के बिना साहित्य, पर्यावरण और भूगोल विज्ञान अधूरे हैं। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को ज्ञान के साथ विज्ञान समझाने की प्रतिज्ञा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी हनुमान् और वाल्मीकि को विशुद्ध वैज्ञानिक कहते हैं। ये विचार हैं इस्पात नगरी भिलाई के साहित्य संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा के। वे विगत दिवस शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनॉंदगॉंव में संस्कृत विभाग में प्राध्यापकोंऔर छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। देश विदेश में अनेक सफल शैक्षिक सांस्कृतिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा विश्व संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि की आसन्दी से बोल रहे थे। आचार्य ने रोज़गार, पर्यावरण और सामान्य ज्ञान पर भी मार्गदर्शन दिया। ज्ञातव्य है आषाढ़ की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास जयन्ती और गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनायी जाती है। श्रावणी पूर्णिमा महर्षि वाल्मीकि जयन्ती और विश्व संस्कृत दिवस के रूप में भी मनायी जाती है। केन्द्र शासन और राज्य शासन ने रक्षा बन्धन के तीन दिन पूर्व और तीन दिन बाद तक विश्व संस्कृत दिवस मनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर आचार्य डॉ शर्मा ने कहा कि संस्कृति-साहित्य और ज्ञान.विज्ञान के लिये संस्कृत रक्षासूत्र है। इस राखी से भारतीय सांस्कृतिक सुरक्षा सम्भव है। डा. शर्मा ने पुस्तकोपहार भेंट समारोह में स्वलिखित पुस्तक सटीक शुकनाशोपदेश छात्राओं को नि: शुल्क भेंट की। आचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा कई किताबें विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में भी निर्धारित हुयीं। स्टाफ और ग्रन्थालय को भी उन्होंने पुस्तकें सौंपीं। मेधावी छात्रा को नगद पुरस्कार भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ आलोक मिश्र ने डॉ शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुये संस्कृत की महत्ता पर रोचक जानकारी दीं। प्राचार्य डॉ मिश्र, संस्कृत विभागाध्यक्षा श्रीमती डा. सुषमा तिवारी एवं छात्राओं ने श्रीफल, पुष्प गुच्छ भेंट कर आचार्य शर्मा का सम्मान किया। डा. सुषमा तिवारी ने आयोजन की भूमिका रखते हुये सफल संचालन किया और छात्रा कुमारी लक्ष्मी ने आभार ज्ञापन किया। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं ने देर तक सक्रिय उपस्थिति देकर मार्गदर्शन का लाभ उठाया। ज्ञात हो कि आचार्य डॉ. शर्मा द्वारा सास्कृति में ब्याख्यन देने के लिये अनेक देशों की यात्रा भी की है।

### सोसायटी का लाभ वितरण 16 से

**भिलाईनगर।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव सोसाइटी सेक्टर 4 के भिलाई स्टील प्लांट के सदस्य कर्मियों को लाभांश का वितरण 12 सितंबर से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक कुमार परगनिहा ने बताया कि लाभांश एवं ब्याज का वितरण लगातार 11 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सदस्यों की सुविधा को देखते हुए लाभांश वितरण अवधि पूरे दो माह की रखी गई है। अपराह्न 3 से सदस्य सेक्टर-4 सोसाइटी पहुंच कर लाभांश ले सकते है। निर्धारित तिथि में छूटे सदस्यों को सिर्फ सोमवार को अवसर मिलेगा। शासकीय अवकाश के दिन लाभांश ब्याज वितरण कार्य नहीं होगा। जो सदस्य निर्धारित तिथि में नहीं पहुंच पाएंगे वे नवम्बर-23 से फरवरी 24 के बीच महीने के आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक कार्यालयीन समय में लाभांश प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यों को सोसाइटी की पासबुक के साथ अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो एवं अपना बीएसपी का गेटपास लाना होगा।

# नि:शक्त बच्चे 10 को दिखाएंगे अपनी प्रतिभा : प्रदीप



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से अंचल के नि:शक्त बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से अभिव्यक्ति की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में 10 सितंबर की शाम होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई के साथ तमाम सहयोगी आयोजन स्थल कला मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रदीप पिल्लई ने बताया कि आयोजन में दुर्ग भिलाई सहित आसपास के अंचल के 11 विशेष स्कूलों के बच्चे हिस्सा लेंगे। जिसमें बच्चे अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर सभी स्कूलों से संपर्क कर लिया गया है और बच्चे कला मंदिर के मंच पर प्रस्तुत होने अपनी तैयारी कर रहे हैं। लगातार चौथे वर्ष होने वाले इस आयोजन में भिलाई इस्पात संयंत्र, जिला व पुलिस प्रशासन और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के आला अफसरों सहित शहर के कई गणमान्य विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। आयोजन को लेकर सभी तैयारी लगभग पुरी कर ली गई है।

# अंतिम छोर तक पेयजल पहुंचाने बनेगी चार पानी टंकी



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति के दबाव को कम करने महापौर परिषद ने लगभग 17 करोड़ की लागत से 4 नये पानी टंकी निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान किया है। टंकी का निर्माण सघन बस्तियों में अंतिम छोर तक पानी पहुॅचाने का लक्ष्य होगा। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी तथा परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। परिषद के समक्ष 11 प्रस्ताव विचार हेतु रखे गये थे। जिसमें सुपेला, वैशालीनगर में रामनगर मुक्तिधाम के पास, कैम्प-2 तथा खुर्सीपार में शासकीय कन्या स्कूल के पास इस प्रकार 4 नग पानी टंकी का निर्माण लगभग 17 करोड रूपये की लागत से किये जाने के प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान किया गया। नवीन पानी टंकी के निर्माण से जहॉ पेयजल सप्लाई का रफ्तार धीमा पड़ता था। ऐसे बस्तियों में 15 किलो मीटर नये पाईप लाईन बिछा कर जल आपूर्ति किया जायेगा। हास्पिटल सेंटर से लगी हुड़को मैदान में डॉ.भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने. निगम भिलाई के आय में वृद्धि करने हेतु 100 करोड़ का म्युनिसिपल बांड जारी करने आर.एफ.पी आमंत्रित किये जाने, जोन-2 वैशालीनगर स्थित साक्षरता चौक का नाम परिवर्तन कर स्वामी आत्मानंद चौक करन, जोन-2 अंतर्गत गौरव पथ से आजाद चौक जाने वाले मार्ग के तिराहा का नाम माता बहादूर क्लारिन के नाम से किये जाने, महात्मा गांधी अर्बन इण्डस्ट्रीयल पार्क अर्बन आजीविका पार्क योजना के क्रियान्वयन के साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, जोन-5, वार्ड 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70 के अंतर्गत सार्वजनिक मंचए सामुदायिक भवन, ग्राउण्ड, उद्यान का संधारण एवं प्रकाश व्यवस्था किये जाने, निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत 500 शीट शहरी महिला आजीविका केन्द्र के लिए सिलाई मशीन एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने, वार्ड 57 (पुराना) सेक्टर-6 सिविक में लाईट हाईमास्ट तथा ट्रेफिक पार्क का सौंदर्यीकरण किये जानेए वितरण पाईप लाईन बिछाने का कार्य एवं क्लीयर वाटर राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने का कार्य की स्वीकृति महापौर परिषद ने प्रदान की है। बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, श्रीमती रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुरए मीरा बंजारे उपस्थित थे।

# फ्लाई ओवर ब्रिज के समीप सर्विस रोड ठीक करने की मांग



**.भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। साक्षरता चौक से लेकर प्रियदर्शिनी परिसर अंडर ब्रिज रोड तक हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है अगर सर्विस रोड को चालू कर दिया जाए तो यह बहुत हद तक हादसे का खतरा कम हो सकता है। शासन प्रशासन से नागरिकों की मांग है यहां की सर्विस रोड को खोला जाए। यहां सर्विस रोड जो अवैध कब्जा करके लोग गाड़ियों को खड़ा किए हैं। उसे हटाया जाए और आवागमन को सुगम बनाया जाए। इसी रोड पर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल है। वहां तक लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। नागरिकों की मांग है कि साक्षरता चौक से लेकर लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल तक इस सर्विस रोड को सही कर दिया जाए जिससे 18 नम्बर सड़क से निकल कर या फिर चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज से निकल कर अस्पताल की ओर जाने उल्टी दिशा में जाना पड़ता है। जिससे आमन-सामने गाड़ियों के बीच हमेशा हादसा होने का खतरा बना रहता है। इसलिए आम नागरिकों की मांग है कि साक्षरता चौक से लेकर आगे प्रियदर्शिनी परिसर अंडरब्रिज तक सड़क को सही किया जाए और आवागमन की सुविधा बहाल की जाए। इसी तरह छावनी चौक पर लगा सिग्नल भी काम नहीं कर रहा है। इसे सुधारा जाना और यहां ज़ेबरा क्रॉसिंग बनाना बेहद जरूरी है। जिससे वाहन सही दिशा में खड़ा हो। छावनी चौक पर जो सिग्नल लगा है सही ढंग से ना लगे होने से गाड़ियां बेतरतीब सी खड़ी होती हैं। एक दूसरे को ओवरटेक करने के चक्कर में चौक पर हमेशा जाम लगा रहता है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग करते हुए हाउसिंग बोर्ड निवास एमएच सिद्दीकी ने बताया कि छावनी चौक में सिग्नल लगने के एक सप्ताह बाद से ही बंद पड़ा है उसे भी सही किए जाने की जरूरत है। साथ ही आम चौक चौराहों का सही तरीके से ज़ेबरा क्रॉसिंग लगाकर लोगों के आवागमन को सुगम बनाया जाए और भिलाई को जीरो एक्सीडेंट बनाया जाए जहां लोगों को आवागमन की असुविधा न हो। इस तरहचंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज से निकल कर जब वाहन चालकों को ओहर ब्रिज के नीचे मीडिल कट का सौन्दर्यकरण का कार्य पिछले कई माह से चल रहा है। जिसके कारण लोगों को फ्लाई ओवर ब्रिज को नीचे से एक दिशा से दूसरी दिशा जाने में काफी परेशानी हो रही है। लोगों ने चंद्रा-मौर्या टाकीज के पास बने फ्लाई ओवर ब्रिज का रास्ता शीघ्र खोला जाये।

# महिला-बाल विकास द्वारा वजन त्यौहार आयोजित



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय महिला एवं बाल विकास विभाग संबंधित वजन त्यौहार आयोजन कुरूद वार्ड.-22 स्थित आंगनबाड़ी-22 में सहर्ष सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए दुर्ग जिला महिला एवं बाल विकास विभागय महिला पर्यवक्षक श्रमि प्रीति देवांगन ने कहा कि शासकीय योजनान्तर्गत आयोजित इस तरह के कार्यक्रम से कुषोषक बच्चों को चिन्हांकित कर उनके स्वास्थ्य सुधार का अवसर मिलता है। इसलिए शिशु सुपोषित द्योतक है वजन त्यौहार। विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद अमित अनिता साहू, समाज से अजयसाहू एवं एम.चन्द्रशेखर रेड्डी ने भी मिले जुले विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता आंगनबाडी-2 कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति चौबे द्वारा किया गया। आज 4 सितंबर के कार्यक्रम में आंगनबाड़ी प्रवेशित 30 शिशुओं के साथ ही वजनी शिशु विजय यादव, भारत माता, श्रीमती टिकेश्वर्श यादव, आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती प्रभा अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

# डबरापारा में आज एक भी नहीं मिला मरीज



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। उतर डबरा पारा भिलाई 3 में आज डायरिया के शून्य प्रकरण दर्ज किया गया है। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि आज पारा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्रभावित परिवारों के महिला सदस्यों ओर मोहल्ले के नवयुवकों को उल्टी दस्त रोकथाम बचाव मोह्हले में कैसे करेंगे ओर क्या सावधानियां बरतनी है इस पर प्रशिक्षण भी दिया गया ओर चर्चा भी किया गया। मितानिन ममता वैष्णव, सूरुज जांगड़े, सूमन साहू ओर एएनएम हेमलता गीते ने पारे में जागरुकता रैली निकाली पानी उबलकर ठंडा करके पीना ओर क्लोरीन के इस्तेमाल की जानकारी प्रदान दी गई। पुराने मरीजों का फालोअप किया गया। सभी वर्तमान में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं अधिकांश पूर्ण रूप से ठीक हो चुके हैं। जल विभाग से सहायक अभियंता हेमंत साहू राजेश कुमार, पवन कुमार, केमिस्ट ए इलेश निर्मलकर, ऑपरेटर दुर्गेश वर्मा, टिकेन्द्र पटेल ने विभिन्न जल स्त्रोत हैंडपंप का टी डीएस व पी एच वेल्यू चेक किया है। सभी हैंडपंप का पीएच वेल्यू समान आया है पारा बैठक में शपथ भी दिलाई गई स्वयं की स्वच्छता के साथ पारा मोहल्ले को गंदनी से बचाने एंव डबरा पारा को उल्टी दस्त जैसी संक्रामक बीमारी से उभारने प्रशासन निगम ओर स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करेग ।स्वास्थ्य विभाग ओर निगम द्वारा कुल 56 घरो का सर्वे करते हुए ओआरएस 15 जिंक टेबलेट तथा क्लोरीन टेबलेट 56 घरो में वित्त रण किया वहीं मोहल्ले के 8 स्थानों का वाटर सैंपल की जँच हेतु निगम को भेजा है ।

# साई कॉलेज में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**भिलाईनगर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। साई कॉलेज भिलाई में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा साई कॉलेज में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि भाई बी के प्रकाश रहे। जिन्होंने माइंड हीलिंग के ऊपर अपना व्याख्यान दिया। प्रकाश भाई के साथ रिया बहन भी उपस्थित रहीं जिन्होंने मेडिटेशन से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया की हमें अपने शरीर की पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाना चाहिए और नेगेटिव एनर्जी को कम करना चाहिए क्योंकि अगर हमारे ऊपर हमारे नेगेटिव एनर्जी हावी हो जाती है तो व्यक्ति सदा ही दुखी रहता है। पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाने के लिए हमें मेडिटेशन करना चाहिए व खुश रहना चाहिए। इन तरीकों से हम अपने मन व दिमाग की हीलिंग कर सकते हैं। इस अवसर पर साई कालेज के स्टाफ सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। इस तरह का कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा साई कालेज सेक्टर-6 में पहले भी आयोजित किया जा चुका है।



# काहे के चिंता हे, कका अभी जिन्दा है-15 को होगी रिलीज




**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एक्शन, रोमांश, कमेडी और राजनीति से भरपूर 15 को रिलिज होगी। वाईआर फिल्म्स सीजी के बेनर तले एवं मनोज खरे, हेमलाल चतुर्वेदी द्वारा निर्मित एवं छॉलीवुड के फेमस डायरेक्टर सलीम खान के निर्देशन में बनी छत्तीसगढी फिल्म काहे के चिंता हे, कका जिन्दा है आगामी 15 सितंबर को पूरे छत्तीसगढ के सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। उक्त जानकारी आज एक पत्रकारवार्ता में फिल्म के निर्माता मनोज खरे, पवन गांधी, हेमलाल चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से दी। इस दौरान पवन गांधी ने बताया कि यह फिल्म किसानों और वर्तमान में आम जनता की परिस्थितियों के बखूबी दर्शाने के साथ किसानों के शोषण एवं समस्याओं के साथ ही उसके निराकरण व किसानों की उन्नति किस प्रकार हो इसका भी बेहतरीन फिल्मांकन किया गया है। मनोज खरे एवं हेमलाल चतुर्वेदी ने बताया कि किसानों पर आधारित इस फिल्म में कमेडी और राजनीति से भरपूर इस फिल्म से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होगा। इस फिल्म का ट्रेलर गत 23 अगस्त को आ चुका है। जिसे लाखों दर्शक बेहद पसंद कर रहे है फिल्म के डायरेक्टर सलीम खान से मिली जानकारी के अनुसार इस फिल्म के हिरो जहां छॉलीवुड के दबंग एक्टर पवन गांधी एवं इसकी नायिका छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों की खूबसूरत हिरोईन सान्या कम्बोज के साथ ही रितेश राजपूत व मनीषा साहू है। इस फिल्म में भी छॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस अंजलि चौहान ने हिरो की मां की भूमिका निभाते हुए अपने चिरपरिचित अंदाज में अपना अलग ही छाप छोड़ी है। इसमें जहां खलनायक की भूमिका बॉलीवुड एवं छॉलीवुड स्टार विक्रम राज, पुष्पेन्द्र सिंह, काशी नायक ने की है तो अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शमशीर सिवानी, विनायक अग्रवाल, डोमार सिंह ठाकुर, उर्वशी साहू, संजू साहू, मनोज खरे, हेमलाल चतुर्वेदी सहित छॉलीवुड के अन्य कई प्रसिद्ध अभिनेताओं ने इसमें अभिनय किया है। इसमें शमशीर सिवानी ने मारवाड़ी सेठ का रोल किया है।

CMYK

## अधेड़ ने लगाई फांसी

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर। समीपस्थ ग्राम परसदा निवासी दिनेश कुमार साहू 50 वर्षीय ने अपने घर के कमरे में पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली । हालांकि खुदकुशी का कारण अज्ञात है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**दल्लीराजहरा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिला महिला रामायण मंडली व समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समितियों को राजनांदगांव शहर में आयोजित विभाग स्तरीय महिला चेतना सम्मेलन में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर के गायत्री स्कूल सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में संघ परिवार की महिला समन्वय समिति की हजारों बहने शामिल हुई इस चेतना सम्मेलन में जिला के दल्ली राजहरा,गुरुर,गुंडरदेही बालोद शहर डौंडीलोहारा से महिला समिति के सदस्य राजनांदगांव विभाग की सह संयोजिका सत्या साहू व जिला अध्यक्ष संगीता देवांगन के नेतृत्व में शामिल हुई।

सम्मेलन में डौंडीलोहारा विकासखण्ड के अरजपूरी खैरकट्टा की महिला समिति को वनांचल क्षेत्रो में स्वच्छता व सामाजिक सुधारों के लिए काम करने पर सम्मानित किया गया वही बालोद की रोहणी साहू व दल्ली राजहरा की नन्दा पसीने उषा साहू को समाज मे उत्कृष्ट कार्य व आत्मनिर्भर स्वावलंबन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए सम्मान मिला। अवसर पर मुख्य वक्ता रश्मि द्विवेदी व डाक्टर वर्णिका शर्मा बिलासपुर ने बहनो को महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुये भारतीय विचारधारा के साथ आत्म निर्भर स्वालंबन नारी सुरक्षा आत्म सम्मान की दिशा मे कार्य व भारत के विकास मे महिलाओं की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला व कहा की आज महिलाओं के जनहित के कार्यों से समाज के साथ देश के विकास में भागीदारी से समस्त वर्ग की महिलाएं गर्व का अनुभूति कर रही है। मुख्य अतिथि व वरिष्ठ समाज सेविका अमिता मूंदड़ा व ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य संचालिका बी के पुष्पा बहन ने हजारों बहनो की एकजुटता व उत्साह की सराहना करते हूये इस राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर कार्य करने वाली महिला समन्वय के प्रति आशिर्वचन व्यक्त की विशिष्ट अतिथि मे रत्ना ओस्तवाल ,कंचन चौबे ,कमलिनी गुप्ता समाज सेवी




**राष्ट्र प्रथम की भावना हम सभी के मन में जागृत होनी चाहिए : रश्मि द्विवेदी**

पुलिस अधिकारी हेमा साहू ,पदमश्री तंवर नेहा वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में गायत्री विधापीठ राजनादगांव मे आयोजित मातृ शक्ति चेतना सम्मेलन मे बहनो ने विविध कार्यक्रम मे उत्साह से भाग लिया सांस्कृतिक व भजन की सुन्दर प्रस्तुति से सभा गुंजायमान हो गया। कांकेतरा की दुर्गा सिन्हा व सात बहनो की टीम इंडियन आइडल की कृति बख्शी आस्था मूक बधिर के बच्चों की टीम गायत्री विधापीठ की छात्राये बजरंगपुर नवांगांव की बालिका छत्तीसगढ़ नृत्य छुईखदान की महिला भजन मंडली सहित अन्य कलाकारों ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रान्त संयोजिका महिला समन्वय रश्मि द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना सभी के मन में जागृत होनी चाहिए, क्योंकि देश सुरक्षित है तो समाज और परिवार भी सुरक्षित रहेगा। यह तभी संभव है जब हम सबल होंगे तथा परस्पर समन्वय के साथ एकजुट होंगे । जिस प्रकार सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे बढ़ रहीं हैं इस कार्य में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए । स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जब पूरा देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है तो राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महिलाओं की सक्रियता, सहभागिता, जागरुकता, सशक्तिकरण, एकजुटता, आपस में समन्वय को ध्यान में रखकर पूरे देश में विभाग स्तर पर महिला सम्मेलन करने की योजना बनी है । सम्मेलन के मुख्य बिंदु भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका, स्थानीय महिला की स्थिति. भारतीय चिंतन में महिलाएँ पर चर्चा हुई।

इस महिला चेतना शिविर में विभाग संयोजिका पूर्णिमा साहू,सह संयोजिका सत्या साहू,जिला संयोजिका, बालोद संगीता देवांगन, पदमिनी साहू,जिला मंत्री स्वेता राजपूत,प्रीति देशमुख, शहर संयोजिका बालोद भारती बांडे, शहर संयोजिका गुरुर पूनम साहू,खोमेश्वरी राणा,रामेशरी साहू,सोना साहू सहित सैंकड़ो की संख्या में महिला सदस्य शामिल रही।

# बेमेतरा-नवागढ़ पुलिस की कार्रवाई

**बेमेतरा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)।3 सितंबर को प्रार्थी सोमनाथ राजपूत उम्र 47 साल साकिन गोढीकला थाना नवागढ जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29.08.2023 के रात्रि 10.00 बजे खाना खाकर घर में सो गया था ट्रैक्टर घर के सामने बाड़ी में रखा हुआ था. दिनांक 30.08.2023 के सुबह सोकर उठा तो देखा उक्त ट्रैक्टर का पलाउ (नास) के भाग कीमती करीबन 7,000/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिसका पता तलाश करते रहा परन्तु नही मिला करीबन 01 माह पूर्व में अपने खेत के फसल में पानी सिचाई करने के लिए अपने मोनो ब्लाक पानी सिचाई करने की मशीन को जोगी डबरी के पार में रखा था, दिनांक 02.09.2023 के सुबह जोगी डबरी में जाकर अपने मोनो ब्लाक मशीन को देखा था, जो शाम में पुन जोगी डबरी अपने मोनो ब्लाक मशीन को देखने गया तो मेरा उक्त मोनो ब्लाक मशीन कीमती करीबन 8,000/- रूपये कुल जुमला 15,000/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है जिसका में पता तलाश किया जो गांव के कुछ लोगों के माध्यम से पता चला कि मेरे उक्त चोरी गयी सामान को गांव के वेदप्रकाश राजपूत ऊर्फ भुरू चोरी किया है कि रिपोर्ट पर थाना नवागढ में अपराध सदर धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।



**चोरी गए ट्रैक्टर पलाउ नास का भाग एवं एक नग मोनो ब्लाक पानी सिंचाई करने का मशीन सहित आरोपी गिरफ्तार**

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने विवेचना में लगाया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी वेदप्रकाश राजपूत ऊर्फ भुरू को हिरासत में लेकर उक्त चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गयी सामान ट्रैक्टर पलाउ नास के भाग का तीन नग लोहे का टुकड़ा वजनी करीबन 45 किलो ग्राम, एक नग मोनो ब्लाक पानी सिचाई करने का मशीन एवं घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का पेचिस, एक नग लोहे का पाना, एक नग लोहे का आरी ब्लेड को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी वेदप्रकाश राजपूत ऊर्फ भुरू पिता ईश्वर राजपूत उम्र 24 साल साकिन गोढ़ीकला थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा को आज दिनांक 04.09.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि तुलाराम देशमुख, आरक्षक अमित यादव, राहुल दुबे, संतोष साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मंत्री प्रतिनिधि कांग्रेस को चुनाव में जीत दिलाने कुसुम टोला में किया जनसंपर्क

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया के प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी ब्लॉक डौंडी के ग्राम कुसुमटोला में गत रात्रि जनसंपर्क किया।पीयूष सोनी ने समस्त ग्राम वासियों के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ सभी को एकजूटता के साथ में मिलकर कार्य करने के लिए अपील कियासाथ ही उन्होने ग्रामिणों को संबोधित करते हुए कहा की भूपेश शासन में किसान श्रमिक युवाओं महिलाओं सहित सभी वर्ग के लिए आर्थिक योजनाओं संचालित कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने सार्थक भूमिका



**50 ग्रामीण कांग्रेस सदस्यता ग्रहण किया, कांग्रेस पक्ष में एकजूटता से कार्य करने की अपील : सोनी**

साथ कार्य कर रही है जिसका फिड बैक भी पुरे प्रदेश में दिख रहा है। इस अवसर पर लगभग 50 ग्रामीणों ने कांग्रेस परिवार की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमेश कोर्राम,, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, ग्राम के पूर्व सरपंच निर्मला चुरेंद्र, भुवन साहू, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में मंत्री प्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओं से अपील किया की सारे मतभेद भूल कर कांग्रेस को फिर से प्रदेश की सत्ता में स्थापित करने के लिए एकजूटता का परिचय दे यह हम सभी की अग्निपरीक्षा का समय है।

# सोसायटी प्रबंधकों व कम्प्यूटर ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी में पारदर्शी में सुधार के लिए बायो मेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली लागू की गयी है। इसी को लेकर आज यहाँ ज़िला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के समिति प्रबंधक व कम्प्यूटर ऑपरेटरों को कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा की मौजूदगी में प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने कहा कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शीता में सुधार के लिए बायोमेट्रिक के ज़रिए की जा रही है। किसानों को धान बेचने में कोई समस्या या परेशानी ना हो आपको भी धान खरीदी बिना दिक्कत के सुचारू रूप से चलती हैं इसलिए यह प्रशिक्षण रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसानों का समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा न हो इसके लिए शासन ने उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नामिनी बनाने की सुविधा प्रदान की गयी है। जिसके आधार पर स्वत: उपस्थित होकर या उनके द्वारा बनाए गए नामिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। श्री एल्मा ने ई- डिस्ट्रिक्ट मेनेजर का परिचय कराते हुए कहा कि आधार/बायोमेट्रिक संबंधी समस्या के लिए आप इनसे संपर्क कर सकते है। इसके साथ ही उन्होंने धान ख़रीदी पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या के लिए डिस्ट्रिक्ट इन्फ़ॉर्मेशन ऑफिसर (डीआईओ) का परिचय कराते हुए तकनीकी समस्या इनसे दूर करने की बात कही।



उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान ख़रीदी या अन्य संबंधी समस्या के लिये अपने क्षेत्र के अधिकारियों से संपर्क कर सकते है या मुझे बता सकते है, समस्या का निराकरण होगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के कारण अधिकांश अधिकारी विधानसभा के कार्यों में ड्यूटी पर होंगे। इस कारण आप पर दायित्व ज्यादा रहेगा। इसलिए शासन की मंशानुरूप धान खरीदी सुचारू रूप से चले इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी निर्वाचन में मतदान करने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डड़सेना, जिला खाद्य अधिकारी श्री नितिन त्रिवेदी सहित कृषि विस्तार अधिकारी,सोसायटी प्रबंधक कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीदी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक निर्धारित की गई है। इसलिए समय रहते किसान अपना पंजीयन करालें । ग्रामीण विस्तार अधिकारी श्री विनय शर्मा ने पॉवर प्रजेंटेशन के ज़रिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को कृषि विभाग के अंतर्गत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। इस वर्ष भी पूर्व के वर्षों की भांति कृषकों को पृथक से पंजीयन की आवश्यकता नही होगी। इसके अंतर्गत उनका गत वर्ष का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड कर दी जाएगी यदि किसान के पंजीयन में रकबा या अन्य कोई भी संशोधन कराने की स्थिति में उसे ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर, पासबुक की छायाप्रति के साथ संबंधित सहकारी समितियों में जमा कराना आवश्यक होगा। इसके अलावा नवीन पंजीयन कराने वाले किसानों को भी उक्त दस्तावेजों की छायाप्रति सहकारी समितियों में जमा कराना आवश्यक है। इसके पश्चात् दस्तावेजों के जाँच के उपरान्त नवीन किसान पंजीयन की कार्रवाई की जाएगी। गत वर्ष के पंजीकृत किसान यदि अपने पंजीयन में कोई भी संशोधन हेतु 30 सितंबर 2023 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीयन कर सकते है।

## सार-संक्षेप

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विविध कार्यक्रम

**बालोद,** 4 सितंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार को जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय गुण्डरदेही में ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यालय में आने वाले आम लोगों को ईव्हीएम एवं वीवीपैट के प्रयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही अधिकारी.कर्मचारियों को मतदान हेतु अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के चिखलाकसा परियोजना में भी मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने अपने हाथों में रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान मनोज मरकाम तहसीलदार, कोमल ध्रुव जिला खाद्य अधिकारी, तुलसी ठाकुर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी, कुसुम ठाकुर सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 598.2 मिमी औसत वर्षा

**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 04 सितंबर 2023 सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 598.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील साजा में 697.2 मि.मी. तथा न्यूनतम 476.5 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 586.7 मि.मी. वर्षा, नादघाट तहसील में 479.5 मि.मी. वर्षा, भिंभौरी तहसील में 610.3 मि.मी, बेरला तहसील मे 672.5 मि.मी., थानखम्हरिया तहसील में 605 मि.मी. वर्षा एवं देवकर तहसील में 664 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला

**गंडई पंडरिया,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। गंडई नगर के नजदीकी ग्राम संडी में च्पशुधन जागृति अभियानज्ञ के अंतर्गत पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजन किया गया। जहां पर पशुधन का उपचार किया गया। साथ ही आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत संडी में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) और पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के तत्वाधान में कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर किया गया जिसमें ग्राम सहित आस पास के सैकड़ों पशु पालकों ने भाग लिया। जहां पर पशु विशेषज्ञों ने 160 गायों का परीक्षण व उपचार कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। जिनमे से एक का कृत्रिम गर्भाधान भी किया गया।



दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग और पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन से आए प्रोफेसर और अधिकारियों ने पशु पालकों को पशु पालन, चारा और रखरखाव के संबंध में कोई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किए।

ग्राम संडी की माधुरी बाई जंघेल जोकि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित है। उन्होंने अपने अनुभव को साझा किया।उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने एक गाय से अपना सफर शुरू किया था और आज दूध उत्पादन कर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हुई है। उन्होंने बताया कि आज उनके साथ महिलाओं का एक समूह है जिसका नाम मां बम्लेश्वरी दुग्ध उत्पादन समिति है, समिति के माध्यम से बिना किसी सरकारी अनुदान के आने वाले दिनों में आठ लाख रुपए के लागत से साइलेश मेकिंग मशीन खरीदने की बात कही है। यह कार्यक्रम मां बम्लेश्वरी दुग्ध उत्पादन समिति ग्राम संडी और डॉक्टर संदीप इंदुरकर के प्रयासों से सफल हुआ है। कार्यक्रम में प्रोफेसर एमके अवस्थी विभागीय अध्यक्ष गायनेकोलॉजी डिपार्मेंट पशु चिकित्सा महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग, डॉ संजय शाक्या निर्देशक विस्तार शिक्षा दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग छ.ग., राजनांदगांव से डॉ एन के केसरिया, डॉक्टर फनेश्वर साहु, डॉ. सुशांत रामटेके पशुचिकित्सालय खैरागढ़ सहित गाव के सरपंच कैलाश जंघेल, मां बमलेश्वर स्व सहायता समूह की महिलाएं सहिंत बड़ी संख्या में पशु पालक उपस्थित रहे थे।

# समर्थन मूल्य पर धान व मक्का खरीदी हेतु एकीकृत पोर्टल में किया जाएगा किसान पंजीयन

**बालोद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन का कार्य कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी किए गए एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि खरीफविपणन वर्ष 2022-23 बालोद जिले में 01 लाख 42 हजार 863 किसानों का पंजीयन हुआ था। जिसमें से 25 हजार 832 किसानों का पंजीयन नवीनीकरण सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा चुका है। इसके साथ ही 331 किसानों का नवीन किसान पंजीयन भी किया जा चुका है। जो कि राज्य में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार गतवर्ष के पंजीकृत किसानों का खरीफवर्ष 2023-24 में कैरीफॉरवर्ड किया जाना है। इस कार्य हेतु पंजीकृत किसानों को अपना एक नामिनी का नाम आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी के साथ संबंधित समिति में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके पश्चात् ही गतवर्ष के पंजीयन को कैरीफॉरवर्ड किया जा सकता है।

**अब तक 25 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन नवीनीकरण किया गया**

श्री ठाकुर ने कहा कि यदि कोई किसान खरीफ वर्ष 2023-24 हेतु गतवर्ष के पंजीयन में रकबा संबंधी कोई भी संशोधन कराना चाहते हैं। ऐसे कृषकों को समिति के पास उपलब्ध आवेदन में भरकर आवश्यक दस्तावेज यथा ऋण पुस्तिका की छायाप्रति बी.1 बैंक खाता एवं आधार कार्ड की छायाप्रति साथ समिति में अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा गया है। निर्धारित तिथि 30 सितम्बर के पश्चात गतवर्ष के किसान पंजीयन में कोई भी संशोधन हेतु आवेदन नहीं लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2023-24 में किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। जिले के कृषकों से वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु नवीन पंजीयन गत वर्ष में पंजीयन का संशोधन एवं नामिनी बनाये जाने हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जानकारी भरकर जल्द से जल्द संबंधित समिति में जमा करने को कहा गया है। जिससे आगामी खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से की जा सके।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ...

गया है। दोनो पक्षों को अपने-अपने दस्तावेज टाईप कराकर आयोग रायपुर में उपस्थिति होने का निर्देश दिया गया। सुनवाई में कुल 17 नस्तीबद्ध तथा 10 प्रकरण रायपुर स्थानांतरित किया गया।

### भाजपा सरकार ही ...

प्रदेश सरकार पर युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने व नौकरी देने के नाम पर दिग्भ्रमित करने, केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के कल्याण के लिये बनाई गई योजनाओं को इन वर्गो तक न पहुंचाने, इन वर्गो को योजनाओं के लाभ से वंचित रखने सहित अनेक आरोप लगायें। इसी तरह उन्होंने प्रदेश सरकार पर शराबबंदी का वादा करने के बावजूद प्रदेश में शराब की गंगा बहा देने का आरोप लगाया। श्री पाण्डेय ने प्रेस के माध्यम से आम लोगों से कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर ही भ्रष्टाचार परिवारवाद इत्यादि कुशासन से मुक्ति मिलेगी।

### मोबाईल पर जुआ खिलाने का ...

सट्टा करने का विवरण मिला। उसके पास से 1 हजार रूपये नकद सट्टा पट्टी पर्ची, डाट पेन व मोबाईल जब्त किया गया। जब्ती कार्रवाई के साथ उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अधिवक्ता हितेन्द्र की संदिग्ध मौत ...

दण्डाधिकारी ;छावनी दुर्ग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। घटना के संबंध में जानकारी रखने वाले व्यक्ति स्वत: अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अनुविभागीय दण्डाधिकारी ;छावनी दुर्ग के न्यायालय में 15 सितंबर तक उपस्थित होकर अपना मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नेवईवासियों ने टाउनशिप का कचरा ...

वार्ड 38 मीलपारा महावीर कॉलोनी वासियों ने नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि नाली निर्माण किए जाने वाले स्थान पर भू.स्वामी द्वारा अतिक्रमण कर बाउंड्री वाल का निर्माण कर लिया गया है। नाली का निर्माण नही हो पाने के कारण कॉलोनीवासियों को पानी निकासी की समस्या आ रही है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

दुर्ग वार्डवासियों ने स्थायी विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग की। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 57 उरला नहर नाली रोड मुर्रा भट्ठा में विद्युत पोल नहीं होने के कारण दूर पोल से अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेकर विद्युत सुविधा प्राप्त की जा रही है। साथ ही रोड में स्ट्रीट लाईट नही होने कारण रात्रि में अंधेरा छाया रहता है, जिसके कारण लोगों को सर्प व जहरीले जीव जंतु का डर बना रहता है। वार्डवासियों को अस्थायी विद्युत कनेक्शन प्राप्त होने की वजह से मुख्यमंत्री की हाफबिजली बिल योजना का लाभ नही मिल पा रहा है।

इसी प्रकार ग्राम डिड़ाभांठा ;रानीतराई के किसानों ने चेक डैम निर्माण, पानी निकासी हेतु नाली निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की प्रथम एवं द्वितीय किस्त दिलाने, शिक्षा सहायक उपकरण, चिटफंड कंपनी से रकम दिलाने, अवैध निर्माण तोड़ने इत्यादि से संबंधित आज जनदर्शन में 110 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण आवश्यक पहल करने को कहा।

### जिले में अब तक ...

और तहसील अहिवारा में 739.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 4 सितंबर को तहसील दुर्ग में 33.0 मिमी, तहसील धमधा में 25.2 मिमी, तहसील पाटन में 21.3 मिमी, तहसील बोरी में 20.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 45.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 25.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### जन्माष्टमी पूर्व शोभायात्रा में ...

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक,जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव, भाजपा नेता डॉ. शरदचंद्र अग्रवाल, चतुर्भुज राठी, जितेंद्र यादव, नितेश साहू, डा.मानसी गुलाटी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### निगम ने 216 आवारा पशुओं को ...

आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि रात में घुमंतु जानवरों के सड़क पर झुंड बनाकर बैठने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए सार्वजनिक स्थलों, चौक चौराहों, गलियों, सड़कों में जहां कही भी आवारा पशु झुंड में या अकेले नजर आयें उन्हें पकड़कर गौठानों में भेजने के निर्देश दिये गये है। इन पशुओं के मालिकों से जुर्माना वसूलने के भी निर्देश दिये गये है। उन्होंने पशु मालिकों से भी पशुओं को खुला न छोड़ने का आग्रह किया है।

### शैलेन्द्र एक महान जनवादी...

व्यंग्यकार विनोद साव ने मुख्य अतिथि के रूप में गीतकार शैलेन्द्र पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि गीतकार शैलेन्द्र एक महान जनवादी कवि और लेखक के रूप में उभरे थे जिन्होंने अपने भोगे हुए जीवन यथार्थ को बड़ी बेबाकी से अपनी रचनाओं में लिखा और लोगों को सोचने के लिये विवश किया।

शायर मुमताज ने सवाल उठाते हुए कहा कि गीतकार शैलेन्द्र ने आठ सौ से ज्यादा कालजयी गीतों को लिखा लेकिन उनको राष्ट्रीय स्तर का उचित सम्मान क्यों नहीं मिला ?

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार नासीर अहमद सिकंदर ने कहा कि गीतकार शैलेन्द्र की रचनाओं में व्यापक रूप से दलित चेतना का उभार स्पष्ट रूप से नजर आता है ।

कार्यक्रम की शुरूआत कहानीकार डॉ. परदेशी राम वर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं श्रोताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में बहुजन साहित्य पर निरंतर कलम चलाकर समाज को जागृत करने वाले दो साहित्यकार के.एल.अहिरवाल और व्ही.पी.बौद्ध का शाल और पुष्पमाल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बिलासपुर से आए साहित्यकार हरीश पंडाल, डी.पी.डहरे, दुर्गा प्रसाद मेरसा का भी पुष्प गुच्छ भेंट करके सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन जनवादी लेखक संघ के सचिव लक्ष्मी नारायण कुंभकार ने किया तथा दूसरे सांगीतिक सत्र का संचालन जनवादी लेखक संघ दुर्ग के अध्यक्ष राकेश बंबार्डे ने किया।

महामाया बुद्ध विहार कल्याण समिति कर्मचारी नगर दुर्ग के अध्यक्ष संदीप पाटिल ने अतिथियों एवं श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

### जश्ने बद्र में शहर के ...

शायरों ने लगभग 5 घंटों तक अपनी गीत गजलों, नज्मों से महफिल में रौनक बनायें रखी। आलोक नारंग ने बद्र साहब की जीवनी पर आलेख पढ़ा। धन्यवाद ज्ञापन बद्र साहब की बड़ी पुत्री नसरीन बानो ने किया।

# राधाकृष्ण मंदिर महेश कालोनी में रामायण पाठ की गूंज



**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए प्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में नवधा पारायण रामायण पाठ करने भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। यहां बनाए गए भव्य पंडाल में बैठकर सैकड़ों भक्त एक साथ भगवान श्रीराम की लीलाओं का गुणगान कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विष्णु महायज्ञ में लोक कल्याण के लिए मंत्रोच्चार के साथ यजमान आहुतियां समर्पित कर रहे हैं। आयोजन के चौथे दिन आज सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से रामायण पाठ किया। जोधपुर के पं.गोपाल आसोपा और पं.सुशील आसोपा श्रद्धालुओं को नवधा रामायण का सामूहिक पाठ करवाया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति पर भक्त भावविभोर होकर झूमते रहे। दोपहर 3 बजे से शुरू हुआ रामायण पाठ रात करीब 8 बजे तक चलता रहा। आखिर में रामायण जी की आरती की गई। रामायण पाठ रोजाना दोपहर 2.30 बजे से 6.30 बजे तक जारी है। विष्णु महायज्ञ आचार्य पं. पवन द्विवेदी के सानिध्य में हो रहा है।

# जिले में जारी है पोट्ठ लईका अभियान

## चिह्नांकित केन्द्रों में शिशुवती माताओं एवं सभी बच्चों के पालकों को पोषण एवं स्वच्छता संबंधी दी जा रही परामर्श

**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जटिल चुनौतियों को हल करने के क्षेत्र में सरलता अक्सर सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभरती है। जब कुपोषण को संबोधित करने की बात आती है, तो पोषण परामर्श का सीधा दृष्टिकोण, मेहनती प्रगति निगरानी से पूरित, एक गेम-चेंजिंग रणनीति साबित हुई है। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले का अनुभव इस प्रभावशाली हस्तक्षेप का एक आकर्षक उदाहरण है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री की व्यापक पोषण योजना (पोषण) अभियान के तहत स्कूलों में मध्याह्न भोजन, मासिक राशन वितरण और आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन जैसी पहल की गई हैं। हालाँकि, इन उपायों के बावजूद, पोषण सुरक्षा की चुनौती बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण उचित खान-पान और भोजन प्रथाओं के बारे में जागरूकता की कमी, लगातार भोजन संबंधी मिथक और



अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत है। पोषण परामर्श इन जटिल मुद्दों का एक आशाजनक समाधान बनकर उभरा है।

इसी क्रम में बेमेतरा तहसील के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोट्ठ लइका अभियान चलाया जा रहा है। जहां बेमेतरा एवं खण्डसरा परियोजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 39 गांवों में पोट्ठ लइका अभियान की शुरुआत नवंबर 2022 से की गई है। बेमेतरा तहसील के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में पोट्ठ लइका अभियान चलाया जा रहा है। जहां बेमेतरा एवं खण्डसरा परियोजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बीस सेक्टरो में पोट्ठ लइका अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अक्टूबर 2021 से गंभीर कुपोषित बच्चों को गर्म खिचड़ी एवं सप्ताह में तीन दिवस अण्डा, केला एवं सप्ताह में तीन दिवस चना व गुड़ दिया जा रहा है। बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह ने बताया कि बताया की पोट्ठ लईका अभियान के तहत प्रारंभ माह दिसंम्बर 2022 से अब तक खण्डसरा एवं बेमेतरा परियोजना अंर्तगत 1114 लक्षित मध्यम, लक्षित गंभीर एवं मध्यम व गंभीर कुपोषित बच्चो मे से 599 बच्चे कुपोषण से मुक्त होकर सामान्य ग्रेड मे आ गये है। इस प्रकार प्रतिशत में देख जाये तो 53.77 प्रतिशत बच्चे सामान्य श्रेणी मे आ गये हैं । प्रत्येक शुक्रवार को चिह्नांकित केन्द्रों में पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सक्रिय महिला सदस्य, मितानिनों, पंच, सरपंच की सहभागिता से गर्भवती, शिशुवती माताओं एवं सभी बच्चों के पालकों को पोषण एवं स्वच्छता संबंधी परामर्श दिया जाता है। इसमें पृथक से अन्य खाद्य सामग्री न देकर आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध रेडी टू ईट के महत्व को बताया जाता है। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ की सहयोग से प्रारंभ इस अभियान के परिणाम भी आ रहे है।

# कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षणकर्ताओं को दिलायी मतदान की शपथ



**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने आज यहाँ ज़िला पंचायत के सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बायो मेट्रिक प्रशिक्षण में उपस्थित कृषि,खाद्य अधिकारियों, जिले के सोसायटी प्रबंधक व कम्प्यूटर ऑपरेटरों को सभी निर्वाचनों में मतदान करने की शपथ दिलायी।

विधान सभा आम निर्वाचन 2023 हेतु अंतिम मतदाता सूची तैयार की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का विशेष अभियान चल रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 11 सितंबर 2023 है। ज़िले के सभी मतदान केंद्रों पर पूर्व की भांति 2 सितंबर 2023 (शनिवार) एवं 3 सितंबर (रविवार) 2023 को विशेष शिविर आयोजित किए गए थे। जिसमें आम नागरिक अपने मतदाता सूची में नाम जुड़वाकर आगामी निर्वाचन में मतदान कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री एल्मा बताया कि ऐसे सभी युवा जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरे हो रहे, तो वह युवा मतदाता बनने हेतु, जिस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी है वहा के बी.एल.ओ. से संपर्क कर फॉर्म 6 प्राप्त कर सकते है। मतदाता बनने के लिए जन्म तिथि प्रमाणित करने वाला कोई प्रमाण पत्र के साथ एड्रेस प्रूफ का दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। फार्म 6 जमा कर मतदाता बन सकते है। इसी प्रकार मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिए फार्म 7 भरा जा सकता है, यदि मतदाता सूची में नाम पता ठीक करवाना है तो इसके लिए फार्म 8 भरना होगा।

# कार्यकर्ता पार्टी लाइन का पालन करें विधायक गुरुदयाल बंजारे ने कहा



**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कार्यकर्ता पार्टी गाइड लाइन का पालन करे, नवागढ़ विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, समर्थक एवम शुभ चिंतकों से निवेदन है की कांग्रेस पार्टी के गाइड लाइन का पालन करे, पार्टी जो निर्णय लेगी सभी को स्वीकार करना है, अति उत्साह में या भावना में आकर ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी को पीड़ा हो, हम आप सभी को मिलकर 56 महीने में माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा किसान जवान एवम क्षेत्र के हित के लिए किए कार्य को जन जन तक पहुंचाना है, नवागढ़ विधानसभा में विकास के कार्य प्राथमिकता में हुए है , आगे अनवरत जारी रहेगा मुझे आप सबने जो जिम्मेदारी दीउसका निर्वहन करते आ रहा हूं, वर्तमान में अवसरवादी लोग तरह तरह की अफवाह फैलाकर लोगो को भ्रमित करने का असफल प्रयास कर है ऐसे लोगो से सावधान रहना होगा, कांग्रेस पार्टी के सिपाही कभी विचलित नहीं होते, कार्यकर्ता उत्साह बरकार रखे शीघ्र ही आप के साथ जनता के अदालत में जाएंगे ।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ, 1810 खिलाड़ी प्रतियोगिता में हुए शामिल

■ खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन

**बालोद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बालोद के स्वण् सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने प्रतिभागियों एवं निर्णायक को शपथ दिलाकर तथा प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा कर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जनपद पंचायत सदस्य शारदा सिन्हा, गिरधर सिन्हा, राकेश उइके सहित जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् रेणुका श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी के अलावा अधिकारी.कर्मचारियों तथा बड़ी



संख्या में प्रतिभागी खिलाड़ी एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 04 एवं 05 सितंबर को आयोजित इस जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में जिले के सभी विकासखण्डों से कुल 1,810 प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल हुए हैं। जिला स्तरीय आयोजन के पहले दिन प्रतिभागी खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार के नेक नियत एवं छत्तीसगढ़िया सोच के फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से राज्य में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, रीति.रिवाज, खान.पान, बोली.भाषा के साथ.साथ छत्तीसगढ़िया खेल को भी संरक्षण एवं संवर्धन करने के अलावा इसे देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में समाज के प्रत्येक आयु वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 16 प्रकार के खेलों को शामिल किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि बालोद जिले के प्रतिभागी पिछले वर्ष की भाँति अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में शामिल होने तथा अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् रेणुका श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागी खिलाड़ियों तथा अधिकारी.कर्मचारियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में मशाल प्रज्ज्वलित कर खिलाड़ियो के द्वारा क्रमशः मशाल लेकर मैदान का भ्रमण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने उद्घाटन मैच के दौरान पिट्ठूल खेल में सहभागिता निभाई। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के अंतर्गत 100 मीटर दौड़, गेड़ी दौड़, लंगड़ी दौड़, लंबी कूद, खो.खो, कबड्डी, संखली, गिल्ली डंडा, फुगड़ी, बिल्लस, रस्सा.कस्सी, भौंरा, बांटी, कुश्ती एवं रस्सी कूद आदि प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हो रहे है।

# कोलिहामार स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों से लिया आशीर्वाद



**गुरुर,** 4 सितम्बर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल कोलिहामार एवं सीबीएससी अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोलिहामार मैं सभी स्कूल के बच्चों ने मिलकर मनाया शिक्षक दिवस बच्चों ने शिक्षकों का तिलक कर श्रीफल देकर आशीर्वाद लिए।

बच्चों ने शिक्षकों के लिए स्वागत गीत पर नित्य किया बच्चों ने गीत गई कविताएं बोली बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ बच्चों ने शिक्षक दिवस मनाया ,शिक्षकों के सम्मान में ग्राम कोलिहामार सरपंच लेखक चतुर्वेदी एवं पूर्व सरपंच धनराज पटेल ने पेन डायरी और श्रीफल देकर शिक्षकों को सम्मान किये और कहा कि गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु, महेश है आज हम जो कुछ भी है हमारे गुरु जन के बताए हुए शिक्षा की वजह से है, शिक्षक का हमारे जीवन में बहुत बड़ी भूमिका होती है जन्म लेने के बाद पहली गुरु हमारी मां होती है उसके बाद जिंदगी जीने के लिए हमारे शिक्षक ही हमें शिक्षा देते हैं आप सभी गुरु जनों को मेरा प्रणाम।

मिडिल स्कूल प्रधान पाठक जे. आर.साहू, रोमन लाल साहू, टी. आर. साहू, बंजारे मैडम,सुषमा देवांगन , यशोलता मैडम , डिनेश्वरी साहू,प्रधान पाठक प्राइमरी खिलेश्वरी साहू ,पुष्पा मैडम ,दीपक साहू सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# महल से हल टकराएगा सामंतवाद का होगा अंत: नवाज खान

**खैरागढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव जिले के ग्राम ठेकवा में 8 सितंबर शुकवार को भरोसे का सम्मलेन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में एआईसीसी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी सलैजा कुमारी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य मंत्री गण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। किसानों की सुविधा के लिए आने जाने के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने खैरागढ़ शहर मे प्रेस वार्ता कर कहा कि खैरागढ़ विधानसभा मे सामंतवाद का अंत होना लगभग तय है। उन्होंने ये भी कहा कि खैरागढ़ विधानसभा किसानो का गढ़ है। इस बार चुनाव में महल से हल टकराएगा खैरागढ़ विधानसभा के चुनाव में बेटा या बेटी चुनाव में जीत कर आयेगे

खैरागढ़ विधानसभा की जनता सिखाएगी सबक

नवाज खान ने कहा कि 15 साल तक भाजपा ने केवल अपने लोंगो का पेट भरा है। 21 सौ रूपये धान का समर्थन मूल्य, धान का बोनस तक नहीं दिया है। खैरागढ़ शहर मे विक्रांत सिंह के भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। फतेह मैदान में 40 लाख का घास का अता पता नही है। अधिकारियो का ट्रांसफर इधर



से उधर करते रहे। खैरागढ़ शहर में नवाज इस बार भी बरसना नहीं छोड़े उन्होंने कहा कि विक्रांत को समय से पहले विधानसभा का टिकट मिला है। वो जल्दी थक जायेंगे यह भी कहा कि विक्रांत सिंह जनता के सामने झुकना सिख ले। केंद्र सरकार प्रदेश में नए सहकारी केंद्रीय बैंक नही खोलने दे रही है। जालबांधा में सहकारी बैंक की घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी। जिसका जिसका पूरा दस्तावेज आरबीआई को भेज दिया गया है। केंद्र की मोदी सरकार बैंक के ऊपर दबाव बना रही है। जिसके कारण किसानों को लेनदेन में परेशानी हो रही है। दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों के हित में समितियों के पुनरुत्थान के लिए करोड़ों खर्च कर रही है। खैरागढ़ विधानसभा में इस बार महल से हल टकराएगा।

# अमलीडीह आंगनबाड़ी केन्द्र में मनाया गया वजन त्योहार



**खैरागढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन के आदेशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार मनाया जा रहा है।नगर के अमलीडीह वार्ड क्रमांक 15 में भी आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन त्योहार/पर्व मनाया गया बच्चों का वजन लंबाई मापा गया इस अवसर पर वार्ड के कांग्रेस पार्षद शत्रुहन घृतलहरे ने बच्चो को पोषण आहार प्रदान किया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चो सहित अभिभावक बड़ी संख्या मौजूद रहे।

# विधायक निषाद ने शहीद दिवस पर कारगिल के अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद को दी श्रध्दांजलि



**गुण्डरदेही,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कारगिल युद्ध के अमर शहीद जवान दुर्वासा लाल निषाद के गृह ग्राम देवरी (ख) में सोमवार को शहीद दिवस मनाया गया सोमवार यानि आज ही के दिन 1998 में कारगिल में देश की रक्षा करते हुए दुर्वासा वीरगति को प्राप्त हुए थे कार्यक्रम में संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल होकर शहीद दुर्वासा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी शहीद दुर्वासा निषाद के माता श्रीमती बोधनी बाई निषाद और पिता मुन्नी लाल निषाद का सम्मान किया श्री निषाद ने कहा कि दुर्वासा निषाद पर पूरे देश को नाज है कम उम्र में ही देश की सेवा करने और इस मिट्टी पर मर मिटने का सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है कार्यक्रम के दौरान विधायक निषाद ने शहीद मंच टीन शेड निर्माण और गांव में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन किया इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा एनके राठी जनपद सदस्य पायल शर्मा पवन कुमार निषाद अनिल देशमुख हरप्रीत सिंह राजेंद्र निषाद डॉक्टर घनश्याम निषाद खिलेंद्र साहू सरपंच आशु बाई गायकवाड़ व ग्रामीण उपस्थित थे।

# तीजा-पोरा तिहार हमारी छत्तीसगढ़ संस्कृति की धरोहर: छाबड़ा

**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेरला में आयोजित तीजाङ्कपोरा तिहार एवं मातृशक्ति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए। सर्वप्रथम भगवान शिव शंकर की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है,तीजा पोरा तिहार हमारी छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार में से एक है,राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने तीजा त्यौहारों जैसे-तीजा, हरेली, कर्मा जयंती में शासकीय अवकाश घोषित कर लोगों को बड़ी सौगात दी है,इससे कामकाजी महिलाएं भी तीजा जैसे तीजा-त्यौहार में अपने मायके में रहकर मना रही हैं,आज के वर्तमान परिवेश में जगह-जगह तीजाङ्कपोरा मिलन के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं यह देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है कि हम अपनी गौरवशाली परंपरा और संस्कृति से आज भी जुड़े हुए हैं और उसे आगे बढ़ा रहे है,छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है, जिसके परिणाम स्वरूप हमारी माताएं-बहनें और बेटियां आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं और सभी क्षेत्रों में पुरूषों से कन्धे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं,प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में अनेक प्रयास कर रही है,इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों, शिल्पकारों, बुनकरों, दस्तकरों, कुम्भकरों और अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ही छत्त के नीचे विक्रय करने के लिए सकारात्मक पहल की है, सी-मार्ट के माध्यम से गौठानों में कार्यरत महिला-स्वसहायता समूह द्वारा तैयार विभिन्न तरह के उत्पाद समेत गांवों में बनने वाले अनेक तरह के उत्पादों को एक छत के नीचे बिक्री कर रहे है, सी-मार्ट महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के लिए आत्मनिर्भर बनने की राह में मील का पत्थर साबित हो रहा है,छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना के तहत् निर्मित गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है,गांवों के मवेशियों के डे-केयर सेंटर के रूप में गांव-गांव में बनाए गए गौठनों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों का संचालन कर गौठान को ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है,,ग्रामीणों को उनके गांव में ही आजीविका के साधनों से जोड़कर उन्हें रोजगार और आय का जरिया उपलब्ध कराना रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने का उद्देश्य है,छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में स्थापित गौठान और गोधन न्याय योजना ने गांवों में स्वावलंबन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। गौठान और गोधन की सफलता ने देश के सभी राज्यों का ध्यान



छत्तीसगढ़ की ओर खींचा है,गोठानों में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत खरीदे जा रहे गोबर से कम्पोस्ट खाद बनाने के साथ ही अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और व्यवसाय को गति देने के लिए अब गोठानों में कृषि और लघु वनोपज के प्रसंस्करण की इकाईयां भी तेजी से स्थापित की जा रही हैं,बहुआयामी महत्वाकाक्षी योजना नरवा,गरवा,घुरवा,बाड़ी के, अंर्तगत गोधन न्याय योजना से जिले के गौपालको किसानों और ग्रामीणों के लिये सार्थक हो रही है,योजना का लाभ उठाकर किसान गौठानो में गोबर विक्रय कर रहे है साथ ही गुणवत्ता युक्त वर्मी कम्पोस्त खाद अपने खेतों में डालकर खेतो की उर्वकता शक्ति भी बढ़ाने की ओर अग्रसर है इस योजना से ग्रामीणों में काफी उत्साह है,बारी के माध्यम से साग सब्जी के उत्पादन के साथ ही स्वसहायता समूहों की महिलाओं आजीविका सवर्धन विविध गतिविधियां करते हुए वर्मी कम्पोस्ट खाद एव गोबर के लकड़ा व दिये तैयार करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे है,मुखूयमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिये स्पेशल क्लीनिक दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से सीधा लाभ हमारे दाई- दिदी बहनों को मिल रहा है,इस स्पेशल महिला मेडिकल मोबाईल क्लीनिक देश मे अपनी तरह की पहली अनूठी क्लीनिक है,इस क्लीनिक की गाड़ियों में केवल महिला मरीजो को हो निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रहा है,,दाई-दीदी क्लीनिक गाड़ियों में केवल महिला स्टॉप तथा महिला डॉक्टर महिला लैब टेक्नीशियन एव महिला एएनएम ही कार्यरत है,इस क्लीनिक के शुरू होने से महिला श्रमिको एव स्लम क्षेत्रो में निवासरत महिलाओं एव बच्चियों को अपने घर के निकट ही महिला डॉक्टरों के माध्यम से इलाज की सुविधा मिल रहि है,राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में जनसरोकार के सभी आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं,आम लोगों पर केन्द्रित शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है,गांव और शहरों में लोगों की सुविधा के लिए सभी जरूरी विकास कार्य किए जा रहे हैं राज्य सरकार पुरखो के बताए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजोने का काम कर रही हैं,प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल जी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्राचीन परंपरा को नरवा, गरवा, घुरवा और बड़ी जैसे महत्त्वपूर्ण योजना के ज़रिए सहेजा जा रहा है, इस अवसर पर अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, टी आर जनार्दन जिला उपाध्यक्ष,विजय पारख जिला उपाध्यक्ष,रामेस्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,कविता साहू अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला,रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,सविता हिरवानी,नेहा सुराना,प्रवीण शर्मा,राजेश दुबे,संदीप राजपुत, रवि परगनिया अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस, सूर्यप्रकाश शर्मा, तुम्मन साहू, ऋषि साहू,ललित विश्वकर्मा, मनोज शर्मा,मौजीराम साहू,ओनि महिलांग, रश्मि मिश्रा,रीना बघेल, ममता वर्मा,चितरेखा साहू, जनता साहू,जया साहू,रानी से,रीना साहू,अंबालिका साहू,सत्यभामा परगनिया, दुलारी वर्मा, रीता पाण्डे, सलमा बेगम,सुनील जैन,राजेश चंदेल, विवेक राजपुत, कमल साहू,जीवन साहू,सहदेव साहू, दिलहरण साहू,राजा साहू, आराधना पाण्डे, पी आर सिन्हा,मोहन हिरवानी, मिथलेश वर्मा,मोहित साहू, भगवत दास,रूपेंद्र पाटील,राजू साहू,रामसिंग वर्मा, हरसेवक सिन्हा, खिवराज धीवर, मन्नू निशाद,कुशाल नायक, रामखिलाव परगनिया, भागवत दास, ममता साहू, लोकनाथ यादव, प्रमोद गौसेवक, ओमप्रकाश साहू, चिंता कोशले,बीरेंद्र बरछीया, भारत तिवारी,चेतन बंजारे,अजय सेन, विक्की मिश्रा,शुभम् वर्मा,अर्पित परगनिया,मोनल सिन्हा, ऋतिक तिवारी, प्रतिक दुबे,राकेश सोनी, विक्की द्विवेदी, जितेन्द्र जोशी, राजकुमार सेन, गुड्डु सेन,गोविंदा राजपूत,मनीष साहू, उमाकांत परगनिया, उमाशंकर पाटिल, परिक्षित पटेल सहीत बडी संख्या पदाधिकारीगण सदस्यगण,महिला बहने रही उपस्थित ।

उल्टा पुल्टा

**पति-** तेरे पिता की जले पर नमक छिड़कने की आदत नहीं गई।

**पत्नी-** क्यों क्या हुआ?

**पति-** आज फिर से पूछ रहा था कि मेरी बेटी से शादी करके तुम खुश तो हो न?

संपादकीय

## बच्चों पर दबाव डालना उचित नहीं

बदली हुई परिस्थितियों में अपने निर्णय खुद ही लेने का यह दौर है। कम उम्र के बच्चे भी आज अपने आप को अधिक स्वतंत्र बना चुके हैं। वे अध्ययन के तरीके, विषय, संस्थान आदि का चुनाव अपनी मर्जी के अनुसार करते हैं। स्कूल व कॉलेज के बच्चे भी माता-पिता के नहीं, बल्कि अपने निर्णयों के अनुसार चलते हैं। पुरानी पीढ़ी के साथ उनके लिये संतुलन बनाना कठिन होता है इसलिये नयी व पुरानी पीढ़ियों के बीच टकराव होते हैं। अपनी बात मनवाने के लिये वे किसी भी हद तक जा सकते हैं- सम्बन्ध तोड़ने से लेकर घर छोड़ने तक या आत्महत्या भी।

बिलासपुर के साइंस कॉलेज का एमएससी का छात्र धनेश्वर जायसवाल अपने छोटे भाई प्रदीप के साथ बिलासपुर के राजीव विहार कालोनी में रहता था। प्रदीप बीएससी कर रहा था। पिता बाहर हैं। गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह जब उसका दरवाजा नहीं खुला तो छोटे भाई ने खिड़की से देखने पर पाया कि धनेश्वर ने फांसी लगा ली है। अपने सुसाइड नोट में धनेश्वर ने कहा है कि उससे अब एमएससी की पढ़ाई नहीं होती और वह पढ़ते हुए थक गया है। अपने इस कदम के लिये उसने मां-पिता से माफी भी मांगी। इसी प्रकार पिछले महीने ही जशपुरनगर के तपकरा के एक 14 वर्षीय छात्र मनजीत राणा ने इसलिये फांसी लगा ली क्योंकि उसे विज्ञान विषय समझ में नहीं आता था। इसके कारण वह स्कूल भी नहीं जाता था। 18 अगस्त को वह स्कूल नहीं जा रहा था। उसकी मां ने उसे जबरन भेजना चाहा। मनजीत के पिता नहीं हैं। मां ने जब ज्यादा डांट-डपट की तो उसने साफ कह दिया कि अगर उसे विज्ञान पढ़ना पड़ेगा तो वह मर जायेगा। नाराज़ होकर मनजीत अपने कमरे में चला गया। दोपहर के बाद भी वह बाहर नहीं निकला तो उसकी मां ने पाया कि मनजीत साड़ी का फंदा बनाकर झूल गया है। उसे कुनकुरी के अस्पताल में ले जाया गया पर उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

ये दोनों ही मामले पालकों, अभिभावकों, शिक्षकों समेत सभी के लिये सबक हैं। यह समझ लेना ज़रूरी है कि सारे विषय सभी बच्चों के स्वभाव और रुचि से मेल नहीं खाते। सबकी दिलचस्पी अलग-अलग विषयों में होती है। पाठ्यक्रम में बदलाव करना न तो बच्चे के लिये सम्भव है और न ही शिक्षकों या पालकों के लिये। इसलिये बेहतर है कि बच्चों की रुचि के मुताबिक और उनसे बात करके ही किसी भी विषय और संस्थान का चयन करना चाहिये। अपनी पसंद उन पर थोपना ठीक नहीं है और न ही किसी और तरीके का उन पर दबाव डालना चाहिये। औसत या सामान्य दर्जे की शिक्षा प्राप्त कर भी जीवन में सफलता प्राप्त करना सम्भव है।

# मुख्यमंत्री के आने की खबर से राजिम नवापारा जिले की मांग फिर गर्माया

### 6 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजिम नवापारा जिला की दे सकते हैं सौगात

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के कृषि उपज मंडी प्रांगण पर 6 सितंबर दिन बुधवार को संकल्प शिविर में सम्मिलित होने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आने की जानकारी मिली है इसके लिए विशेष तौर से तैयारी भी की जा रही है। उनके आने की खबर से राजिम नवापारा जिला की ऐतिहासिक मांग गर्माते हुए नजर आ रही है। हर तरफ नए जिले निर्माण की चर्चा चल रही है। राजिम और नवापारा क्षेत्र के करीब 3 लाख जनता की एक ही मांग की धर्म नगरी राजिम जिला बने। बता देना जरूरी है कि नवापारा तहसील मुख्यालय है जो अभनपुर विधानसभा के अंतर्गत आता है। तो राजिम भी तहसील एवं विधानसभा मुख्यालय है। दोनों ही विधानसभा में कांग्रेस के विधायक है। यह दोनों विधायक अजीत जोगी सरकार में प्रदेश के मंत्री रह चुके हैं। विधायक धनेंद्र साहू राजिम नवापारा जिले की मांग को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर चुके हैं। नगर पंचायत राजिम से राजिम को जिला बनाने के लिए सभी वार्ड पार्षद एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा प्रस्ताव पारित कर प्रदेश शासन के पास भेजा जा चुका है।



राजिम के रेस्ट हाउस में सर्वदलीय बैठक भी हो चुके हैं जिसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दल के अलावा सामाजिक संगठन एवं वरिष्ठ नागरिकगण जिले की मांग पर एक राय हुए थे। भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री जब राजिम में आए थे तब क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री से जिला की मांग जोरदार रखी थी। यहां की जनता यह समझ रहे हैं कि मुख्यमंत्री सीधे राजिम नवापारा को जिले का सौगात देगी।

### राजिम जिले की मांग को लेकर क्षेत्र के जनता की भूपेश पर भरोसा कायम

कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है यही बात यहां देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी सन् 2003 में चुनाव से पहले नवापारा राजिम पहुंचे हुए थे। हरिहर शाला मैदान में राजिम नवापारा समेत क्षेत्र के जनता की विशाल भीड़ मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचे हुए थे। इसी बीच पूर्व सांसद एवं संत कवि पवन दीवान तथा उस समय प्रदेश के राज्य मंत्री धनेंद्र साहू के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे इसी दरमियान संत कवि पवन दीवान ने मुख्यमंत्री अजीत जोगी से राजिम को जिला बनाने की घोषणा करने के लिए कहा। इतने पर उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश में नए जिले बनाए जाएंगे उसमें सबसे पहले क्रम पर राजिम नवापारा का नाम रहेगा। तब से लेकर अब तक पूरे 20 साल गुजर गए। इस दौरान चार विधानसभा चुनाव हो गए। अब पांचवीं विधानसभा चुनाव महज 1 महीने की बाद आचार संहिता के साथ घोषणा हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस अंतराल में अभनपुर विधानसभा ने नए राज्य बनते ही जल संसाधन, धार्मिक >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# अज्ञात स्कार्पियो ने बाइक को मारी ठोकर, महिला की मौत, पति गंभीर



**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम लखना में अज्ञात स्कॉर्पियो ने एक बाइक को ठोकर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चालक पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार आज शाम 6.30 बजे के करीब कोलियारी-चंपारण मार्ग पर स्थित ग्राम लखना के कान्हा ब्रिक्स के समीप अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन ने एक बाइक को ठोकर मार दी दुर्घटना में बाइक में सवार सुमेश्वरी तारक 48वर्ष निवासी ग्राम अरंड (राजिम) जिला गरियाबंद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा उसका पति बोधन तारक 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए गोबरा नवापारा पुलिस ने गोबरा नवापारा के शासकीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

बताया जाता है कि दोनों पति-पत्नी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने रिश्तेदार के यहां ग्राम डंगनिया गए थे, जहां से दोनों अपने घर लौट रहे थे, इसी बीच दुर्घटना हो गई।

# गांव की सभी बेटी एक जगह एकत्रित होकर तीजा पर्व मनाना आपसी स्नेह और सौहार्द्र का प्रतीक : रंजना

**धमतरी,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कुछ दिनों बाद बेटियों व बहनों के स्नेह प्यार का तीज पर्व आने वाला है, इस पावन पर्व के पहले ग्राम रुद्री में विभिन्न स्व सहायता समूह एवं ग्राम पंचायत के द्वारा तीज मिलन समारोह एवं उत्कृष्ट विधायक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। ग्राम पंचायत एवं ग्राम वासियों के द्वारा गाजे बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों के द्वारा मातृशक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तीज मिलन पर्व में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें शिव पार्वती भजन, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, पहले आओ पहले पाओ, तीज पर्व का महत्व एवं उद्देश्य पर चर्चा, कहावतें, चुटकुले आदि प्रकार की पारंपरिक खेल आयोजित किया गया। जिसमें रुद्री गांव की बड़ी संख्या में माताएं बहने तीज मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आनंद लिए पारंपरिक खेल में जीतने वाले माता बहनों को विभिन्न प्रकार के ईनाम देकर इस खेल को और रोचक बनाया गया। विधायक रंजना साहू ने अतिथियों उद्बोधन में कहा कि विधायक रंजना साहू ने कहा कि एक बेटी जब घर में पैदा होती है तब माता-पिता के मन में ख्याल आता है की बेटी बड़ी होने पर इसका विवाह करना है, और बेटियों का एक प्रमुख त्यौहार है तीजा का पर्व, तीजा के पर्व पर बड़ी उत्सुकता के साथ बेटियों के मन में तीजा पर्व पर अपने पिता या भाई का इंतजार रहता है, कि कब मुझे तीजा लेने आए और मैं अपनी माईके घर जाऊं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि भगवान शिव की पूजा कर अपने पति के लंबी उम्र के लिए उपवास रहती है, गांव की सभी बेटी एक जगह एकत्रित होकर तीजा का पर्व मनाया जाना आपसी स्नेह और सौहार्द्य का प्रतीक हैं। विधायक ने सभी को तीज पर्व की मंगलमय शुभकामनाएं दिए। रुद्री सरपंच अनीता यादव ने बताया कि तीज मिलन पर्व पहली बार गांव में मनाया जा रहा है, यह पर्व माता बहनों का सबसे प्रमुख त्यौहार है, जिसमें पिता और भाई अपनी बेटी बहनों को घर लेकर आते हैं, मातृशक्ति इस तीज पर्व में अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए उपवास रहती है और भगवान की शिव की आराधना कर भगवान को प्रसन्न करती है। जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू ने कहा कि समस्त मातृशक्तियो को तीज मिलन पर्व की बधाई दिए। विधायक रंजना साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए। कार्यक्रम का संचालन रितिक यादव ने किया जिन्होंने मनसंचालन में सबका मन मोह लिया और सभी ने तालिया की गड़गड़ाहट से उत्साह वर्धन किए। गांव कि सभी स्व सहायता समूह के द्वारा विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक >> शेष पृष्ठ 9 पर >



### मातृशक्ति तीज पर्व में अपने सुहाग की लंबी उम्र के लिए रखती है उपवास : अनीता यादव

# शारिरीक एवं मानसिक विकास के लिए खेल खेलना जरूरी, खेल भावना से ही खेले खेल : चन्द्रदेव राय

**बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का स्थानीय खेल स्टेडियम बलौदाबाजार में आगाज हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चन्द्रदेव राय ने किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, जनपद पंचायत पलारी अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, झुग्गी झोपडी प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष के.के. वर्मा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### तीन दिवसीय जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ आगाज, 17 सौ से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे अपना जौहर

संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने खिलाड़ियों को संबोधित करतें हुए कहा कि खेल के माध्यम से मुख्यमंत्री ने परंपरागत खेलों को पुन: सक्रिय कर खेलों को बढ़ावा दिया है। शारीरिक एवं मानसिक विकास में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। हमारे जिला के खिलाड़ी जिला स्तरीय आयोजन में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम ऊंचा करें। खिलाड़ी हर स्तर पर मेहनत करें, खेल में हार-जीत लगी रहती है, खिलाड़ी हार से नर्वस न हो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किया। नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि आयोजन में 16 खेलों में 6 जनपद पंचायत एवं 7 नगरीय निकायों के खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिसमें लगभग 17 सौ 87 खिलाड़ी विभिन्न वर्गो में जोर अजमाइस करेंगें। आज पहले दिन कबड्डी, रस्साकस्सी, लंगड़ी दौड़, गिल्ली डंडा, 100 मीटर दौड़, गेड़ी दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद का आयोजन होगा। इस मौके पर सहायक नोडल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित विभिन्न पीटीआई, पंचायत विभाग अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# आबकारी अमले ने 2 वाहन 45 लीटर पेड शराब किया जप्त



**धमतरी,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आबकारी अमले द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी नें बताया कि अवैध मदिरा के विरूद्ध कुल 7 प्रकरण कायम किए गए, जिसमें 2 प्रकरण गैर जमानतीय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 45 लीटर पेड मदिरा (250 पाव) और दो दोपहिया वाहन जप्त किया गया। इसी तरह कुरूद के परसट्ठी निवासी मानिकराम साहू से 48 पाव मसाला और 48 पाव प्लेन मदिरा जप्त कर 34 (2), 59(क) के तहत प्रकरण बनाया गया। इसी तरह मगरलोड के भेंडरी निवासी जॉकी देवांगन से मदिरा 72 पाव मसाला जप्त कर प्रकरण 34(2), 59(क), चारभाठा में राजेश महानंद से 30 पाव प्लेन मदिरा जप्त कर प्रकरण 34(2), 59(क), शकुंतला महानंद से मदिरा 20 पाव प्ले जप्त कर प्रकरण 34(1)(क) बनाया गया। नगरी के दिनेश कुमार से 15 पाव प्ले जप्त कर 34(1),(क) और कुरूद के छाती निवासी देवेन्द्र कुमार पटेल से मदिरा 7 पाव >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्कूली छात्राओं ने स्वच्छता पर ली शपथ



**महासमुंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता पखवाड़ा एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में सोमवार को स्वच्छता हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती टामेश्वरी साहू द्वारा समस्त छात्राओं सहित संस्था में उपस्थित कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। अपने आप को, अपने शाला परिसर, अपने गांव, अपने राज्य और अपने देश को स्वच्छ रखने हेतु शपथ लिया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता गण श्रीमती अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण सिन्हा, चित्रासेन साहू, मनहरण लाल भट्ट, सुश्री मनीषा तिर्की, ओमप्रकाश जायसवाल, व्यायाम शिक्षक श्रीमती रेणुका चन्द्राकर, महेन्द्र ध्रुव, भानेन्द्र बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, श्रीमती मनीषा राजपूत, दुलारी, सुरेखा मिश्रा, शालानायक कुमारी खुशी चंद्राकर, उप शालानायक कुमारी इंद्राणी साहू, सचिव दुर्गा साहू, सहसचिव भूमिका पटेल, मुस्कान परवीन, शेया टिकेदार, कंचन, मनीषा साहू, गीतांजलि साहू, कल्याणी, अंजू सहित समस्त पदाधिकारी एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# निजी शिक्षण संस्थाएं नहीं मनाएंगे शिक्षक दिवस

**महासमुंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। आरटीई की राशि नही मिलने से नाराज निजी विद्यालय इस बार 5 सितंबर को शिक्षक दिवस नही मनांएगे। इस दिन स्कूल बंद कर शासन के खिलाफ विरोध जताएंगे। उक्त जानकारी पत्रकारों को देते हुए निजी विद्यालय संघ के जिलाध्यक्ष डा.जी रावटे ने बताया कि छग प्रदेश के निजी विद्यालयों की समस्याओं को लेकर पिछले कई वर्षो से शासन-प्रशासन से बातचीत की जाती रही लेकिन कोई नतीजा नही निकला। अपनी मांगों को लेकर प्रदेश निजी विद्यालय संघ आंदोलन का मार्ग अपनाने बाध्य है। उन्होंने बताया कि 3 सितंबर को प्रदेश के जिला संगठन के पदाधिकारियों की बैठक रायपुर में आहूत की गई जिसमें चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में 5 सितंबर को विद्यालय बंद कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम नही मनाने का निर्णय लिया गया है। जब हम समय पर शिक्षकों को वेतन नही दे पा रहे तो कैसा सम्मान, पिछले कई वर्षो से आरटीई की राशि रोककर रखी गई है और 12 वर्षो से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नही की गई है। जबकि महंगाई कहां से कहां पहुंच गई। जबकि दूसरी ओर आटीई में प्रवेश देने शासन का जबरदस्त दबाव रहता है। जब हमारे स्कूलों का 25 प्रतिशत छात्रों का पैसा मिलेगा नही तो स्कूल कैसे चलेगे। स्कूलों की कमियां बताकर पैसा रोक दिया जाता है। जिसके लिए प्रदेश संगठन ने आंदोलन का रास्ता अपनाकर अपनी पीड़ा प्रदेशवासियों के समक्ष रख रहे है। पूरे प्रदेश में 9 हजार से अधिक स्कूल है जहां 45 हजार से अधिक बच्चे अध्ययन करते है आनलाइन जानकारी के बावजूद अनावश्यक दबाव निजी शिक्षण संस्थाओं पर जानकारी देने के लिए बनाए जाता है जबकि संपूर्ण जानकारी डीईओ के पास पहले से मौजूद रहता है। चर्चा के दौरान जिला महा सचिव सुरेश कुमार राणा, ब्लाक अध्यक्ष माधव टाकसाले समेत राकेश श्रीवास्तव मौजूद थे।



### शासन ने रोक रखी है आरटीई की राशि

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को नहीं मिला बोनस, बांट दी गई प्रमाणपत्र

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन में तेंदू पत्ता संग्राहको को सत्र 2021-22 का बोनस प्रमाण पत्र तो दे दिया गया। लेकिन संग्राहको के खाता में सत्र 2022 का बोनस की राशि आज तक नहीं आया है, जिससे लगातार वन विभाग के चक्कर काटने के बाद नाराज संग्राहकों ने परेशान होकर सोमवार को कसडोल पत्रकार सदन में पत्रकारों के बीच उपस्थित होकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नाराजगी व्यक्त किया।

**नहीं मिला बोनस राशि**-उल्लेखनीय है कि पिछले 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रदेव राय की मुख्य आतिथ्य में 60 तेंदूपत्ता संग्राहक समिति के 55 हजार 880 तेंदूपत्ता हितग्राहियों को पारिश्रमिक के रूप में बकाया बोनस का कुल 14 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था और कहा गया था कि दो चार दिनों में बैंक खाता में पैसा आ जायेगा। इसमें कुछ हितग्राही ऐसे भी थे जो तेंदू पत्ता की बिक्री ज्यादा किये थे जिन्हें विभाग ने बाकायदा प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी दिया लेकिन अब उन्हें बोनस की राशि के लिए चक्कर कटवायज रहा है, जिससे तेंदू पत्ता के संग्राहक हितग्राही परेशान है, इधर संग्राहकों ने आरोप लगाया कि सरकार वाहवाही दिखाने के लिए बोनस के लिए प्रमाण पत्र बाटने के साथ अखबारों में भी खबर प्रकाशित कराया लेकिन सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ मजाक किया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों ने आगे कहा कि अगर सरकार आचार संहिता के पहले पैसा नही देती है, तो सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

**आदिवासी दिवस पर यह आंकड़ा हुआ था जारी**-विभाग द्वारा वर्ष 2023 के 24 समितियों के 19 हजार 591 हितग्राहियों को 6 करोड़ 40 लाख 71 हजार 920 रुपये, बोनस के रूप में >> शेष पृष्ठ 9 पर >



### नाराज संग्राहकों ने कसडोल पत्रकार सदन में ली पत्रकार वार्ता

# स्टालिन के विरोध में हिन्दू संगठनों ने किया चक्काजाम और फूंका पुतला



**महासमुंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। तमिलनाडू के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ सनातन धर्म के विरूद्ध की गई ब्यानबाजी के खिलाफ सर्व हिन्दू संगठनों ने नगर पालिका के सामने जमकर प्रदर्शन किया और सड़क जामकर धरने पर बैठ गए। पूर्व में संगठनों के सदस्यों ने स्टालिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सिटी कोतवाली पहुंचे जहां आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। किंतु एफआईआर दर्ज नही करने से नाराज सभी बाहर निकले और एनएच 353 जामकर बैठ गए इस दौरान जमकर स्टालिन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जाती रही। जाम की स्थिति देर शाम तक जारी रहा। इस बीच पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी प्रदर्शनकारियों से चर्चा करते रहे किंतु धरना-प्रदर्शन जारी रहा। प्रशासन ने जाम को देखते हुए वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया था इससे जाम की स्थिति नही बनी और अन्य रास्तों से आवागमन जारी रहा। शाम में तमिलनाडू के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन का पुतला भी दहन किया गया। चक्काजाम के दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू नगर पहुंचे थे और वे सीधे रवाना हो गए इससे नाराज संगठन के लोगों ने सांसद के खिलाफ भी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अधेड़ ने लगाई फांसी

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर। समीपस्थ ग्राम परसदा निवासी दिनेश कुमार साहू 50 वर्षीय ने अपने घर के कमरे में पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली । हालांकि खुदकुशी का कारण अज्ञात है।



# आप नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर विधायक कार्यालय का किया घेराव

**नवापारा-राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी प्रदेश कमेटी के निर्देश पर आम आदमी पार्टी अभनपुर विधानसभा के तत्वावधान में रविवार 3 सितम्बर को विधायक कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया। इसके पहले सभा का आयोजन किया। सभा में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से ग्रामवासी पहुंचे हुए थे। मंच में आप नेताओं ने भूपेश सरकार और विधायक धनेन्द्र साहू पर जमकर बरसे।

इस अवसर पर अभनपुर क्षेत्र के आप नेता मोहन चक्रधारी ने भूपेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र में वादा किया था उसे पूरा करने में भूपेश बघेल सरकार असफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व भूपेश बघेल द्वारा 2018 में चुनाव के समय प्रदेश की जनता के साथ गंगाजल की कसम खाकर अनेक वादे किए थे। जिसमें प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी, समस्त किसानों का सभी प्रकार के सम्पूर्ण कर्जमाफी व दो साल का बकाया धान का बोनस, महिला स्व सहायता समूहों का कर्ज-माफ अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण, बिजली बिल हाफजैसे 36 लोक-लुभावने वादा कर सरकार बनने के बाद 10 दिन मे पूर्ण करने की बात कही थी। लेकिन पांच वर्ष बीतने को को है, लेकिन इनका वादा अब भी अधूरा है। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी को सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना बताती है, लेकिन, गांव के गौठानों को छोड़कर गाय सड़कों पर घूम रहे हैं। यही सरकार की योजनाओं की हकीकत है। सरकार का रोक छेका अभियान भी असफल साबित हुआ है। चक्रधारी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार की सरकार बन गई है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर




**घोषणा पत्र को पूरा करने कांग्रेस सरकार असफल : मोहन चक्रधारी**

सरकार को कोई नियंत्रण नहीं है। चारी, लूटपाट, चाकूबाजी, दुराचार जैसे घटनाएं लगातार घट रही है।

आप नेता मोहन चक्रधारी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में असफल साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि अभनपुर क्षेत्र के अनेक गांवों में रेत खनन, मुरूम खनन, गांव-गांव शराब ब्रिकी हो रही। जिसे लेकर विधायक जी चुप्पी साधे हुए हैं। कहा कि कुर्रा से महानदी पुल तक का निर्माण कार्य अधूरा है, इस पर विधायक ध्यान नहीं दे रहे हैं। आप नेता रूखमणी साहू ने कहा कि कांग्रेस ने वायदा किया था राज्य में पूर्ण शराबबंदी करेंगे, लेकिन आज गली गली में शराब बिक रही है। शराबबंदी के नाम पर महिलाओं के साथ छल किया। प्रदेश को शराब की सबसे अधिक बिक्री करने वाला राज्य बना दिया है। शराब घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि घोषणा में ढेरों सपने दिखए सब अधूरे हैं। प्रदेश के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया। महतारी सम्मान योजना, सर्व विधवा पेंशन योजना, चिटफंड निवेशकों का पैसे वापिसी देने का वादा करके सरकार भूल गई। कार्यक्रम को किसान विंग प्रदेश अध्यक्ष आशीष चंद्राकर, लोकसभा सचिव पन्नू, जिला अध्यक्ष नंदन सिंह, किसान नेता तेजराम विद्रोही, मोहन चक्रधारी, अजय वर्मा, रूखमणी साहू, शकुंतला मंडले, जिला अध्यक्ष कलावती मार्को, अनुषा जोशेफ राजा ठाकुर, श्रवण यादव, राम भाई दीवान, अरविंद शर्मा, चमन यादव, संजय विश्वकर्मा, मस्तराम साहू, पारस निषाद सहित बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित थे। अंत में विधायक कार्यालय का घरोव कर तहसीलदार को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। सुरक्षा की दृष्टि से विधायक कार्यालय के पहले बैरिकेट लगाकर रास्ता रोका गया था।

# स्वास्थ्य कर्मियों के बर्खास्तगी के विरोध में फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारी अपने जायज मांगों को लेकर 15 दिनों से हड़ताल पर हैं राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों को मानने के बजाय उनकी बर्खास्तगी कि आदेश निकाल रहे हैं जिसका छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विरोध करते हुए आज राज्य के मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार श्रीमती शशि नर्मदा नायक को ज्ञापन सौंपा इस अवसर पर कर्मचारी नेताओं ने कहा राज्य सरकार शीघ्र ही स्वास्थ्य कर्मचारियों के मांगों को पूर्ण करें तथा उनकी बर्खास्त की के आदेश को रद्द करें ज्ञापन सौंपने वाले में यशवंत साहू कर्मचारी अधिकारी प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्र फेडरेशन के महासचिव एवं तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता जितेंद्र साहू हेमंत कुमार वर्मा देवेंद्र सिंह संजय साहू श्यामलाल साहू चंद्रभान चोटिया अविनाश साहू राजीव रंजन नाग दिनेश साहू श्रीमती लता मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

## बस स्टैंड नवापारा में हुडदंग करने वाले युवकों पर गोबरा नवापारा पुलिस की कार्रवाई

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय बस स्टैंड में तीन युवक हो हल्ला बदमाशी कर आने जाने वाले लोगो को परेशान करने की सूचना मुखबिर से मिलने की जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस थाने से सउनि बृजराज सिंह पेट्रोलिंग स्टाफके साथ रवाना होकर नवापारा बस स्टैंड में उन युवकों को समझाया किंतु पुलिस एवम आसपास के लोगो की समझाइश का उन युवकों पर कोई असर नही हुआ वे और उग्र व्यवहार करने लगे जिन्हे मौके से गिरफ्तार कर धारा 151.107.116(3) के तहत कार्यवाही कर न्यायालय अभनपुर में पेश किया गया. गिरफ्तार युवकों में सोनू सोनवानी पिता सुकालू सोनवानी उम्र 24 साल, किशन कुमार चंदेल पिता राजकुमार चंदेल उम्र 18 साल, दुर्गेश जांगड़े पिता सेवाराम जांगड़े उम्र 18 साल निवासी सतनामी पारा नवापारा हैं.



# शिक्षक महेत्तरलाल देवांगन राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान से सम्मानित



**बिलाईगढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शिखर साहित्य समिति रायपुर ग्राम्यांचल दोदेकला के तत्वाधान में गत दिवस राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 का आयोजन राजधानी रायपुर स्थित वृंदावन हॉल सिविल लाइन में किया गया इस कार्यक्रम मे विकासखंड बि लाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर शिवकुमार डहरिया नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़, अध्यक्षता केपी खांडे अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि अनीता योगेंद्र शर्मा विधायक धरसीवा एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जे आर सोनी पूर्व अध्यक्ष गुरु घासीदास शोधपीठ रायपुर थे इस अवसर पर देश के चयनित 75 विभूतियों को जो साहित्यिक, सांस्कृतिक,सामाजिक शैक्षणिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र राजस्थान एवं केरल के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# अभिरक्षा अवधि में जेल निरुद्ध आदिवासी युवक की मौत



**गरियाबंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। अतिक्रमण के मामले में गिरफ्तार एक आदिवासी युवक की अभिरक्षा अवधि में मौत के बाद आक्रोशित आदिवासी समाज ने सोमवार देर शाम पांच बजे जिला मुख्यालय गरियाबंद में नेशनल हाईवे 130 सी में तिरंगा चौक के पास चक्काजाम कर दिया। समाज ने युवक की मौत के लिए वन अमले को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर नारेबाजी की और डीएफओ और वन कर्मी को सस्पेंड करने के साथ पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा राशि देने की मांग में अड़ गए। इधर, चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमा मौके पर पहुंचा। समाज को समझाकर रास्ता बहाल करने की कोशिश की, परंतु देर रात 9 बजे समाचार लिखे जाने तक आदिवासी समाज का प्रदर्शन जारी था। मौके पर एएसपी डीसी पटेल, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राजेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के मुताबिक मृतक आदिवासी युवक का नाम भोजराम ध्रुव पिता चमरू ध्रुव बताया जा रहा है। बीते 28 अगस्त को वन अमले ने अतिक्रमण के मामले में उसे ग्राम झितरीडूमर से गिरफ्तार किया था। युवक न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल में निरुद्ध था। गिरफ्तारी के दो दिन बाद तबियत ख़राब होने के कारण उसे रायपुर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद युवक सदमे में था, ब्रेन हेमरेज होने से उसकी मौत होने के खबर है।

इधर, युवक की मौत की खबर लगते ही आदिवासी

- आदिवासी समाज में फूटा आक्रोश, देर शाम जिला मुख्यालय में नेशनल हाईवे 130 में किया चक्काजाम
- डीएफओ, वनकर्मी को सस्पेंड करने की मांग, 1 करोड़ मुआवजा को भी मांग
- वन विभाग ने किया वनकर्मी का तबादला

समाज एकजुट होकर वन अमले और उपजेल प्रशासन के विरोध में सड़क में उतर आया। समाज और परिजनों ने प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि युवक पहले से बीमार था, इसके बाद भी उसे गिरफ्तार किया गया, तबीयत खराब होने के बाद भी जेल में समुचित ध्यान नहीं दिया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने वन अमले पर जबरन प्रकरण दर्ज कर परेशान करने और मृतक के साथ मारपीट के आरोप भी लगाए है। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, मनीष ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे। इधर, वन विभाग के सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक युवक सहित चार ग्रामीण वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा कर रहे थे। वनकर्मी की समझाईश के बाद दो ग्रामीणों ने कब्जा हटा दिया था। जबकि मृतक सही एक अन्य ग्रामीण ने कब्जा हटाने से इनकार कर दिया और कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जिस पर वन कर्मी ने पीओआर काट दिया। दोनो को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भी दिया था। जिसके बाद ये घटना की जानकारी मिली।

## डीएमसी ने स्कूलों काऔचक निरीक्षण किया

सरायपाली, 4 सितम्बर (देशबंधु)। शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसडोल में डीएमसी महासमुंद कमल नारायण चंद्राकर बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल के द्वारा निरीक्षण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के शाला परिवार द्वारा, पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के बच्चों के लिए निर्मित मुस्कान पुस्तकालय का रख-रखाव एवं प्रिंट - रिंच वातावरण को देखकर डीएमसी महासमुंद चंद्राकर बहुत प्रसन्न हुए विकासखंड सरायपाली के सभी स्कूलों में बच्चों के लिए मुस्कान पुस्तकालय निर्माण के लिए कहा । साथ ही साथ उन्होंने पूरे स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और बेहतर स्कूल को बनाने का सुझाव दिया। इस प्रकार पूरा स्टाफ उत्साहित होकर और बेहतर काम करने का संकल्प लिए।

## सार-संक्षेप

### कृष्णा साहू ने मांगा कांग्रेस से टिकट



**कुरूद,** 4 सितंबर। ग्राम बानगर निवासी कृष्णा साहू ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेसी से टिकट की मांग की है.उन्होंने हमारे संवाददाता को बताया कि उनके पूर्वज कट्टर कांग्रेसी रहे हैं और आज भी वे कांग्रेस के लिए समर्पण भाव से काम कर रहे हैं. कभी किसी भी पद की लालसा नहीं की.कृष्ण साहू ने बताया कि अब वह समय आ चुका है कि कांग्रेस पार्टी से विधायक का चुनाव लड़ा जाए.श्री साहू ने बताया कि राजू साहू, चेतन साहू, धर्मेंद्र पटेल,रूपेश साहू,योगी साहू, अमृत साहू,घसिया पटेल, नंदू राम साहू,दिनेश यादव,हर प्रसाद यादव,सुजीत साहू, सुजीत यादव,लेखपालदीवान, टेकराम दीवान,खेमराज साहू,नेतराम साहू, किशन राम साहू,चंद्रहास साहू, नरेंद्र साहू,देवाराम साहू, पोषण साहू,कार्तिक राम साहू, दया लाल साहू,दयाराम पटेल, मोहन साहू, रोशन साहू,रोशन ध्रुव, बलराम ध्रुव,दूज राम ध्रुव, विशाली राम निर्मलकर,हेमंत नवरंगे,राजू कुर्रे और अमर साहू ने समर्थन दिया है।

### संत गुरु घासीदास कॉलेज में दो और विषयों की स्वीकृति



**कुरूद,** 4 सितंबर। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से संत गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में दो और विषयों कंप्यूटर साइंस एवं माइक्रोबायोलॉजी की कक्षाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है. जिसके लिए कॉलेज प्रशासन ने समस्त पालको एवं छात्र- छात्राओं तथा क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उपलब्धि प्राप्त करने पर विधायक अजय चंद्राकर का आभार माना है।

# बोईरगांव की महिलाओं ने गांव में अवैध शराब की बिक्री कर रहे ओड़िशा के कोचिए को पुलिस के सुपुर्द किया

**बागबाहरा**, 4 सितम्बर (देशबंधु)। कोमाखान थाने के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईरगाँव मे ओड़िशा के कोचिए द्वारा ओड़िशा ब्रांड अवैध महुआ शराब की बिक्री धड़ल्ले से कई महीनों से खुलेआम गांव में किया जा रहा था। जिससे ग्राम की महिलाए एवं छात्राएं काफी परेशान थीं। तथा यहां अवैध शराब की बिक्री के चलते गांव में शराबियों का मेला जैसे माहौल बना रहता था। शराबी लोग शराब पीकर गांव में हुड़दंग, गालीगलौच, एवं मारपीट करते थें। जिससे ग्रामीणजन काफी त्रस्त थें। इसी मामले को लेकर कल रविवार को इतवारी तिहार के मौके पर गांव की महिलाओं ने ग्राम पंचायत बोईरगाँव के युवा सरपंच वीरेंद्र महानन्द के नेतृत्व मे महिला समूह ने मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने बताया कि बोईरगाँव मे बीते कुछ महीनों से ओड़िशा निर्मित अवैध महुआ शराब को कुछ ओड़िशा के ही बिचौलिए के द्वारा लाकर गाँव के सीमा मे जंगल झाडी के बीच घूम- घूम कर शराब बेचा जा रहा था। जिससे गाँव में मंदिरा प्रेमियों का यहाँ ताँता लगा रहता था। ज़ब से गाँव मे ओड़िशा निर्मित शराब की बिक्री हो रही है। तब से गाँव के शराब प्रेमी लोग काम धंधे में ठीक से जाते नहीं थे। उल्टा घर मे रखे धान, चावल आदि को बेचकर शराब खरीद कर पी जाते थे। और घर में आकर लड़ाई झगड़ा एवं वाद -विवाद करने जैसे कृत्य करते थे। गांव के चौक-चौराहों मे शाम को शराबियों का अड्डा रहने की वजह से शाम होते ही महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो जाता था। गाँव मे शराब बिकने की वज़ह से जो बच्चे शराब नहीं पीते थे, वह भी शराब सेवन करना सीख गए थे। और घर मे किसी की बात सुनते नहीं थे। जिसके वज़ह से घर के बुजुर्गो पर अपने बच्चे की भविष्य की चिंता सताने लगी थी।हर रोज के इन्ही गतिविधियों से तंग आकर ग्राम बोईरगाँव की महिलाओ ने युवा सरपंच वीरेंद्र महानन्द से इस विषय मे त्वरित कार्रवाई के लिए आग्रह किया था। जिस पर सरपंच वीरेंद्र महानन्द ने महिलाओ के साथ मौके में जाकर ओड़िशा के कोचिए द्वारा अवैध महुआ शराब की बिक्री कर कोचिए को शराब के साथ रंगेहाथ पकड़कर कोमाखान पुलिस के हवाले कर दिया गया। उक्त कोचिए से शराब बेचने वाले को नाम पूछने पर कुलियाबान्धा ओड़िशा का निवासी बताया है। पकड़े गए उक्त कोचिए से दो बोरियों मे ओड़िशा निर्मित ज़ेब्रा छाप महुआ शराब जप्त की गई है। जिसे पुलिस ने जप्ती बनाकर कोचिए के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। साथ ही महिला समूह ने भविष्य मे अवैध शराब की बिक्री न हो, इसके लिये कोमाखान पुलिस को गाँव मे पेट्रोलिंग निरंतर करते रहने की बात की है।



# विद्युत ठेकेदार-अधिकारियों के द्वारा मानसिक व आर्थिक शोषण के कारण रविकुमार निर्मलकर ने लगाई फांसी

**मगरलोड,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड ग्राम अमलीडीह निवासी रवि कुमार निर्मलकर जो रायपुर चंगोराभाठा खैरखिटी में कार्यरत विद्युत ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था जो आज अपने नाना के यहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं परिजनों ने विद्युत ठेकेदार एवं अधिकारियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप लगाया है।



**रायपुर चंगोराभाठा में विद्युत ऑपरेटर के पद कार्य पर था**

मृतक रवि कुमार निर्मलकर चार दिन पहले से ही सुसाइड नोट लिखकर अपने स्टेटस में आत्महत्या करने का सुसाइड नोट लिखकर ठेकेदार और विद्युत अधिकारियों पर मानसिक आर्थिक रूप से शोषण करने का आप लगाया था। सैकड़ों कार्यरत दैनिक विद्युत ऑपरेटरो ने मगरलोड थाने में किया विद्युत ठेकेदार एई और जेई ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग। एफआईआर दर्ज नहीं होने पर विद्युत ऑपरेटर ने दी आंदोलन की चेतावनी विद्युत में काम करने वाले दैनिक ऑपरेटरो ने मृतक के परिवार को पर्याप्त मुआवजा के साथ परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। आंदोलन करने की चेतावनी देने वालों में जिलाध्यक्ष संजय सिंह उपाध्यक्ष नीलकमल साहू ब्लॉक अध्यक्ष बसंत साहू नरेंद्र साहू चुनेश्वर साहू कुंदन साहू मोरध्वज साहू बाबूलाल वर्मा कुंज बिहारी साहू देवव्रत साहू तोमन लाल साहू डोमन लाल साहू छेड़ना लाल मुरली साहू पारसमणी साहू शैलेंद्र साहू शशिकांत ध्रुव ने मगरलोड थाने में हल्ला बोल कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मुख्यमंत्री के आने की खबर...

न्यास एवं धर्मस्व मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सन् 2008 में प्रदेश के कैबिनेट में कृषि मंत्री दिए। इसी तरह से राजिम विधानसभा ने सन् 2000 से 2003 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिए उसके बाद भाजपा और कांग्रेस के चार चुनाव में दो बार विधायक अमितेश शुक्ल, चंदूलाल साहू एवं संतोष उपाध्याय रहे। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से जिले की मांग हो रही है लेकिन अभी तक यह मांग पूर्ण नहीं हुआ है। लोगों को पूरा विश्वास तथा नजर मुख्यमंत्री पर टिकी हुई है कि राजिम नवापारा को जिला की घोषणा करें।

### गांव की सभी बेटी एक...

चुने जाने पर विधायक रंजना साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महानदी महिला स्व सहायता समूह, गीतांजलि महिला स्व सहायता समूह, जय दुर्गा महिला स्व सहायता समूह, शीतला महिला स्व सहायता समूह, आदिवासी समाज की बहनें एवं यादव समाज की बहनों ने विभिन्न गीतों में नृत्य कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्णिमा बनपेला जनपद सदस्य, जागेश्वरी साहू जनपद सदस्य, रुपाली धूव जनपद सदस्य, लता साहू, गुंजा साहू, ललिता कन्नडा वरिष्ठ, दीप लता धूव पूर्व सरपंच, ईश्वरी साहू, स्वाती लक्ष्मी, विद्या साहू, सुनीता वर्मा, गंगा साहू, पूजा मानिकपुरी, सुनीता वर्मा, तिलेश्वरी, नीता यादव, स्व सहायता समूह के सभी बहने एवं गांव की माता बहनें उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत समस्त गांव की माता बहनों के लिए भोजन की व्यवस्था ग्राम पंचायत सरपंच अनिता यादव के द्वारा किया गया था।

### आबकारी अमले द्वारा...

मसाला जप्त कर प्रकरण 34(1), (ख) बनाया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री वैभव मित्तल सहित आबकारी अमला मौजूद रहा।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को नहीं...

2021 के रूप में 19 समितियों के 19 हजार 245 हितग्राहियों को 2 करोड़ 65 लाख 63 हजार 792 रुपये एवं वर्ष 2022 के 17 समितियों के 17 हजार 44 हितग्राहियों को 5 करोड़ 14 लाख 59 हजार 483 रुपये शामिल है। इसी तरह 59 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र सहित,1 गांव कसडोल अंतर्गत ग्राम गबोद के ग्रामीणों को सामुदायिक वन अधिकार संसधान पत्र प्रदान करने की बात कही गई थी लेकिन अब तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस की राशि नही मिलने पर आक्रोशित नजर आ रहे है। पत्रकार वार्ता के दौरान तेंदूपत्ता संग्राहक संघ जिला बलौदाबाजार के सदस्य लोक नाथ रात्रे, मोहन सिंह भारद्वाज, अश्वनी कैवर्त्य, पुरुषोत्तम प्रभाकर, रामू सिंह ध्रुव, मैकू राम ध्रुव, राजकुमार दीवान, खुद राम ठाकुर, प्रताप कुमार सोनवानी, उमेश कुमार ठाकुर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहें।

इनका कहना है- ''कांग्रेस की सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रसस्ति पत्र देकर ठगा है, आज 25 दिन निकल गया लेकिन संग्राहकों को बोनस की राशि नही मिला है, अगर सरकार जल्द राशि नही देती तो प्रदर्शन किया जायेग-लोकनाथ रात्रे, सैयाभाठा समिति''

''तेंदूपत्ता संग्राहकों के कुछ लोगों का पैसा आ गया है, बाकी लोगों का पैसा भी आज कल में आ जायेगा- मयंक अग्रवाल, डीएफओ, बलौदाबाजार वनमंडल''

स्टालिन के विरोध में...

नारेबाजी की। नव वर्ष आयोजन समिति के विक्रम ठाकुर ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चक्काजाम रहा। इस बीच पुलिस प्रशसन द्वारा 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया गया पश्चात आंदोलनकारियों ने चक्काजाम स्थगित किया।

# कोलता समाज कुल कार्यकारिणी सभा की बैठक

**सरायपाली**, 4 सितंबर (देशबंधु)बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी सभा रायपुर की बैठक गढ़फुलझर स्थित माँ रामचंडी मंदिर परिसर में अध्यक्ष गिरधारी साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में आगामी नवाखाई मिलन समारोह, शारदीय नवरात्र एवं रामचंडी दिवस विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वप्रथम माँ रामचंडी की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। कोलता समाज द्वारा प्रतिवर्ष नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन रखा जाता है। पिछले समय कोरोना की वजह से नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन नहीं हो पा रहा था।

इस वर्ष पुन: इस परंपरा को प्रतिस्थापित करने का निर्णय लेते हुए इस वर्ष नवाखाई मिलन समारोह झिलमिला (सरायपाली) शाखा सभा में आगामी 24 सितंबर को प्रस्तावित किया गया है। नवाखाई मिलन समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक सम्मान किया जाएगा साथ में कक्षा 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। आगामी 15 सितंबर तक विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों से जानकारी आमंत्रित किया गया है। इसी तरह शारदीय नवरात्र को बड़े धूमधाम से मनाने एवं मंदिर परिसर में नौ दिनों तक भजन, कीर्तन, बैठकी, भागवत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। नौ दिनों तक मां के दरबार में मनोकामना ज्योत जलाने का भी निर्णय लिया गया है। इसके लिए रसीद बुक के माध्यम से दान राशि एकत्रित किये जाने का निर्णय लिया गया है। रसीद बुक का वितरण कुल कार्यकारिणी पदाधिकारीगण एवं मंदिर समिति के पदाधिकारीकरण द्वारा आंचलिक सभा एवं शाखा सभा में दौरा करके किए जाने का निर्णय लिया गया। चँार महीने के शुक्ल चतुर्दशी के दिन रामचंडी दिवस के अवसर पर बृहद सामाजिक सम्मेलन का आयोजन रखने का निर्णय लिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रुकू सुना आर्केस्ट्रा पार्टी को आमंत्रित करने का सुझाव समाज जनों द्वारा दिया गया।

विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रसाद (भंडारा) का वितरण किया जायेगा। भोजन बनाने एवं वितरण व्यवस्था की जिम्मेदारी लेने की घोषणा पिथोड़ा आंचलिक सभा एवं समस्त शाखा सभा ने ली जिस पर सभी ने स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी संरक्षक हरीचरण प्रधान, उपाध्यक्ष प्रवीण प्रधान, महामंत्री मथामणी बढ़ाई, सलाहकार संतोष साहू, संभागीय चुनाव अधिकारी नंदकिशोर भोई, सचिव ललित कुमार साहू, विजय विशाल, रंकमणी प्रधान, विधिक सलाहकार दिलीप भोई, सरायपाली आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू, बसना आंचलिक अध्यक्ष भोजराज प्रधान, मंदिर समिति अध्यक्ष चन्द्रकांत भोई,युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष राजेश प्रधान, महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष त्रिवेणी बढ़ाई, सभापति गण सहित, संभागीय, आंचलिक सभा ,शाखा सभा, प्रकोष्ट, मंदिर समिति पदाधिकारी सहित सदस्य गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कार्यकारिणी मिडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों ने आज आयोजित किया माह का प्रथम रविवार 10 बजे 10 मिनट अपने पूर्वजों के नाम कार्यक्रम



**खरोरा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय संगठन के नेतृत्व में देशभर में आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत आज 3 सितंबर 2023 को मांह के प्रथम रविवार को 10 बजे 10 मिनट अपने पूर्वजों के नाम कार्यक्रम का आयोजन डंगनिया स्थित जोशी बहनों के निवास स्थान पर आयोजित किया गया कार्यक्रम में शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रगान एवं राष्ट्र भक्ति गीतों का गान किया गया । कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री विष्णु दत्त जोशी के जीवन वृतांत का वाचन किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक महान इतिहासकार सर्वश्री रमेंद्र नाथ मिश्रा जी ,संस्था के संरक्षण सुरेश मिश्रा जी ,अशोक रायचा , विनोद अग्रवाल ,महेश दुबे , राजेंद्र चतुर्वेदी, राजेश अग्रवाल , श्रीमती पुष्प लता तिवारी,श्रीमती शशि पांडे ,श्रीमती रेखा जल छतरी ,श्रीमती सावित्री कहार, श्रीमती लक्ष्मी नाग, सुश्री राम जोशी श्रीमती रेखा जोशी श्रीमती जोशी एवं उनके परिवारजन, बड़ी संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी ,मोहल्ला वासी एवं कलाकार गण उपस्थित रहे। एक दुखद घटना यह रही कि आज ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री मिश्रीलाल राठौर जी की धर्मपत्नी वीरांगना श्रीमती शांति देवी राठौर का निधन हो गया उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कार्यक्रम समाप्त कर, संस्था के सदस्य उनकी अंतिम क्रिया में शामिल हुए।


जीवेत् शरदः शतम्
मान. प्रमोद सेवनलाल चन्द्राकर जी
अध्यक्ष जिला लघुवनोपज संघ मर्या.
महासमुन्द
5 सितंबर 2023
मान. विनोद सेवनलाल चंद्राकर
संसदीय सचिव व विधायक महासमुंद
महासमुन्द विधानसभा के यशस्वी विधायक
एवं संसदीय सचिव
परम श्रद्धेय श्री विनोद सेवनलाल चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की
अशेष बधाई... हार्दिक शुभेच्छा...
राहूल चंद्राकर (गोलू)
जयंत पींचा (बंटी)
रितेश चंद्राकर
चन्द्रशेखर चंद्राकर
प्रिंस चंद्राकर


छ.ग. सिंधी साहित्य अकादमी अध्यक्ष
श्री राम गिडलानी जी
को जन्म दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामना
महेश वाधवानी
श्रीराम गिडलानी
विनीत : भारत टायर्स तिल्दा-नेवरा


महासमुन्द विधानसभा के यशस्वी विधायक एवं संसदीय सचिव (छ.ग.शासन)
मान.विनोद सेवनलाल चन्द्राकर जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
05 सितंबर
2023
मान. विनोद चन्द्राकर
संसदीय सचिव छ.ग.शासन
तिरमनी ध्रुव
उपसरपंच
ओम प्रकाश साहू
सचिव
श्रीमती जय सुधा हेमंत चन्द्राकर
सरपंच
रुखमणी यादव
पंच वार्ड नं.01
सुशीला ध्रुव
पंच वार्ड नं.02
अमृतबाई ध्रुव
पंच वार्ड नं.03
श्रीराम ध्रुव
पंच वार्ड नं.04
रेखा चन्द्राकर
पंच वार्ड नं.05
सोनिया यादव
पंच वार्ड नं.06
भागीरथी चन्द्राकर
पंच वार्ड नं.07
लेखाबाई ध्रुव
पंच वार्ड नं.08
पुनारद सौंवरा
पंच वार्ड नं.09
नरेश चन्द्राकर
पंच वार्ड नं.10
शिव सौंवरा
पंच वार्ड नं.12
डुमन सबर
पंच वार्ड नं.13
सेवक राम सबर
चपरासी
विनीतः ग्राम पंचायत उमरदा,वि-खं. महासमुन्द

CMYK